{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
शुक्रवार 20 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल 03 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 148
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 83,734.25 |
| निफ्टी | - | 25,819.35 |
| सोना | - | 1,54,200 |
| चांदी | - | 2,55,000 |
| डॉलर | - | 90.69 |

## खास खबर

### फ्लाइट में हंगामा किया तो लगेगा बैन

नई दिल्ली। फ्लाइट में बदसलूकी करने वाले पैसेंजर्स को एयरलाइंस अब सीधे 30 दिन के लिए बैन कर सकेंगी। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने हंगामा करने वाले यात्रियों से निपटने के लिए कड़े नियमों का सुझाव दिया है। नए प्रस्ताव में डीजीसीए सभी एयरलाइंस को पैसेंजर्स पर डायरेक्ट कार्रवाई करने की पॉवर दे रही है। मौजूदा नियमों के मुताबिक, फ्लाइट में हंगामा करने वाले पैसेंजर्स की शिकायत सामने आने पर पहले जांच कमेटी बनती थी। इस दौरान एयरलाइंस को यात्रियों पर 45 दिन तक बैन लगाने की परमीशन मिलती थी। लेकिन नए नियमों में जांच कमेटी की जरूरत नहीं है। डीजीसीए ने अपने बदले हुए नियमों में जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाई गई है। ड्राफ्ट में कहा कि नए नियमों का मकसद एयरक्राफ्ट, लोगों और प्रॉपर्टी की सुरक्षा सुनिश्चित करना, साथ ही एयरक्राफ्ट में अच्छा ऑर्डर और डिसिप्लिन बनाए रखना है।

### जेईई मेंस में जुड़वा भाइयों ने हासिल किए 99.99 फीसदीअंक

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर के जुड़वां भाई महरूफ अहमद खान और मसरूर अहमद खान ने जेईई मेंस जैसी कठिन परीक्षा में 99.99 प्रतिशताइल हासिल कर नया इतिहास रचा है। दोनों ने एक ही शिफ्ट में पेपर दिया और 300 में से 285 नंबर हासिल किए। दोनों भाई कोटा के एलन करियर इंस्टीट्यूट के छात्र हैं। 7 मई 2008 को जन्मे महरूफ और मसरूर ने स्कूल से लेकर कोचिंग तक हमेशा साथ पढ़ाई की। उनकी पढ़ाई की यह जोड़ी इतनी सुसंगठित थी कि उनकी आदतें भी लगभग एक जैसी थीं। इनकी सफलता के पीछे सबसे बड़ा योगदान उनकी मां डॉ. जीनत बेगम का है। उन्होंने अपने करियर को छोड़कर बच्चों की पढ़ाई पर पूरा ध्यान दिया। डॉ. जीनत ने कहा कि बच्चों को कभी अकेला महसूस न हो, इसलिए उन्होंने खुद को उनकी पढ़ाई में पूरी तरह समर्पित कर दिया।

### गगनयान मिशन के ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन टेस्ट सफल

चंडीगढ़। भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हुआ। क्वालिफिकेशन लेवल टेस्ट में अधिकतम उड़ान भार से ज्यादा लोड डालकर पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा मार्जिन की जांच की गई। इस टेस्ट के बाद पक्का हुआ कि भारत मजबूत और बड़ी क्षमता वाले रिबन पैराशूट को डिजाइन और बनाने में पूरी तरह सक्षम है। साथ ही पैराशूट असली मिशन जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित

### कुछ ना कहना




मुफ्त की योजनाओं पर सुप्रीम टिप्पणी

### सबको फ्री सुविधाएं बांटना गलत, फ्री खाना मिलेगा तो लोग काम क्यों करेंगे... मुफ्त बिजली-पानी देने से काम करने की आदत ही खत्म हो जाएगी, कहा

# सरकारें रेवड़ी नहीं रोजगार के अवसर करें पैदा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु बिजली बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, तमिलनाडु बिजली बोर्ड उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का वादा कर रहा है। वहीं एक मुकदमे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी की है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्यों में अपनाई गई मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति आर्थिक विकास में बाधा डालती है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत समेत जजों ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा ज्यादातर राज्य पहले से ही घाटे में हैं, फिर भी विकास को छोड़कर मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। कोर्ट ने साफ कहा- जो लोग भुगतान नहीं कर सकते, उन्हें सहायता देना समझ में आता है। लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त देना गलत नीति है। इस दौरान कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा अगर सुबह से शाम तक मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली मिलती रही तो लोगों में काम करने की भावना कम हो जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं।



#### कोर्ट का राज्यों को दी सलाह और पूछा सवाल

वहीं कोर्ट ने राज्यों को सलाह दी कि मुफ्त चीजें बांटने के बजाय, रोजगार के अवसर पैदा करने पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा, भारत में हम कैसी संस्कृति बना रहे हैं? क्या यह वोट पाने की नीति नहीं बन जाएगी? फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। अब अगली सुनवाई में तय होगा कि ऐसे मुफ्त बिजली योजनाओं पर क्या नियम लागू होंगे। यह मामला इसलिए बड़ा है क्योंकि कई राज्यों में चुनाव से पहले मुफ्त योजनाएं घोषित होती हैं और इससे सरकारी खर्च बढ़ता है, जिससे आर्थिक संतुलन बिगडने का खतरा रहता है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ संदेश दिया है कि गरीबों की मदद जरूरी है, लेकिन बिना सोच-समझ सबको मुफ्त सुविधाएं देना देश के विकास के लिए सही नहीं है।

#### देश के राज्यों में चल रही मुफ्त की योजनाएं

- बिजली से जुड़ी मुफ्त / सब्सिडी योजनाएं

**दिल्ली** - प्रति माह लगभग 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली (600-700 हजार उपभोक्ता लाभान्वित)

**पंजाब** - प्रति घर 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

**झारखंड** - प्रति माह 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली

**राजस्थान**- चयनित परिवारों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

**हिमाचल प्रदेश** - 125 यूनिट तक मुफ्त

बिहार - 125 यूनिट तक मुफ्त (नई घोषणा)

**तेलंगाना / आंध्र प्रदेश / पंजाब ( कृषि )** - किसानों के लिए बिजली मुफ्त कृषि उपयोग के रूप में दी जाती है

#### -अन्य मुफ्त/सहायता योजनाएं

**दिल्ली**
महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा
पानी मुफ्त / सब्सिडी (स्थानीय योजना)

**मध्य प्रदेश**
लाड़ली बहना योजना= महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता
मेधावी लड़कियों को स्कूटी मुफ्त

**तमिलनाडु**
महिलाओं को मासिक सहायता
सार्वजनिक परिवहन में अन्य सुविधाएं

**छत्तीसगढ़**
गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी

**हरियाणा**
महिलाओं को हर महीने आर्थिक मदद

#### मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टिकरण की नीति नहीं

जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा, हम भारत में कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं? यह समझ में आता है कि कल्याणकारी योजना के तहत आप उन लोगों को राहत दें जो बिजली का बिल नहीं चुका सकते। लेकिन जो लोग भुगतान करने में सक्षम हैं और जो नहीं हैं, उनके बीच कोई फर्क किए बिना मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टिकरण की नीति नहीं है? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कंपनी ने 2024 के विद्युत संशोधन नियमों के नियम 23 को चुनौती दी है। इसमें उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो-महीने में लगभग 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देती है, बिना किसी शर्त के यानी उपभोक्ता चाहे कितना भी खर्च करे, पहली 100 यूनिट के लिए बिल नहीं देना होता। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि बिजली दरों की घोषणा के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक मुफ्त बिजली देने का फैसला क्यों किया।

## पीएसीएल लिमिटेड की करीब 10,021.46 करोड़ रुपये की 247 अंचल संपत्तियों को ईडी ने किया कुर्क

नई दिल्ली। ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने पल्स इंडिया मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। दिल्ली जोनल ऑफिस-सेंकड ने इस केस से जुड़ी 247 अंचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। इन संपत्तियों की मार्केट वैल्यू करीब 10,021.46 करोड़ रुपये आंकी गई है। जांच एजेंसी ने यह कदम प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत उठाया है। यह कार्रवाई उन करोड़ों निवेशकों के लिए एक उम्मीद की किरण बनकर आई है, जिनका पैसा सालों से इस स्कीम में फंसा हुआ है। कुर्क की गई ज्यादातर संपत्तियां पंजाब के एसएएस नगर, रूपनगर, जीरकपुर और मोहाली जैसे प्राइम लोकेशन पर स्थित हैं। ईडी की कार्रवाई से उन जालसाजों में हड़कंप मच गया है, जो निवेशकों की खून-पसीने की कमाई को हड़पकर बैठे थे।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि उसने पीएसीएल लिमिटेड और संबंधित संस्थाओं के खिलाफ 48,000 करोड़ रुपये के वित्तीय धोखाधड़ी मामले के संबंध में 10,021.46 करोड़ रुपये मूल्य की 247 अंचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है।

एजेंसी अधिकारी ने कहा कि ये संपत्तियां पंजाब के एसएएस नगर, रूपनगर, ज़ीरकपुर और मोहाली में स्थित हैं। इस मामले में अब तक कुल कुर्की करीब 17,610 करोड़ है, जिसमें 2018 में ऑस्ट्रेलिया में कुर्क की गई 462 करोड़ की दो अंचल संपत्तियां भी शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 19 फरवरी, 2014 को दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के आधार पर एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कार्रवाई की है। सीबीआई ने व्यक्तियों और कंपनियों सहित 33 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र और पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है।

## पीएम मोदी के साथ ग्रुप फोटो के वक्त सैम और डारियो अमोडेई के बीच दिखी नाराजगी



नई दिल्ली। इंडिया एआई इम्पैट समिट में एक छोटा सा पल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। गुरुवार को ग्रुप फोटो के वक्त पीएम मोदी और दूसरे टेक लीडर्स ने एक साथ मिलकर हाथ उठाया। तभी ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और एन्थ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोडेई ने एक-दूसरों की तरह हाथ पकड़ने की बजाय हाथ ऊपर उठा लिया।

सैम और डारियो अमोडेई के बीच का ये ऑकवर्ड मोमेंट कैमरे में कैद हुआ और यह पल तुरंत चर्चा का विषय बन गया। इंटरनेट पर इस मामले को लेकर कई तरह के मीम्स बना रहे हैं और वीडियो वायरल हो गया। रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट में इस दोनों कंपनियों के बीच पुराने प्रोफेशनल टकराव से जोड़ कर देखा गया। ओपनएआई का फोकस तेज प्रोडक्ट लांच और बड़े पैमाने पर यूजर तक पहुंच पर रहा है। वहीं एन्थ्रोपिक शुरू से सेफ्टी और जिम्मेदार इस्तेमाल पर ज्यादा जोर देता आया है। इसी सोच के फर्क को लोग इस पल से जोड़ कर देख रहे हैं हालांकि दोनों की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

सैम ऑल्टमैन और डारियो अमोडेई के बीच तनाव की कहानी नई नहीं है। अमोडेई पहले ओपन एआई में सीनियर पोजिशन पर काम कर चुके हैं। इसके बाद में उन्होंने अपने कुछ साथियों के साथ एन्थ्रोपिकशुरू किया। उस वक्त वजह सामने आई थी कि एआई को कितनी तेजी से आगे बढ़ाया जाए और सेफ्टी को कितना प्राथमिकता दी जाए। इसी सोच के फर्क ने दोनों कंपनियों को अलग रास्तों पर खड़ा कर दिया। तब से ओपन एआई और एन्थ्रोपिक को एआई रेस में एक-दूसरे का बड़ा कॉम्पिटीटर माना जाता है।

सोशल मीडिया पर इस पल को लेकर मीम्स और जोक्स की बाढ़ आ गई। कुछ यूजर्स ने इस पल को एआई इंडस्ट्री की 'कोल्ड वॉर' जैसा बताया। वहीं कई लोगों का कहना है कि यह बस एक लम्हा था, जिसे जरूरत से ज्यादा तूल दिया जा रहा है। मंच पर मौजूद बाकी लीडर्स ने एकता का इशारा किया, लेकिन यह छोटा सा अलग व्यवहार कैमरे में कैद हो गया और सुर्खियों में आ गया।

## 10 साल से पुरानी डीजल और 15 साल से अधिक पुरानी पेट्रोल गाड़ियां...दिल्ली सरकार करेगी जब्त

नई दिल्ली। दिल्ली परिवहन विभाग ने राजधानी में तय उम्र पार कर चुकी गाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली है। दिल्ली सरकार की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार अब 10 साल से अधिक पुरानी डीजल और 15 साल से अधिक पुरानी पेट्रोल गाड़ियां, जिन्हें 'एंड ऑफ लाइफ व्हीकल' माना गया है, बिना किसी पूर्व नोटिस के जब्त हो सकती हैं। यह कार्रवाई केवल सड़कों पर चल रही गाड़ियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पार्किंग, खुले मैदान या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर खड़े वाहनों पर लागू होगी।

दिल्ली परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित आयु सीमा पूरी कर चुकी गाड़ियों को दिल्ली में रखने की अनुमति नहीं है। यदि ऐसी गाड़ियां राजधानी में दिखाई देती हैं, तब उन्हें कानून के तहत जब्त कर सीधे स्क्रैप (कबाड़) के लिए भेजा जा सकता है। यह कदम वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और पर्यावरण मानकों के सख्त पालन के उद्देश्य से उठाया जा रहा है।

## नई दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर तकनीकी खराबी...यात्रियों को लंबी लाइनों और देरी का सामना करना पड़ा

नई दिल्ली। नई दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह तकनीकी खराबी के चलते हड़कंप मच गया। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयरलाइंस द्वारा बुकिंग और चेक-इन के लिए इस्तेमाल होने वाले नेविटेयर सिस्टम के सर्वर में समस्या आ गई। इस वजह से यात्रियों को लंबी लाइनों और देरी का सामना करना पड़ा। दिल्ली एयरपोर्ट पर यह खराबी सुबह करीब 6:45 बजे सामने आई और तकनीकी टीम ने करीब 7:30 बजे तक ठीक किया। इस दौरान एयरलाइंस को यात्रियों की जानकारी मैनुअल रूप से अपडेट करनी पड़ी, जिससे सुबह की भीड़ में असुविधा बढ़ गई और कुछ उड़ानें प्रभावित हुईं। इसतरह मुंबई एयरपोर्ट पर भी ऐसी स्थिति देखी गई। नेविटेयर सिस्टम की खराबी के कारण यात्रियों को चेक-इन काउंटर पर लंबा इंतजार करना पड़ा और भीड़भाड़ की शिकायतें सामने आईं। नेविटेयर सिस्टम एयरलाइन टिकट बुकिंग, चेक-इन और बोर्डिंग जैसी सुविधाओं के लिए अत्यंत जरुरी है। इसके ठप होने पर एयरलाइंस यात्रियों को समय पर सेवा देने में असमर्थ होती हैं, इससे देरी और अव्यवस्था होती है।

बीते साल नवंबर में भी कई एयरपोर्ट पर तकनीकी गड़बड़ी के मामले सामने आए थे। दिल्ली के आईजीआईए पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल प्रणाली में खराबी के कारण उड़ान संचालन बाधित हुआ था। इसके बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने मामले पर स्पष्टीकरण दिया था। इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि एयरपोर्ट और एयरलाइंस के लिए तकनीकी सिस्टम की स्थिरता बेहद जरूरी है, और ऐसी खामियों से यात्रियों को असुविधा उठानी पड़ती है।

## संघ बीजेपी का रिमोट कंट्रोल नहीं, यह कहना गलत संघ बीजेपी को चलाता- भागवत

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष को लेकर कार्यक्रमों की श्रृंखला में संघ प्रमुख मोहन भागवत लखनऊ दौरे पर हैं। इस दौरान भागवत ने बुधवार को कहा कि संघ बीजेपी का रिमोट कंट्रोल नहीं है। संघ के स्वयंसेवक बीजेपी में जाते हैं और पार्टी में सियासी तौर पर आगे भी बढ़े हैं, लेकिन यह कहना गलत है कि संघ बीजेपी को चलाता है। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में भागवत ने बीजेपी और आरएसएस के संबंधों पर बात की। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक अलग-अलग क्षेत्रों में जाते हैं, उसमें से कुछ स्वयंसेवक राजनीति में भी सक्रिय होते हैं, लेकिन यह कहना गलत है कि संघ बीजेपी को चलाता है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि बीजेपी का विरोध करने वाले लोग ही आरएसएस का विरोध करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोहन भागवत ने परिवार और संस्कार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार भले कम हो गए हों, लेकिन रिश्तों की भावना बनी रहनी चाहिए।



## केंद्र ने चेताया- मीडिया से 'गोपनीय' जानकारी साझा करने वाले अधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सभी मंत्रालयों और विभागों के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि मीडिया के साथ 'गोपनीय/संवेदनशील' जानकारी साझा करने पर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत कार्रवाई की जा सकती है. यह संदेश पिछले महीने गृह मंत्रालय द्वारा सभी मंत्रालयों और विभागों के सचिवों को भेजे गए एक गोपनीय नोट (classified note) के ज़रिए दिया गया है।

गृह मंत्रालय ने 28 साल पहले जारी एक परिपत्र को अपडेट किया है और उसमें ओएसए के तहत कार्रवाई की चेतावनी जोड़ी है।

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, परिपत्र में कहा गया है, 'यह कदम संवेदनशील सूचनाओं के अनधिकृत या अवांछनीय तत्वों तक लीक होने की घटनाओं में अचानक वृद्धि के मद्देनज़र उठाया गया है, जो संपूर्ण राष्ट्रीय हित और सुरक्षा को खतरे में डाल सकती हैं और सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा कर सकती हैं।' अख़बार के मुताबिक, यह परिपत्र 'मीडिया के साथ किसी भी अनधिकृत संवाद' पर भी लागू होता है. इसमें कहा गया है कि ऐसे मामलों में 'उचित कार्रवाई' की जानी चाहिए. हालांकि, यह प्रावधान अधिकृत प्रवक्ताओं पर लागू नहीं होगा। रिपोर्ट में नाम न बताने की शर्त पर बात करने वाले सूत्रों के हवाले से कहा गया है, 'सरकारी सेवकों का यह कर्तव्य है कि आधिकारिक कार्यों के दौरान जिन सूचनाओं और दस्तावेज़ों तक उनकी पहुंच होती है, उनकी सुरक्षा करें. मीडिया के साथ किसी भी अनधिकृत संवाद पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए और यदि कोई गोपनीय/संवेदनशील जानकारी साझा की जाती है, तब आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई पर विचार किया जाना चाहिए।' अख़बार ने पीआईबी और गृह मंत्रालय के प्रवक्ताओं से संपर्क किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। दिसंबर 1998 में जारी मूल परिपत्र में ओएसए का कोई उल्लेख नहीं था और वह सलाह देने वाली प्रकृति का था. परिपत्र में कहा गया है, 'यह दोहराया जाता है कि किसी सरकारी सेवक द्वारा इस तरह की चूक सीसीएस (आचरण) नियमों के नियम 11 का स्पष्ट उल्लंघन है।' रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी नोट में अधिकारियों से कहा गया है कि वे पत्रकारों के किसी भी सवाल को प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) की ओर भेजें या जवाब देने से पहले सचिव की अनुमति लें।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों की कार्रवाई, मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर

रायपुर। बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जानें की खबर है। यह कार्रवाई जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जंगल क्षेत्र में नक्सलियों ने पहले सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू की थी। इसके जवाब में जवानों ने भी तुरंत मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से हुई भीषण मुठभेड़ में पांच नक्सली मौके पर ही ढेर हो गए। सुरक्षाबलों को इस अभियान में बड़ी सफलता मिली है। 214 नक्सली ठिकानों और बंकरों को ध्वस्त करने की भी जानकारी मिल रही है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। यह कार्रवाई नक्सलियों के नेटवर्क को कमजोर करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

### नक्सलियों की मौजूदगी की मिली थी सूचना

सुरक्षाबलों को बीजापुर के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी। इसके बाद जवानों ने इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान ही नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने अपनी रणनीति के तहत जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस मुठभेड़ में पांच खूंखार नक्सली मारे गए, जिससे क्षेत्र में शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी। बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों का नक्सल विरोधी अभियान तेज गति से चल रहा है। पिछले चार दिनों में जवानों ने 214 नक्सली ठिकानों और बंकरों को सफलतापूर्वक नष्ट किया है। यह कार्रवाई नक्सलियों की कमर तोडने में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। बरामद विस्फोटक सामग्री से नक्सलियों की बड़ी साजिशों को विफल किया गया है। सुरक्षाबलों की यह लगातार कार्रवाई क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में प्रभावी सिद्ध हो रही है।

# जान जोखिम में डाल, सुरक्षा उपकरणों के बिना आग बुझा रहे दमकल कर्मी

## एक शिफ्ट के लिए आवश्यकता 25 लोगों की, इधर 3 शिफ्ट में काम कर रहे 24 लोग

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**फरवरी माह के दूसरे सप्ताह से मौसम में बदलाव के साथ धीरे-धीरे ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत हो रही है।जहा हल्का गर्म मौसम और पतझड़ शुरू होने के चलते जगह-जगह आगजनी की घटनाएं बढ़ने की भी आशंका बढ़ गई है।क्योंकि यह वही मौसम है जिसमे अक्सर आग लगने का सिलसिला शुरू हो जाता है।जो पुरे ग्रीष्मकालीन सीजन तक बना रहता है।जहा कभी किसी फैक्ट्री, मकान, दुकान तो कभी किसानों की फसलों में आग लग जाती है।ऐसे समय मे बचाव के लिए हर किसी की निगाह दमकल कर्मचारियों पर होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जब दमकल विभाग का निरीक्षण किया गया तो कई तरह के तथ्य सामने आए, जो कल्पना की भी परे थे।अग्निशमन दमकल विभाग के इस निरीक्षण में जहां एक ओर मानव संसाधन ( कर्मचारियों ) की भारी कमी देखने को मिली, तो वही आग बुझाने में लगने वाले उपकरण भी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिले। इसके अलावा दमकल कर्मचारियों की सुरक्षा के भी माकूल इंतजाम विभागीय कर्मचारियों के लिए नहीं किए गए हैं।ऐसे में यदि कोई बड़ा हादसा हो जाए या फिर इस सीजन में एक साथ अलग-अलग जगहो पर भीषण आगजनी की कई घटनाए हो जाए तो फिर इस आगजनी पर काबू पाना मुश्किल हो सकता है और इस आगजनी से भारी जान माल का नुकसान उठाना पड़ सकता है।**



### जिले में फायर ब्रिगेड की स्थिति, सभी जगह दमकल वाहनों की कमी

बालाघाट दमकल विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बालाघाट जिले में दमकल वाहनों की कमी, पूर्व से ही बनी हुई है तो वही जिले के सभी 10 ब्लॉकों में से कुछ ब्लाकों को छोड़कर अन्य सभी ब्लाकों में दमकल वाहन नहीं है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट जिला मुख्यालय में 04 दमकल वाहन है ,जिसमें से 01 दमकल वाहन क्षतिग्रस्त हो चुका है, ऐसे कुल 03 दमकल वाहन और 1 रेस्क्यू वाहन को मिलाकर 04 वाहन विभाग में है। तो वही वारासिवनी नगर पालिका 02 वाहनों के भरोसे चल रही है। वही कटंगी में सिर्फ 01 दमकल वाहन है तो वही लांजी में 02 दमकल वाहन मौजूद है। इसके अलावा मलाजखंड नगर पालिका में 01 दमकल वाहन और मलाजखंड माइंस में 02 दमकल वाहन की व्यवस्था बनाई गई है। जबकि बैहर नगरपालिका में महज 01 दमकल वाहन की व्यवस्था है। जबकि जिले के अन्य ब्लॉकों में दमकल वाहन नहीं है,जिसके चलते कोई घटना होने पर, जिन जगहों दमकल वाहन है वहीं से दमकल वाहन आगजनी के समय उन ब्लॉकों में बुलाए जाते है।जहां जाकर कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाने का काम दमकल कर्मियों द्वारा किया जाता है।जिसमे कई बार दूरी अधिक होने के चलते भारी जानमाल का नुकसान भी उठाना पड़ता है।कुल मिलाकर कहा जाए तो जिले की आबादी और आगजनी की बढ़ती घटनाओं के चलते जिले में दमकल वाहनों की कमी लंबे समय से बनी हुई है।जिसकी पूर्ति अब तक नही हो पायी है।

### संसाधनों की कमी से झूझ रहे कर्मचारी

ग्रीष्मकालीन सीजन में जहा कई बार राहत एंव बचाव के दौरान दमकलकर्मियों को विभिन्न परेशानियों का समाना करना पड़ता है।तो कई बार सीमित संसाधनों के बावजूद भी दमकल कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर आगजनी को काबू में करने की कोशिश करते है। बालाघाट नगर पालिका का अग्निशमन विभाग भी वर्षों से पुराने वाहनों, कर्मचारियों की कमी और आधुनिक उपकरणों के अभाव से जूझ रहा है। शहर के बढ़ते विस्तार के बावजूद, विभाग के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं, जो किसी भी बड़े अग्नि हादसे के समय राहत और बचाव कार्यों में बाधा बन सकते हैं। यह समस्या नगर पालिका के प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है।बताया गया कि विभाग के पास उपयोग में आने वाले फायर वाहन काफी पुराने है, जो कभी भी खराब हो सकते हैं।इसके अलावा हाई-राइज बिल्डिंगों में आग बुझाने के लिए आधुनिक हाइड्रोलिक प्लेटफार्म या अत्याधुनिक तकनीकों की कमी है।दमकल कर्मियों को आग बुझाने के लिए आधुनिक उपकरण, पर्याप्त पानी के टैंकर, सुरक्षा सूट, ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य जरूरी संसाधनों की आवश्यकता होती है। लेकिन वर्तमान स्थिति में कई आवश्यक उपकरण नहीं हैं। ऐसी परिस्थितियों में हर आग की घटना उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती है।इसके अलावा हाई मास्क जैसे उपकरण भी आज तक कर्मचारियों को नसीब नही हो पाए है।

### महज 24 लोगो के भरोसे 75 लोगो का काम

शहर में आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग के कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी निभा रहे हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जिन कंधों पर लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वे खुद संसाधनों की भारी कमी से जूझ रहे हैं। आग बुझाने और सुरक्षा के पर्याप्त उपकरणों का अभाव, साथ ही मानव संसाधन की कमी, विभाग की कार्यक्षमता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।उधर नियमित अग्निशमन कर्मियों के पद खाली होने से मौजूदा कर्मचारियों पर ही कार्य का अतिरिक्त दबाव रहता है।विभाग में कर्मचारियों की संख्या जरूरत के मुकाबले बेहद कम है। जानकारी के अनुसार, एक शिफ्ट में कम से कम 25 दमकल कर्मियों की आवश्यकता होती है, जबकि वर्तमान में 3 शिफ्टों में कुल मिलाकर सिर्फ 24 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। यानी जहां एक शिफ्ट में 25 लोगों की जरूरत है, वहां तीनों शिफ्ट मिलाकर भी पर्याप्त संख्या पूरी नहीं हो पा रही है।जहा एक दिन में 75 लोगो का काम महज 24 लोगो को मजबूरन करना पड़ रहा है।इस कमी का सीधा असर आपातकालीन सेवाओं पर पड़ रहा है। लगातार ड्यूटी और ओवरटाइम के कारण कर्मियों पर शारीरिक और मानसिक दबाव बढ़ता जा रहा है।

### तो भविष्य में बड़े हादसों से निपटना हो सकता है मुश्किल

शहर में औद्योगिक इकाइयों, बाजारों और घनी आबादी वाले इलाकों में आग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हर घटना में दमकल कर्मियों को बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के आग की लपटों में उतरना पड़ता है। इससे उनकी जान पर खतरा मंडराता रहता है।नपा को चाहिए कि विभाग को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं और खाली पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते संसाधनों की व्यवस्था नहीं की गई, तो भविष्य में बड़े हादसों से निपटना और कठिन हो सकता है।

पिछले दो बड़े हादसे से भी नहीं लिया गया सबक उधर नगर पालिका ने पिछले समय में हुए दो बड़े हादसों से भी सबक नहीं लिया है।आपको बताएं कि पिछले सीजन में आवलाझरी स्थित एक हार्डवेयर के गोदाम में भीषण आग लग गई थी,जिसे बुझाने के लिए दमकल कर्मचारियों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा था।वही दूसरा हादसा हाल ही में जय हिंद टॉकीज के समीप गोदाम में आग लगे की घटना का है जहां पर आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा था इस दौरान दमकल कर्मियों के हाथों में उचित ग्लब्स और उचित जूते तक नहीं थे। यहां तक की हौस पाइप की भी कमी देखी जा रही थी।वही आग बुझाने का फोम भी नहीं था। वही बीए सेट की जरूरत भी महसूस हो रही थी।बिल्डिंग ऊंची होने व लिफ्ट वाले वाहन न होने के कारण उन्हें जान जोखिम में डालकर आग बुझानी पड़ी थी।

### स्टाफ सहीत अन्य कमियों को पूरा करने का किया जा रहा प्रयास-अजेन्द्र सिंग

मामले को लेकर दुरभाष पर की गई चर्चा के दौरान नगर पालिका स्वास्थ्य शाखा नोडल अधिकारी अजेन्द्र सिंग ने बताया कि गर्मी का सीजन शुरु हो गया, है इसमे आग लगने से संबंधित घटनाओं में बढ़ोत्तरी होती है, जिला मुख्यालय में आग की घटना पर काबू करने के लिए चार दमकल वाहन व एक रेस्क्यू वाहन है, एक वाहन क्षतिग्रस्त है,, स्टाफ की कमी की समस्या बनी हुई है। इसकी पूर्ति के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने का काम किया जाएगा।स्टाफ सहीत अन्य कमियों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# 21 फरवरी से उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में होंगे मुकाबले, 16 टीमें लेंगी हिस्सा

## जिले में पहली बार आदिवासी प्रीमियर लीग का आयोजन हो रहा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** आदिवासी समाज द्वारा खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अन्य समाजों की तरह इस वर्ष भी आदिवासी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 21 फरवरी से स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में प्रारंभ होगी। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता की संपूर्ण प्रक्रिया इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर संपन्न कराई जा रही है। टीम गठन, खिलाड़ियों का चयन, मैच शेड्यूल और अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से की जा रही हैं, ताकि खिलाड़ियों को पेशेवर प्रतियोगिता जैसा अनुभव मिल सके। समिति ने बताया कि प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमें हिस्सा लेंगी और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना, आपसी एकता को मजबूत करना तथा सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।





जिले में बीते कुछ वर्षों से विभिन्न समाज अपने-अपने युवाओं को मंच प्रदान करने और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईपीएल की तर्ज पर प्रीमियर लीग प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहे हैं। इसी क्रम में इस वर्ष आदिवासी समाज द्वारा पहली बार आदिवासी प्रीमियर लीग (एपीएल) का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में समाज के पदाधिकारी दिनेश धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के बच्चों और युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि अन्य समाजों की तरह आदिवासी समाज भी अब संगठित रूप से खेल आयोजन कर रहा है, ताकि युवाओं को बड़ा मंच मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में जिले भर की लगभग 16 टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन की पूरी प्रक्रिया इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर की जा रही है, जिसमें टीम गठन, मैच शेड्यूल और अन्य व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से तैयार की गई हैं। पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए बताया गया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 71,000 रूपये द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 31,000 रूपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15,000 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए भी अलग-अलग पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। दिनेश धुर्वे ने बताया कि यह आयोजन का पहला वर्ष है और आने वाले समय में इसे निरंतर आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 फरवरी को सुबह 9 बजे स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा। आयोजकों ने खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# मॉयल एकादश भरवेली एवं श्रमजीवी पत्रकार एकादश के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में खेले जा रहे स्व पत्रकार सुदेश पौराणिक स्व सुनील बिसेन ओम भारद्वाज मुकेश बढ़ई सुरेन्द्र शुक्ला अनीश खान स्मृति हीरो सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें दिन दूसरा सेमीफाइनल मैच श्रमजीवी पत्रकार एकादश एवं मेडिकल एकादश के मध्य खेल गया जिसमें बतौर अतिथि सम्राट सिंह सरस्वार अध्यक्ष जिला पंचायत,बलराम यादव युवा



समाजसेवी,गगन नगपुरे युवा समाजसेवी,दुर्गा पग़रवार सरपंच कनकी,सावन पिछोड़े सरपंच कुम्हारी,योगेश नगपुरे युवा समाजसेवी,मनोज बुरचुरकुंडे मौजूद रहे।श्रमजीवी पत्रकार एकादश के कप्तान इंद्रजीत भोज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।निर्धारित 20 ओवर 9 विकेट खोकर 159 रन बनाए।जिसमें नितेश जलकेशर ने 38 रन,सचिन भोज 25 रन,मोंटू पुसाम 18 रन,संदीप नेवारे 17 रन का योगदान दिया। मेडिकल एकादश की ओर से प्रतीक शर्मा ने 3 विकेट,मोहित आचार्य ने 2 विकेट,महेंद्र अमूले,अक्षय कांकरिया, मंटी तिवारी,कन्हैया राउत एवं गौरव शर्मा ने एक एक विकेट प्राप्त किए।जवाबी पारी खेलने मैदान में उतरी मेडिकल एकादश ने 20 ओवर में 128 रन अपने अभी विकेट खोकर रन बनाए।जिसमें अक्षय कांकरिया ने 49 रन,मोहित आचार्य ने 20 रन,प्रतीक शर्मा ने एक रन का योगदान दिया ।श्रमजीवी पत्रकार एकादश की ओर से संदीप भीमटे ने 6 विकेट दिनेश वासनिक ने 4 विकेट हासिल किए। श्रमजीवी पत्रकार एकादश ने 31 रन से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।संदीप भीमटे को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान अंपायर की भूमिका अजय शुक्ला, प्रसित वासनिक स्कोरिंग शुभम मेश्राम ने कामेंट्री हर्षविंदर भाटिया,अजय बिसेन, द्वारा की गई। प्रतियोगिता का फाइनल मैच मॉयल एकादश भरवेली एवं श्रमजीवी पत्रकार एकादश के बीच दोपहर 12 बजे खेला जाएगा। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत भोज महासचिव ओमेंद्र,उपाध्यक्ष श्रवण शर्मा,रजनीश राहंगडाले,राजेश नगपुरे रफी अहमद अंसारी,यमलेश बंजारी,महेंद्र अमूले, आकाश श्रीवास्तव,सुनील कोरे,नईम खान,अरविंद अग्निहोत्री,संजय बिसेन,अजय नारायण तिवारी योगेश देशमुख, बिसन नगपुरे ,विनोद चिपेश्वर,संदीप आश्वले,योगेश गौतम,हितेश ठाकरे,अशोक शुक्ला,अखिलेश ठाकुर,मनीष जैन,अनुराग झा, माही चौहान,गुणेश्वर सहारे,प्रदीप सर्राटे,महेश दवने,गुड्डू गोंड,देवेंद्र रनगिरे गजोधर,कमल कोडले सहित समस्त साथियों ने खेलप्रेमी जनता से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती

## छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर, किया गया याद

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मराठा साम्राज्य के सबसे महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जयंती गुरुवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसीलों व ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।जिसके तहत, जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।इसी कड़ी में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती जिला राजपूत समाज द्वारा 19 फरवरी को धूमधाम के साथ मनाई गई। जहा सामाजिक युवा नगर के विभिन्न मार्गों का गस्त करते हुए सीधे इतवारी बाजार स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा स्थल पर पहुंचे,जहां सामाजिक बंधुओ ने छत्रपति शिवाजी महाराज का जय घोष कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात विशेष पूजा अर्चना कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।जहा उपस्थित पदाधिकारी सदस्यों व सामाजिक बन्धुओ ने उद्बोधन कार्यक्रम के दौरान देश, समाज ,सामाजिक एकता आदि मुद्दों पर चर्चा कर छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी से प्रेरणा लेकर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। तो वहीं उन्होंने समाज संगठन को एकजुट करने पर भी जोर दिया।



### जय शिवाजी-जय भवानी के जयघोष से गूंजा शमा

छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वी जयंती के अवसर पर इतवारी मंडी स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा पर सामाजिक बंधुओं ने माल्यार्पण कर जय शिवाजी-जय भवानी के जयघोष का गुंजायमान किया।बताया गया कि छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा सम्राट थे, जिनकी शौर्यगाथा इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। शिवाजी महाराज की वीरता की मिसाल पूरे देश में दी जाती है।गर्व और ऊर्जा के साथ उनका नाम लिया जाता है। वह एक देशभक्त, कुशल प्रशासक और साहसी योद्धा थे।मुगलों को परास्त करने वाले शिवाजी महाराज ने मराठा साम्राज्य की नींव रखी।वे एक ओजस्वी ऊर्जावान, शासक थे। मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य की गूंज आज भी सुनाई देती है।शिवाजी महाराज,हिन्दु राज के एक महान शासक थे।वक्ताओं ने कहा कि, छत्रपति शिवाजी महाराज जिस तरह लोगों को संगठित करके आगे बढ़ते रहे, उसी तरह हमें भी समाज में संगठित होकर आगे बढ़ना है।

### नक्सल क्षेत्र के ग्रामों में सिंचाई सुविधा के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना ने 19 फरवरी को सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहें ग्रामों मे फसलों की सिंचाई के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराने कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये और 23 फरवरी तक कार्य योजना प्रस्तुत करने कहा। बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षण यंत्री श्री यूएस परते, एसडीओ एवं उपयंत्री उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले की अति नक्सल प्रभावित रहे 100 ग्रामों के लिए सिंचाई के प्रोजेक्ट तैयार करना है, जिससे इन ग्रामों के किसानों को खरीफ के साथ ही रबी फसलों की सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके और यहां के लोगो को रोजगार के लिए पलायन का सामना न करना पडे। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तैयार किये जाने वाले प्रोजेक्ट का नाम, प्रोजेक्ट से लाभान्वित होने ग्रामों के नाम, अनुमानित लागत की जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने कहा गया। जो प्रोजेक्ट सिंचाई विभाग के मापदण्ड के अनुसार नही बनाये जा सकते ऐसे कम लागत के स्टाप डेम, चेकडेम के प्रोजेक्ट ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से करवाने कहा गया। उन्हें इसके साथ ही गति शक्ति पोर्टल पर सिंचाई परियोजनाओं के ड्रेनेज, चैकडेम, स्टाप डेम एवं नाला क्लोसिंग का डेटा अपलोड करने कहा गया। कलेक्टर श्री मीना ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जिन प्रोजेक्ट पर वन विभाग की अनुमति के लिए काम रुका हुआ है ऐसे प्रोजेक्ट उनके संज्ञान मे लाए जाए जिससे उन पर तीव्र गति से काम कराया जा सके।

सुरक्षा कर्मी की बंपर भर्ती
योग्यता 10 वी 12वीं पास
सैलरी 15 से 20 हजार रूपए,
पीएफ ईएसआईसी लीव सैलेरी बोनस की सुविधा
सनफ्लैग स्टील प्लांट भंडारा (वरठी)
संपर्क-7030497666, 9766188388

**न्यायालय :-आयुक्त (कर्मचारी प्रतिकर)**
**श्रम न्यायालय बालाघाट म.प्र.**
विविध प्रकरण कमांक 33 / डब्ल्यू.सी.एक्ट फैटल/2025

**सूचना - पत्र**

उपरोक्त प्रकरण में आपको एवं सर्वधारणा को सूचित किया जाता है कि कर्मकार अशोक कुमार पिता श्री सुन्दरलाल का बोरिंग मशीन में करते समय दिनांक 17.02.2007 को दर्घटना में कार्य से उत्पन्न मृत्यु हो गयी है। नियोक्ता युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी ने क्षतिधन राशि 4,37,940 /- रूपये (शब्दो चार लाख सैंतीस हजार नौ सौ चालीस रूपये मात्र) मृतक के आश्रितों को वितरण के लिए इस न्यायालय में जमा कराया है, उपरोक्त प्रकरण क्षतिधन के वितरण एवं आश्रितों की जांच हेतु दिनांक 09.03.2026 को नियत किया गया है।

अत: यदि आप अथवा अन्य जो भी व्यक्ति कम्पनसेशन एक्ट की धारा 2 (डी) के अन्तर्गत मृतक के आश्रित हो तो आप / वह । दिनांक 09.03.2026 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र आश्रित होने बाबद पेश करें।

मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट, कलेक्टर या किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा स्वयं का फोटो अटेस्डेड करवाकर भी पहचान हेतु पेश करें। यदि हो तो मृतक के नाबालिक बच्चों को भी साथ लावे।

आज दिनांक 17.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

( महेन्द्र सैनी )
( आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर )
श्रम न्यायालय बालाघाट म.प्र.

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

### केले का पेड़ काटने पर बड़े भाई ने की डंडे से पिटाई

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मराठा बूढी में केला के पेड़ काटने पर एक व्यक्ति को उसके बड़े भाई ने डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। डंडे से की गई मारपीट में घायल व्यक्ति भुवन लाल पिता भरतलाल बिसेन 55 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भुवनलाल बिसेन अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। 18 फरवरी को 4:00 बजे भुवनलाल बिसेन अपनी पत्नी सम्पता बाई के साथ खेत गए थे। 5:30 बजे दोनों पति-पत्नी खेत से घर आए इसके बाद भुवनलाल अपने घर के केला के पेड़ को काट रहा था। तभी उसके बड़े भाई प्रीतम लाल ने उसे बोलने लगा की केला का पेड़ क्यों काट रहा। तभी प्रीतमलाल ने अपने छोटे भाई भुवनलाल को अश्लील गालियां देते हुए उसे डंडे से मारपीट करने लगा बीच बचाव करने के लिए उसकी बेटी छाया गौतम दौड़ी तभी प्रीतम लाल ने उसे भी मारपीट कर दिया प्रीतम लाल द्वारा डंडे से की गई मारपीट में भुवन लाल घायल और बेहोश हो गया था। सूचना मिलते ही डायल 112 मराठा बूढी पहुंची। जिससे घायल भुवन लाल को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने भुवनलाल की पत्नी सम्पता बाई का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाही हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना हट्टा भिजवा दी है।

### मिरेगांव में सड़क दुर्घटना में दो महिला कृषि विस्तार अधिकारी घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। बालाघाट लालबर्रा रोड पर स्थित मिरेगांव गांव के पास सड़क दुर्घटना में स्कूटी में सवार दो महिला कृषि विस्तार अधिकारी घायल हो गए। दोनों घायल कृषि विस्तार अधिकारी का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंचल पिता सुरेंद्र खोबरागड़े 27 वर्ष वार्ड नंबर 32 नर्मदा नगर बालाघाट और रेखा सिंह पति भवनेश्वर सिह 53 वर्ष कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर लालबर्रा में पदस्थ है। 18 फरवरी को 11:00 बजे करीब दोनों कृषि विस्तार अधिकारी स्कूटी में बालाघाट से लालबर्रा अपने कार्यालय जा रहे थे स्कूटी आंचल खोबरागड़े चला रही थी। लालबर्रा रोड ग्राम मिरेगांव के पास अचानक स्कूटीअनियंत्रित हो गई और दोनों कृषि विस्तार अधिकारी स्कूटी सहित गिरने से घायल हो गए। दोनों घायल कृषि विस्तार अधिकारी को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया। जहां उनका इलाज किया गया है।

# देवी तालाब में आधी रात को हाई वोल्टेज ड्रामा पुलिस ने दो डंपर और एक जेसीबी जब्त की

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**शहर के देवी तालाब से मिट्टी खोदकर ले जाने के मामले में बीती रात विवाद की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो डंपर और एक जेसीबी मशीन को जब्त कर थाने परिसर में खड़ा करा दिया है। जानकारी के अनुसार भटेरा रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज में भरण के लिए मिट्टी की आवश्यकता बताई जा रही थी। बताया गया कि संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मौखिक निर्देश पर 18 फरवरी की रात्रि में देवी तालाब से मिट्टी निकाली जा रही थी। जैसे ही स्थानीय निवासियों को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तालाब से मिट्टी उत्खनन का विरोध किया। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों का कहना था कि तालाब की खुदाई से जलस्त्रोत को नुकसान पहुंच सकता है। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को की गई। शिकायत मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए दो डंपर व एक जेसीबी को जब्त कर थाने ले आई। थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।**



नगर पालिका एक बार फिर विवादों के घेरे में है। हाल ही में नियमों के पालन में लापरवाही को लेकर एनजीटी द्वारा जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई के बाद अब बिना लिखित अनुमति के देवी तालाब से मिट्टी उठाए जाने का मामला सामने आया है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 फरवरी की रात्रि को भटेरा रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज में भरण कार्य के लिए कार्यरत कंपनी के कर्मचारियों द्वारा देवी तालाब से मिट्टी खोदकर डंपरों के माध्यम से ले जाई जा रही थी। बताया जा रहा है कि यह कार्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मौखिक आदेश पर किया जा रहा था, जबकि कोई लिखित अनुमति उपलब्ध नहीं कराई गई थी। जैसे ही स्थानीय निवासियों को तालाब से मिट्टी निकाले जाने की सूचना मिली, उन्होंने मौके पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। क्षेत्रवासियों ने संबंधित एजेंसी से मिट्टी उत्खनन का लिखित आदेश प्रस्तुत करने की मांग की, लेकिन कोई दस्तावेज नहीं दिखाया गया। इसके बाद नागरिकों ने पूरे मामले की शिकायत कोतवाली थाना बालाघाट में की। शिकायत मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो डंपर और एक जेसीबी मशीन को जब्त कर थाने में खड़ा करा दिया। इस दौरान देवी तालाब परिसर में देर रात तक हंगामे की स्थिति बनी रही और काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### आवश्यक कार्रवाई की जाएगी - कामेश धूमकेती


थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने अनौपचारिक चर्चा में बताया कि शिकायत मिलने पर दो डंपर और एक जेसीबी को थाने लाया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पांचवीं, आठवीं की परीक्षाएं आज से, परीक्षा सम्पन्न कराने बनाए गए 278 केंद्र

## जिले भर से 51330 विद्यार्थी देंगे परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर हवा ,पानी ,रौशनी, बैठक व्यवस्था सहित किए गए इंतजाम

पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार आज 20 फरवरी से कक्षा 5वी, कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होगी। दोपहर 2 बजे से इन परीक्षाओं का आगाज किया जाना है।इसके लिए जिले भर में बनाए गए तमाम परीक्षा केंद्रों में गुरुवार को हवा पानी रोशनी बैठक व्यवस्था सहित विभिन्न प्रकार के इंतजाम किए गए हैं। जहां कक्षा 5वी की परीक्षा 1 मार्च तक, तो वही कक्षा 8 वीं की परीक्षा 5 मार्च तक चलेगी। इन परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए जिले में 278 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।**



फाईल फोटो

### 5वी के 26,267, तो 8वी के 25, 063 विघार्थी होंगे शामिल

कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू हो रही हैं।इस साल जिले में कुल 51 हजार 330 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।बोर्ड परीक्षाओं के लिए 264 सरकारी स्कूल और 14 प्राइवेट स्कूलों में कुल 278 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।इस साल 5वीं में 26 हजार 2 सौ 67 और 8वीं में 25हजार 63 विघार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक चलेगी।

### 5 वी की महज 6 दिन ,तो 8वी 8 दिन चलेगी परीक्षा

राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से जारी टाइम टेबल के अनुसार कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू होंगी जो 26 फरवरी तक चलेंगी, यानी कक्षा 5वी की परीक्षा महज 6 दिन में संपन्न हो जाएगी।तो वही कक्षा 8वीं की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होंगी जो 28 ?रवरी तक चलेगी, यानी महज 8 दिन में संपन्न हो जाएगी।दोनों ही परीक्षाओं का समय दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक रहेगा।

### फेल हुए तो भी मिलेगा मौका

बताया गया कि कक्षा पांचवी व आठवी की परीक्षा के बाद मूल्याकंन पूर्ण होने व परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद जो विद्यार्थी फेल होंगे उन्हें भी पास होने का मौका दिया जाएगा। फेल हुए इन विद्यार्थियों को स्कूल विशेष तौर पर कोचिंग देकर परीक्षा देने के लिए दक्ष करेगा। जिसके बाद पुन: सम्भवत: जून माह के अंतिम में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

### परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण- बर्मन

जिला शिक्षा केंद्र परियोजना समन्वयक बर्मन ने बताया की कक्षा 5वी, 8वी की परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर सीटींग अरेंजमेंट के साथ ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सरकारी टीचर को ही केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि बालाघाट जिले में लांजी, लालबर्रा और बालाघाट की 4 शालाओं के उर्दू के विद्यार्थी भी इस परीक्षा में शामिल होंगे।सभी परीक्षा केंद्रों में मॉनिटरिंग के लिए उड़नदस्ता टीम भी तैयार की गई है परीक्षा पूर्व की भांति, नियमानुसार, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

# बस स्टैंड में ऑटो वालों की धमाचौकड़ी से बन रही है अव्यवस्था का आलम

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** स्थानीय बस स्टैंड में इन दिनों अव्यवस्था का आलम बना हुआ है। बस स्टैंड परिसर में ऑटो रिक्शाओं की अनियंत्रित आवाजाही और खड़े होने की प्रवृत्ति के कारण यात्री, बस संचालक और अन्य वाहन चालक भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।नियम के अनुसार बस से उतरने वाले यात्रियों को ऑटो स्टैंड तक जाकर ऑटो लेना चाहिए तथा ऑटो चालकों को भी बस स्टैंड परिसर में प्रवेश किए बिना निर्धारित स्थान पर ही सवारी का इंतजार करना चाहिए। किंतु वास्तविकता इसके विपरीत नजर आ रही है। ऑटो चालक सवारी की तलाश में बस स्टैंड के भीतर लगातार घूमते रहते हैं और कई बार बसों के समीप ही वाहन खड़ा कर देते हैं।जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है।



स्थिति तब और गंभीर हो जाती है।जब बस स्टैंड परिसर में स्थित पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने आने वाले वाहन, अंदर-बाहर होती बसें और सवारी लेकर पहुंचने वाले ऑटो एक साथ जमा हो जाते हैं। इस दौरान बस स्टैंड की आवाजाही लगभग ठप हो जाती है और नियमित रूप से जाम की स्थिति बन जाती है। इसका खामियाजा यात्रियों के साथ-साथ बस संचालकों को भी भुगतना पड़ रहा है।यदि प्रशासन सख्ती से नियमों का पालन सुनिश्चित कराए तो व्यवस्था में काफी सुधार आ सकता है। ऑटो को बस स्टैंड के भीतर सवारी के लिए घूमने पर प्रतिबंध लगाया जाए।बस से उतरने वाले यात्री सीधे ऑटो स्टैंड तक पहुंचे।ऑटो से आने वाले यात्रियों को बस स्टैंड के बाहर ही उतारा जाए।बस स्टैंड परिसर में ऑटो सहित अन्य अनावश्यक चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए।यदि इन उपायों से बस स्टैंड की अव्यवस्थित स्थिति में सुधार हो सकता है और यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

# अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर खैरी रोड़ पर जप्त, चालक गिरफ्तार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खैरलांजी पुलिस ने रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली जप्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। खैरलांजी पुलिस ने यह कार्रवाई18 एवं 19 फरवरी की दरमियानी रात में गश्त के दौरान की गई। गिरफ्तार आरोपी देवेंद्र पिता लाल बनोटे 31 वर्ष वार्ड नंबर 19 खैरलांजी निवासी है। खैरलांजी पुलिस के मुताबिक 19 फरवरी की रात पुलिस गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गनुई की चंदन नदी घाट से एक नीले रंग का स्वराज ट्रैक्टर ट्राली रेत भरकर खैरलांजी की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने खैरलांजी-खैरी मेन रोड स्थित सोसाइटी के सामने घेराबंदी की। कुछ ही देर में बताए गए हुलिए का ट्रैक्टर आता दिखाई दिया, जिसे रोककर जांच की गई। जांच में ट्रैक्टर-ट्रॉली पूरी तरह रेत से भरी मिली।पुलिस द्वारा चालक से रेत परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए। लेकिन वह कोई भी वैध अनुमति के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया।



पूछताछ में चालक ने अपना नाम देवेन्द्र पिता मदनलाल बनोटे 31 वर्ष वार्ड क्रमांक 19, ग्राम खैरलांजी निवासी बताया। प्रारंभिक पूछताछ में इस आरोपी ने ग्राम गनुई की चंदन नदी घाट से अवैध रूप से रेत भरकर खैरलांजी लाना स्वीकार किया।मौके पर बिना नंबर प्लेट का नीले रंग का स्वराज ट्रैक्टर एवं रेत से भरी ट्रॉली को जप्त किया गया। आरोपी चालक देवेंद्र बनोटे के विरुद्ध धारा 303(2), 317(5) भारतीय न्याय संहिता (BNS)धारा 4/21 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम1952नियम 53(1) मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम1996 के तहत अपराध पंजीबद किया गया और उसे इस अपराध में गिरफ्तार कर लिया गया है।बालाघाट पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रेत चोरी एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि अवैध खनन संबंधी किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस को दें।ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की अनंतिम चयन सूची जारी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** महिला एवं बाल विकास विभाग, बालाघाट (नवीन) द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 10 जनवरी 2026 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गए थे। विकासखंड स्तरीय चयन समिति द्वारा आवेदनों का परीक्षण करने के उपरांत अनंतिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। इस अनंतिम वरीयता सूची पर 07 दिनों के भीतर दावे आपत्ति आमंत्रित किये गए है।

परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास शैलेन्द्र चौकसे ने बताया कि आंगनवाडी सहायिका के लिए ग्राम पंचायत कटंगी के आंगनवाी केंद्र कटंगी-1 में पूनम गौतम का प्रथम वरीयता, श्वेता मेश्राम को द्वितीय और वैशाली भिमटे को तृतीय वरीयता दी गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कोचेवाा के आंगनवाी केंद्र कोचेवाा में रश्मि जंघेले को प्रथम वरीयता, ज्योति भौतेकर को द्वितीय और श्रद्धा वरके को तृतीय वरीयता दी गई है। अतरी के आंगनवाी केंद्र अमोली में अनिता को प्रथम वरीयता, ललिता पटले को द्वितीय और आँचल हुमनेकर को तृतीय वरीयता दी गई है। भोंडवा के आंगनवाड़ी केंद्र भोंडवा-2 में सिमरन तरवरे को प्रथम वरीयता, दामिनी मरकाम को द्वितीय और रेणुका वरके को तृतीय वरीयता दी गई है। इसके साथ ही आंगनवाी कार्यकर्ता के 01 रिक्त पद के लिए ग्राम पंचायत टाकाबर्रा के आंगनवाड़ी केंद्र खुरसोा में सीमा को प्रथम वरीयता, पूजा उइके को द्वितीय और रोशनी ठाकरे को तृतीय वरीयता दी गई है।

# मुस्लिम धर्मावलंबियों ने रखा पवित्र रमजान का पहला रोजा

## सामूहिक रोजा इफ्तार में उमड़े रोजेदार, बढ़ी रौनके

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बालाघाट जिले सहित संपूर्ण देश में गुरुवार को पवित्र माह रमजान का पहला रोजा रखा गया। जहां मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा भोर सुबह उठकर सहरी की गई। वहीं दिनभर निर्जल रोजा रख एक अल्लाह की इबादते की गई। जिसके उपरांत शाम को सूरज ढलने के बाद पूर्व से तय किए गए वक्त के मुताबिक विभिन्न मस्जिदों, मदरसों व अन्य इबादतगाहो में सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जहा रोजेदारों ने सामुहिक रूप से रोजा इफ्तार कर सामूहिक दुवाएं माँगी, वही विभिन्न इबादगाहो में सामूहिक रूप से मगरिब की नमाजे अदा कर रमजान शरीफ का पहला रोजा मुकम्मल किया गया।



### रोजा इफ्तार में दिखी रौनके

रमजान शरीफ के पहले रोजा इफ्तार के लिए गुरुवार शाम विशेष रौनके दिखी। जहां नगर की जामा मस्जिद जामिया नूरिया मदरसा सहित अन्य मस्जिदों में रोजेदारों की काफी भीड़ नजर आई। शाम करीब 6:14 बजे रोजेदारों ने सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार कर सामूहिक दुआएं मांगी। जहां हर जगह छोटे बच्चों की सबसे ज्यादा भीड़ दिखाई दी।

### दिल और सोच पर काबू रखना सिखाता रोजा

बताया गया कि रमजान के महीने में रोजा रखने का मतलब सिर्फ भूखे प्यासे रहना ही नहीं है बल्कि यह महीना रोजेदारों को अपने दिल और सोच पर काबू रखना भी सिखाता है।रोजेदारों से ऐसी उम्मीद की जाती है कि रमजान के इस पाक महीने में वे अपने अंदर किसी भी तरह का बुरा ख्याल नही लाएंगे और खुद भी तमाम तरह की बुराइयों से दूर रहेंगे।वही खुद भूखे प्यासे रहकर औरो की भूख प्यास की शिद्दत को महसूस करेंगे।ये वही महीना है जिसमे रोजदार अपने अंदर की सभी नकारात्मक भावनाओं को त्याग देते हैं और रोजा रख रमजान के महीनों को एक अल्लाह की इबादत में गुजारते हैं और एक माह बाद रोजे के ईनाम के रूप में ईद का पर्व मनाया जाता है।

### सिर्फ भूखे रहने का नाम रोजा नहीं है

बताया गया कि रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं है।बल्कि हर बुराई से बचने का नाम भी रोजा है।गलत ना देखें, गलत ना सुने, जुबान से गलत ना बोले, बुरे कामों से बचते रहे। यदि कोई ऐसा करता है तभी उसका रोजा मुकम्मल होता है। यह महीना अमन, सुकून, शांति और भाईचारे का महीना है। अपनी कौम के गरीबों, यतीमो, बेवाओ का ख्याल रखने का महीना है। अपनी खुशी में गरीबों, मिस्किनो को भी शामिल करना चाहिए।आज पहला रोजा मुकम्मल हुआ है। वही मदरसे सहित अन्य मस्जिदों में रोजाना तराबियो का दौर जारी है। इसी तरह एक महीना पूरा मुकम्मल कर, एक माह बाद ईद का पर्व मनाया जाएगा।

# आस-पास की खबरें

## सहकारी समितियों में फेरबदल, तीन समितियों में नये प्रबंधकों ने संभाला प्रभार

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट के आदेशानुसार क्षेत्र की विभिन्न सहकारी समितियों में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण हेतु प्रबंधकों के स्थानांतरण एवं पदोन्नति के बाद नये अधिकारियों ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस फेरबदल का मुख्य उद्देश्य समितियों में रिक्त प्रबंधकों के पदों को भरना, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना और किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ




जमीनी स्तर तक पहुंचाना है। बैंक फेडर प्रबंधक में नियुक्ति होने से एमपी ठाकरे प्रभारी प्रबंधक सेवा सहकारी समिति नेवरगांव ला. को केडर प्रबंधक के पद पर पदोन्नति की गई है। जिसके उपरांत सेवा सहकारी समिति गारापुरी शाखा खमरिया में स्थानांतरण किया गया है। जिन्होने गत दिवस गारापुरी समिति का संपूर्ण प्रभार ग्रहण कर लिया है। इसी तरह डीके लिल्हारे प्रबंधक/पर्यवेक्षक को समिति जाम एवं साल्हे ला. के अतिरिक्त नेवरगांव ला. का प्रबंधक का प्रभार सौंपा गया है। एचसी बोपचे पर्यवेक्षक ने कंजई एवं सिहोरा समिति का अतिरिक्त प्रभार मिला है। वहीं चार्ज लेने के बाद नवनियुक्त प्रबंधकों ने अपनी-अपनी समितियों का प्रभार ग्रहण कर लिया है। वहीं समिति का प्रभार लेने के बाद तीनों नवनियुक्त प्रबंधकों ने अपनी-अपनी समितियों के कर्मचारियों को हिदायत देते हुए ऋण वसूली, ऋण वितरण, बचत बैंक संग्रहण, पशुपालन ऋण वितरण लक्ष्य, म.का. ऋण वितरण लक्ष्य एवं पूर्ति सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान, रासायनिक खाद आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा कर लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति करने एवं समिति को लाभ में लाने का प्रयास किये जाने निर्देशित किया गया। वहीं नवनियुक्त प्रबंधकों ने स्पष्ट किया है कि उनका प्राथमिक उद्देश्य समिति को लाभ की स्थिति में लाना और शासन की कल्याणकारी योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है।

# बेलगांव के खेत में पैरा के ढेर में लगी आग, किसान की जलकर दर्दनाक मौत






## पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।**

**लालबर्रा थानांतर्गत के ग्राम पंचायत बेलगांव में बुधवार की शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां एक 57 वर्षीय किसान की अपने ही खेत में पैरा के ढेर में लगी आग की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने घटना स्थल से शव बरामद कर गुरूवार को लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलगांव निवासी 57 वर्षीय भुजेलाल हरदे कृषि कार्य करता था। जो बुधवार की शाम करीब 5 बजे किसी काम से खेत गये थे किन्तु जब वे शाम 7 बजे तक घर नही लौटे तो परिजनों को चिंता होने लगी की अब तक खेत से क्यों नही आये है। इसी बीच उनका बेटा संतोष काम से वापस लौटा और अपने पिता की तलाश में खेत की ओर गया। खेत पहुंचने पर संतोष हरदे ने देखा कि पैरा के ढेर में भीषण आग लगी हुई है। जिसके बाद उन्होने तुरंत पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। आग बुझने के बाद जब उसने करीब जाकर देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पैरा के ढेर के किनारे उसके पिता का बुरी तरह झुलसा हुआ शव पड़ा हुआ था। जिसे देखकर वह घबरा गया और परिजनों व ग्रामीणों को सूचना दी। वहीं खेत स्थित पैरा के ढेर में आग लगने एवं आग में झुलस जाने से किसान भुजेलाल की मौत हो जाने की खबर ग्राम में फैली तो घटना स्थल में ग्रामीणजनों की भीड़ लग गई। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस को पैरा के ढेर में लग लगने एवं किसान के आग से जल जाने से मौत हो जाने की जानकारी लगने के बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिसबल घटना स्थल पहुंचे और शव बरामद किया। आग इतनी तेज थी कि शरीर पूरी तरह से जल चुका था। पुलिस ने घटना स्थल से आवश्यक बरामद कर लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये, लेकिन रात हो जाने के कारण पोस्टमार्टम नही हो पाया और मृत व्यक्ति के शव को शव वि%छेदन गृह में रखवा दिया गया। दुसरे दिन गुरूवार को चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया जिसके बाद परिजनों को मृत व्यक्ति का शव सुपुर्द किया गया।**

### आग लगने का कारण अज्ञात

मृतक किसान भुजेलाल कृषि कार्य करता था, जिसके परिवार में बेटे, पत्नि सहित अन्य लोग है और कृषि व मजदूरी से प्राप्त आय से परिवार का पालन-पोषण करता था। बुधवार को भुजेलाल शाम के समय खेत किसी काम से गया था और इसी दौरान खेत में कचरा या अन्य सामग्री जलाने के लिए आग लगाई होगी। जिसके बाद पैरा के ढेर के पास बैठ गये होगें। वहीं आग धीरे-धीरे पैरा के ढेर में लग गई होगी और आग की लपटों के बीच किसान आ गया होगा जिसे संभलने का मौका ही नही मिला होगा। वह आग की लपेटों में पुरी तरह से झुलस जाने से उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पैरा के ढेर में आग कैसे लगी यह स्पष्ट नही हो पाया है, कारण अज्ञात है। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आग बुझाने पर मिली लाश - संतोष

मृतक का बेटा संतोष हरदे ने बताया कि पिताजी शाम में खेत कृषि कार्य के लिए गये थे लेकिन शाम 7 बजे तक वापस नही आये। जिसके बाद खेत की ओर जाकर देखे तो पैरा के ढेर में आग लगी हुई थी, जिसे बुझाया गया उसके बाद पिताजी की जली हुई लाश मिली। उसके बाद परिजनों व ग्रामीणों को सूचना दी, आग कैसे लगी पता नही, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### यह दुःख घटना है - अरविंद

सरपंच अरविंद पंचेश्वर ने बताया कि रबी सीजन में धान की रोपाई का कार्य चालू है। किसान खेत गया हुआ था, रात 8 बजे मुझे जानकारी मिली कि भुजेलाल के खेत में रखे पैरा के ढेर में आग लग गई है, जिससे ग्रामीणजनों की मदद से बुझाया गया। उसके बाद दिखाई दिया कि किसान भुजेलाल पूरी तरह से आग में जल चुका था, जिसकी मौत हो चुकी थी, यह दुःखद घटना है। श्री पंचेश्वर ने बताया कि पैरा के ढेर में आग लगी होगी उसके चपेट में आने से उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, मृतक परिवार का मुखिया था, मृतक के परिजनों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाया जायेगा।

### मामले की जांच की जा रही है - थाना प्रभारी

दूरभाष पर चर्चा में थाना प्रभारी सुनिल चतुर्वेदी ने बताया कि बुधवार की शाम में बेलगांव से सूचना मिली थी कि खेत स्थित पैरा के ढेर में लगी आग से झुलस गये किसान की मौत हो गई है। घटना स्थल पहुंचकर शव बरामद किया गया एवं गुरूवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। प्रथम दृष्टया पैरा के ढेर में लगी आग की चपेट में आने से उसकी मौत होना पाया गया है, मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# बुट्टा ह. में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 12 किमी. दूर ग्राम पंचायत बुट्टा हजारी स्थित शिवाजी चौक में प्रगतिशील कुनबी समाज के तत्वाधान में गुरूवार को मराठा साम्राज्य की नींव रखने वाले भारत के महान राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह जयंती कार्यक्रम सरपंच सीके बघेल के मुख्य आतिथ्य, प्रगतिशील कुनबी समाज अध्यक्ष नेतलाल सपाटे की अध्यक्षता, जनपद सदस्य केशव नगपुरे, उपसरपंच अमित डोंगरे, लक्ष्मीनारायण झंझाड़े, हिरालाल ढांडे, प्रमोद सपाटे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने शिवाजी चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा के समक्ष दीप प्र'वलित कर माल्यार्पण किया एवं उनके बताये मार्ग पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। जिसके बाद डीजे की धुन पर शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पुरे ग्राम का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची, जिसके बाद मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस शोभायात्रा में शिवाजी महाराज की जीवंत झांकी आकर्षण का केन्द्र रहा। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले महान वीर योध्दा है जिनकी वीरगाथाएं इतिहास के पन्नों पर दर्ज है, आज उनकी जयंती पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। इसी कड़ी में लालबर्रा के बुट्टा हजारी में भी प्रगतिशील कुनबी समाज के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई है। जिन्होने मुगलों के खिलाफ कई युध्द लड़े और उन्हे परास्त किया है इसलिए हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलकर समाज व देशहित में काम करना चाहिए। प्रगतिशील कुनबी समाज के पदाधिकारी लक्ष्मीनारायण झंझाड़े ने बताया कि बुट्टा हजारी में प्रगतिशील कुनबी समाज के द्वारा मराठा साम्राज्य के स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धुमधाम से मनाई गई है। साथ ही यह भी बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने देश के लिए अपनी जान को जोखिम में डालकर वह



अन्य देशों के लिए भी कई युध्द एवं लड़ाई लड़े है देशहित के लिए और वे हमारे समाज के गौरव है। इसलिए शिवाजी महाराज की जयंती पर यही संदेश देना चाहते है कि सभी छत्रपति शिवाजी के आचरण व मार्गदर्शन पर चले। जिससे समाज का उत्थान हो और समाज के गौरवशाली आज के युग के बच्चे हैं। वे सभी बच्चें भी उनके बताये मार्ग को आत्मसात करे और शक्तिशाली मन से समाज को आगे बढ़ाये। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संतोष डोरस के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बलीराम डोरस, लेखचंद टेंभरे, आशाराम झंझाड़े, दुलीचंद गाड़ेश्वर, बाबूलाल डोरस, चेतनलाल टेंभरे, बाबूलाल टेंभरे, रितु डोरस, कारूणाबाई सपाटे, अनुसूईया टेंभरे, तिलकराम झंझाड़े, सुरजलाल डोरस, चंद्रप्रकाश झंझाड़े, अरविंद गाड़ेश्वर, सुक्कू बिरनवार, मंशाराम झंझाड़े, बस्ताराम सपाटे, भिवाजी झंझाड़े, जोशीराम सपाटे, अकलेश, लकेश, राकेश, छत्रपाल, लोकेश, मोहन, धनीराम, नरेन्द्र, कस्तुरचंद डोरस, हेमराज सपाटे, दुर्गाजी डोरस, ओमप्रकाश झंझाड़े, चंद्रशेखर झंझाड़े, अजय झंझाड़े, विशाल डोरस, फुलचंद डोरस, संजय मोहतुरे, अशोक तुमसरे, अमृत डोरस, बिजेन्द्र सपाटे, मोहपत डोरस, काशीराम सपाटे, शंकरलाल डोरस, शिवकुमार सहित अन्य स्वाजातीय बंधु एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार तहसील लालबर्रा के समन्वयक बने विरेन्द्र बिसेन

## समन्वय समिति का हुआ पुनर्गठन, नवीन पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** मातृसंस्था शांतिकुंज एवं मध्य जोन भोपाल के निर्देशानुसार तहसील लालबर्रा की समन्वय समिति का पुनर्गठन बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ मोहगांव जाम के सभागृह में पुष्पेश्वर जी पिछोडे जिला समन्वयक, मानसिंह चौधरी सहायक समन्वयक उपजोन छिंदवाड़ा की गरिमामय उपस्थिति एवं ढालसिंह बिसेन मुख्य प्रबंध ट्रस्टी वेदमाता गायत्री ट्रस्ट कंजई की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। आयोजित गोष्ठी का शुभारम्भ सभी उपस्थित वरिष्ठजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ, जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने गायत्री माता परम पूज्य गुरूदेव एवं परम वंदनीय माताजी के पूजन एवं दीप प्र'वलित कर किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थित मंचीय पदाधिकारियों ने शांतिकुंज द्वारा समन्वय समिति के पुनर्गठन के निर्देश से उपस्थितजनों को अवगत करवाया। जिसके अनुसार समिति के निर्धारित प्रारूप अनुसार तहसील समिति के 15 सदस्य बनाये गये। वहीं सभी सदस्यों एवं उपस्थित परिजनों की सहमति से वीरेन्द्र बिसेन को तहसील समन्वयक नियुक्त किया गया। तत्पश्चात सभी के समर्थन उपरांत सभी सदस्यों को युग निर्माण योजना के निर्धारित दायित्व प्रदान किये गये। वहीं नवगठित तहसील समन्वय समिति तहसील लालबर्रा के सदस्यों में वीरेन्द्र बिसेन तहसील समन्वयक, ढालसिंह बिसेन पदेन सहायक समन्वयक, अरूण शुक्ला सहायक समन्वयक रिपोर्ट, मेखराम चरमोड़े मंडल विस्तार, श्रीमती गीतांजलि बिसेन नारी जागरण, श्रीमती शुभांगी सोनी आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी, चुन्नेरसिंह ठाकरे युवा जोड़ो अभियान, अरूण गोयल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, टेकचंद गौतम साधना स्वाध्याय, शीतल कटरे पर्यावरण एवं जल संरक्षण अभियान, बी.आर. पंचेश्वर शिक्षा एवं बालसंस्कार, भुनेश्वर तितरमारे स्वावलम्बन शिक्षा प्रशिक्षण, डॉ. हुकुमचंद ठाकरे व्यसन एवं नशा मुक्ति अभियान, तिलक तरवरे साहित्य एवं पत्रिका विस्तार, डॉ. विवेक कारे स्वास्थ्य एवं हेमंत पारधी जिला प्रतिनिधि तहसील समन्वय समिति हेतु नियुक्त किये गये है। वहीं समन्वय समिति के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को वरिष्ठजनों के द्वारा शुभकामनाएं देते हुए उनके दायित्व से अवगत करवाया गया और गुरूदेव के मार्गदर्शन एवं शांतिकुंज के निर्देशानुसार गायत्री परिवार के परिजनों के मध्य समन्वय एवं सहयोग से कार्य किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार तहसील लालबर्रा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कक्षा 5 वीं और 8 वीं की वार्षिक परीक्षा आज से

## 22 परीक्षा केन्द्रों में कक्षा 5 वीं के 2563 एवं कक्षा 8 वीं के 2440 विद्यार्थी प्रथम प्रश्नपत्र का हल करेगें पर्चा

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार 20 फरवरी से कक्षा पांचवी की हिन्दी मीडियम के विद्यार्थियों की हिन्दी, अंग्रेजी मीडियम के विद्यार्थियों की अंग्रेजी विषय की। इसी तरह कक्षा आठवीं की हिन्दी मीडियम के विद्यार्थियों की हिन्दी एवं अंग्रेजी मीडियम के विद्यार्थियों की अंग्रेजी विषय के प्रथम प्रश्नपत्र के साथ बोर्ड वार्षिक परीक्षा प्रारंभ हो जायेगी। लालबर्रा जनपद शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत आने वाली शासकीय/अशासकीय प्राथमिक/माध्यमिक स्कूल में अध्ययनत कक्षा 5 वीं और कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा के लिए विकासखण्ड में 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जहां परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। विकासखण्ड में बनाये गये 22 परीक्षा केन्द्र में 20 फरवरी को कक्षा 5 वीं के हिन्दी मीडियम के 1981 विद्यार्थी हिन्दी विषय, अंग्रेजी मीडियम के 587 विद्यार्थी अंग्रेजी विषय, उर्दु भाषा के 24 विद्यार्थी उर्दु विषय का एवं कक्षा 8 वीं में हिन्दी मीडियम के 2017 विद्यार्थी हिन्दी विषय, अंग्रेजी मीडियम के 424 विद्यार्थी अंग्रेजी विषय, उर्दु भाषा के 22 विद्यार्थी उर्दु विषय का प्रथम प्रश्नपत्र का पर्चा हल करेगें और यह परीक्षा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4.30 बजे संपन्न होगी। परीक्षा संपन्न करवाने के लिए केन्द्राध्यक्ष भी नियुक्त किये गये है और यह परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर संपन्न करवाई जायेगी। आपकों बता दे कि पूर्व में कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं की बोर्ड परीक्षा नही होती थी बल्कि स्थानीय कक्षाओं की तरह ही परीक्षा आयोजित की जाती थी परन्तु शासन के द्वारा






पिछले तीन से चार वर्ष से कक्षा 5 वीं, कक्षा 8 वीं की परीक्षा को बोर्ड पैटर्न पर लिया जा रहा है और बोर्ड पैटर्न पर परीक्षा आयोजित होने से छात्र-छात्राओं की शिक्षा के स्तर में सुधार आ रहा है। साथ ही पढ़ाई में कमजोर छात्र-छात्राओं को रोका भी जायेगा। वहीं इन कक्षाओं की पूर्व में बोर्ड परीक्षा नही होने के कारण शिक्षक के साथ ही छात्र-छात्राएं भी पढ़ाई पर विशेष ध्यान नही देते थे परन्तु जब से शासन के द्वारा कक्षा 5 वीं, 8 वीं कक्षा को बोर्ड किया है एवं कमजोर बच्चों को फेल करने की नीति बनाई गई है उसके बाद से स्कूलों में पढ़ाई का स्तर में सुधार आया है।

### 22 परीक्षा केंद्र आयोजित होगी परीक्षा- श्रीराम

दूरभाष पर चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार 20 फरवरी से कक्षा 5 वीं, 8 वीं की बोर्ड पैटर्न पर वार्षिक परीक्षा प्रारंभ होने वाली है जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है एवं 7 जन शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। साथ ही यह भी बताया कि शासकीय/अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत हिन्दी एवं अंग्रेजी मीडियम के 2563 विद्यार्थी एवं कक्षा 8 वीं के



2440 विद्यार्थी हिन्दी एवं अंग्रेजी व उर्दु विषय का दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक प्रथम पर्चा हल करेगें। जिसके साथ ही वार्षिक परीक्षा शुरू हो जायेगी जो आगामी 28 फरवरी तक जारी रहेगी और सभी केन्द्रों में तैयारी पुरी कर ली गई है।

# नगरपालिका के खिलाफ सभापति संदीप मिश्रा ने मोर्चा खोला

## मामला कुम्हारों की जमीन पर धारणाधिकार का प्रकरण

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

**नगर के वार्ड नंबर ८ बाजार परिसर में कुम्हार समाज पीढ़ियों से बैठकर व्यापार करता रहा हैं। उक्त भूमि श्रीमती आशा ऋषभ जैन के नाम पर धारणाधिकार का पट्टा प्रदान कर दिया गया है। जिससे कुम्हारो में आक्रोश व्याप्त है जिसे लेकर वार्ड नंबर १० के कुम्हारो के समर्थन में वार्ड नंबर १० के पार्षद और नगर पालिका सभापति संदीप मिश्रा ने उतरकर मोर्चा खोल दिया हैं। उन्होंने १९ फरवरी को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन देकर वार्ड के निवासियों को व्यापार में हो रही परेशानियों का निराकरण तीन दिवस में किए जाने की मांग की है। अन्यथा नगर पालिका में धरना प्रदर्शन और २५ फरवरी के बाद भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।**




### यह हैं मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर १० में कुम्हार परिवार निवास करते हैं। जो वर्षों से मिट्टी के बर्तन बनाने और बेचने का काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। यह सभी कुम्हार बाजार में वार्ड नंबर ८ में आंबेडकर चौक के पास अपनी दुकान लगाकर व्यापार करते हैं। वह भूमि नजूल रिकॉर्ड में खसरे के कॉलम नंबर १२ में कुम्हारो के लिए उपयुक्त भूमि आरक्षित होना बताया जाता है। इसके बावजूद श्रीमती आशा ऋ षभ जैन को धारणाधिकार का पट्टा शासन के द्वारा इस वर्ष प्रदान कर दिया गया है। जो पक्का निर्माण कार्य कर रही हैं जिससे उनकी रोजी रोटी में बाधा उत्पन्न हो चुकी है। जिसकी जांच करने के लिए २३ दिसंबर २०२५ को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद वारासिवनी को कुम्हारो के द्वारा ज्ञापन दिया गया था। परंतु नगर पालिका के द्वारा उक्त विषय में कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिसके कारण वर्तमान में कुम्हारो को रोजी रोटी का संकट खड़ा होने से वह बहुत ज्यादा परेशान हैं।

### सभापति संदीप मिश्रा ने धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल की दी चेतावनी

संदीप मिश्रा ने ज्ञापन में बताया कि मेरे स्वयं के वार्ड के कुम्हार भाई.बहन विगत कई पिढ़ियो से आंबेडकर चौक के समीप नजूल की भूमि पर अपनी दुकाने लगाकर अपनी जीविका का उपार्जन कर रहे है। परन्तु विगत ढेड़ वर्ष पूर्व नगर पालिका के द्वारा श्रीमती आशा जैन पति ऋषभ जैन निवासी वार्ड क्रमांक ८ को धारणाधिकार के तहत पट्टा प्राप्त करने हेतु निकाय का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया था। जिसमे संभवत: इस बात का लिखित रूप से उल्लेख किया गया था कि कुम्हारो के व्यापार व्यवसाय को छोड़कर शेष भूमि जिसमें श्रीमती आशा जैन का परिवार काबिज है उक्त भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाता है। परन्तु बाद में पूर्व की अनापत्ति प्रमाण पत्र को संशोधन कर नया अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया। जबकि मेरी स्वत: की जानकारी अनुसार नजूल के मेन्टेन्स खसरे में कुम्हारो के लिए आरक्षित भूमि दर्ज है। उनको जैन परिवार द्वारा उक्त स्थान से अस्थाई रूप से दुकान लगाकर अपनी जीविका उपार्जन व्यापार व्यवसाय करने से रोका जा रहा है। संपूर्ण मामले की सुक्ष्मता से जांच कराई जाकर उन्हे पूर्वत: अनुसार व्यापार व्यवसाय करने दिया जायें। पूर्व में जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त करने की कार्यवाही करें। वारासिवनी वार्ड नं.१० के कुम्हार भाईयों के द्वारा जनसुनवाई एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को २३/१२/२०२५ को लिखित रूप से आवेदन दिया गया था। परन्तु निकाय द्वारा इस संबंध में कोई आवश्यक कार्यवाही नही की गई। यदि पूर्व में ही आवश्यक कार्यवाही कर दी जाती तो उनके समक्ष ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती। २५ फरवरी २०२६ तक समस्या का यदि स्थायी निराकरण नही हो जाता तो मै स्वयं नगर पालिका कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठूंगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

# हत्या के प्रयास के २ आरोपी को २४ घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपियों की झाड़गाव में पुलिस ने निकाला जुलुस न्यायालय ने भेजा जेल

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम झाड़गांव में बीते दिनों १५०० रुपये के लेनदेन के विवाद में हुई चाकू बाजी में हत्या के प्रयास के आरोप में पुलिस ने आशीष उईके और मनीष उईके दोनों भाई को १९ फरवरी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों आरोपियों का झाड़गांव में जुलूस निकालने के बाद वारासिवनी न्यायालय में पेश किया गया जिन्हें न्यायालय ने जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीष उईके और मनीष उईके के द्वारा ग्राम के दिनेश नगपुरे से




सेकंडहैंड मोटरसाइकिल खरीदने की चर्चा की गई थी। जिस पर दिनेश नगपुरे के द्वारा ग्राम के प्रदीप माहुले की मोटरसाइकिल उन्हें दिखाई गई थी। जिसे दोनों भाइयों के द्वारा रख लिया गया था और तत्काल में १५०० रुपये दिए गए थे बाकी रुपये हैदराबाद से आने पर देने की बात कही गई थी। इसी बीच प्रदीप नगपुरे के द्वारा अपनी मोटरसाइकिल ला ली गई। इसके बाद दोनों भाई बीते दिनों हैदराबाद से गांव आए तो वह दिनेश नगपुरे से अपने १५०० रूपये वापस मांग रहे थे। जिसे वह टालमटोल कर रहा था इसी बीच १७ फरवरी को ग्राम पंचायत भवन के सामने दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जहां मौके पर डायल ११२ ने उपस्थित होकर दोनों पक्षों को समझाइस दे ही रहे थे कि तभी दिनेश पिता चैनललाल नगपुरे उम्र ३८ वर्ष को आवेश में आकर मनीष उईके के द्वारा चाकू से मारकर लहूलुहान कर मौका पाकर फरार हो गया। इसके बाद घायल को डायल ११२ के माध्यम से सिविल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर संजीवनी १०८ की मदद से जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। पुलिस ने आशीष उईके और मनीष उईके के खिलाफ अपराध क्रमांक ६१/२६ भारतीय न्याय संहिता की धारा १०९, १,३,५ के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा ,अति.पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय, एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी को देकर उनके मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामपायली दिलीप मौर्य के द्वारा टीम तैयार की गयी। टीम के द्वारा आशीष उईके और मनीष उईके की तलाश कर विधिवत गिरफ्तार कर ग्राम में उनका जुलूस निकाला गया। तत्पश्चात् दोनों आरोपियों को वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक कलशराम उइके, प्रधान आरक्षक देवेंद्र गौतम ,शैलेन्द्र सैय्याम ,आरक्षक आलोक बिसेन ,श्यामसिंह ,नरोत्तम ,जितेंद्र सरादे की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रगतिशील कुनबी समाज की भव्य छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती २२ फरवरी को

## कुनबी समाज ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के वार्ड नंबर १ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मार्ग पर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर प्रगतिशील कुनबी समाज संगठन के तत्वाधान में माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें स्वजातीय बंधु वारासिवनी रामपायली मार्ग पर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मार्ग किनारे छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थल पर एकत्रित हुए। जहां उनके द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का तिलक वंदन कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात भगवा ध्वज ध्वजारोहण कर छत्रपति शिवाजी महाराज अमर रहे अमर रहे के उद्घोष लगाने के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। उपस्थित जनों ने बताया कि १९ फरवरी को छात्रवृत्ति शिवाजी महाराज की जयंती है जो पूरे देश में हर्षउल्लास के साथ मनाई जाती है। इस अवसर पर सांकेतिक रूप से समाज के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया है। समाज के द्वारा २२ फरवरी को भव्य छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती का आयोजन रखा गया है। जिसमें लोगों से अपील है कि वह बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। छत्रपति शिवाजी महाराज के द्वारा हिंदू समाज को बचाने और मातृभूमि के लिए कई लड़ाइयां लड़ी गई वह बहुत प्रतापी राजा हुए उनके कार्य आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर अधिवक्ता टी सी डायरे,विजय वाहिले ,कमलेश डायरे ,सोनू वहीले ,चेतन मराठा, शुभम तितिरमारे, नानु वाहिले, रूपेश शांडिल्य ,पियुष श्रीवास, हर्षल चचाने ,अंकित यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




# राष्ट्रीय बजरंग दल ने कत्लखाने ले जा रहे मवेशियों को पकड़ा

## दो पिकअप में ७ मवेशी एक की मौत पुलिस ने की कार्यवाही






**पद्मेश न्यूज।वारासिवनी।** वारासिवनी लालबर्रा मार्ग पर स्थित टोंडिया नाले पर १९ फरवरी को राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा कत्ल खाने ले जाए जा रहे दो पिकअप वाहन में भरे मवेशी पकड़े। मामले की सुचना पर वारासिवनी पुलिस के द्वारा पिकअप वाहन पर कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान पिकअप में ७ मवेशी भरे हुए थे जिसमें एक मवेशी की पिकअप में मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में छह मवेशी एवं दोनों पिकअप को जप्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के विभिन्न स्थानो से लगातार मवेशियों को कत्ल खाने पैदल पिकअप या ट्रक के माध्यम से ले जाया जाता है। जिस पर गौ सेवकों की सूचना पर लगातार पुलिस के द्वारा कार्यवाही भी की जाती है। ऐसे ही राष्ट्रीय बजरंग दल को सूचना थी कि गुरुवार को लालबर्रा मवेशी बाजार है जहां से बड़ी संख्या में मवेशी कटाई के लिए महाराष्ट्र कत्लखाने ले जाये जाने हैं। जिस पर राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी एवं गौ सेवक वारासिवनी लालबर्रा मार्ग पर सक्रिय थे। जहां उन्हें दो पिकअप वाहन क्रमांक एम पी ५० जेड एफ ०१५८ एवं एम एच ३५ ए जे १४५३ को लालबर्रा की तरफ से वारासिवनी आते हुए देखा। यह वाहन तेजी से चलाए जा रहे थे जिसमें मवेशी चिल्ला रहे थे जिस पर गौ सेवकों के द्वारा दोनों पिकअप वाहन को रुकवाया गया और तत्काल घटना की जानकारी पुलिस थाना वारासिवनी को दी गई। पुलिस बल टोंडिया नाले के पास पहुंचा जहां उनके द्वारा दोनों पिकअप वाहन चालकों से पूछताछ कर पिकअप खुलवाई गई। जिसमें एम पी ५० जेड एफ ०१५८ तीन मवेशी भरे हुए थे जो एक दूसरे को आपस में बंधे हुए थे। वहीं एम एच ३५ ए जे १४५३ में ४ मवेशी भरे हुए थे वह भी आपस में बंधे हुए थे परंतु एक मवेशी की मौत हो गई थी। उसके भार से अन्य तीन मवेशी चिल्ला रहे थे। जिसमें पुलिस के द्वारा सभी मवेशियों को बाहर उतारा गया और मौका स्थल पर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही करने के उपरांत पिकअप और मवेशी सहित चालक को थाने में लाया गया। जहां मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की कार्यवाही प्रारंभ की गई वहीं पिकअप और मवेशियों को जप्त कर पिकअप को थाने में खड़ा करवा दिया गया और मवेशियों को गौशाला भेज दिया गया। इस दौरान गौ सेवकों के द्वारा पिकअप में मरी हुई गाय का अंतिम संस्कार भी विधिवत किया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष सतीश ब्रम्हे ने बताया कि जिले से लगातार मवेशी तस्करी महाराष्ट्र कत्लखानों के लिए किया जा रहा है। आज लालबर्रा बाजार था जिसका फायदा उठाकर मवेशियों को गाड़ी में भरकर डोंगरमाली साकडी के रास्ते महाराष्ट्र ले जाने का कार्य किया जाना था। जिसकी सूचना पर दो पिकअप वाहन को रोककर जांच की गई । वहीं पुलिस मौके पर पहुंची जिनके द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार से हमारे द्वारा लगातार कार्य किया जा रहे हैं बीते दिनों लालबर्रा थाने में भी हमारे द्वारा कत्लखाने ले जाया जा रहे मवेशियों को पकड़ा गया था। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक बालाघाट को राष्ट्रीय बजरंग दल बालाघाट के द्वारा ज्ञापन देखकर गौ तस्करी के विषय में कठोर कार्यवाही करने की मांग की जायेगी। इसी के साथ मवेशी बाजार ठेकेदारों पर भी अंकुश लगाने मांग की जायेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सीतेश ब्रम्हे ,संजय डोहरे ,पंकज कावरे ,ओम श्रीवास्तव ,आदित्य डोहरे, रितेश पालेवार, आकाश ठाकुर ,भिमेश साठे ,राजा रजक मौजूद रहे।

# माधवराव गोलवलकर स्मृति न्यास के द्वारा मनाई गई जयंती

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** केशव इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल के सभा कक्ष में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के द्वितीय सरसंघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्म दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रध्दाभाव से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप मंत्र के द्वारा की गई। जिसमें जितेन्द्र टेंभरे के द्वारा माँ सरस्वती, गुरूजी एवं शिवाजी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। जितेन्द्र टेंभरे के द्वारा गुरूजी एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डालकर विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही गई। संस्था के प्राचार्य प्रदीप शर्मा के द्वारा श्रध्दा सुमन अर्पित कर गुरूजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए एक सुंदर गीत की प्रस्तुती दी गई। वहीं विद्यालय के शिक्षक अजय पंचेश्वर एवं राम पारधी के द्वारा गुरूजी एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं की सराहनीय भूमिका रही। अंत में राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।



# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर कोस्ते में पशु मेला संपन्न

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कोस्ते में कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित विशेष शिविर में पशु मेला का आयोजन किया गया। जिसमें ३०० पशुओं का उपचार कर टीकाकरण किया गया, जिनमें गाय, बैल प्रमुख रूप से सम्मिलित थे तथा उन्हें आवश्यक दवा भी प्रदान की गई। डॉ. विजय कुमार मानेश्वर पशु चिकित्सा शल्यज्ञ वारासिवनी के द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिक पुरूष स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर बौद्धिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वंय सेविका कु. वैशाली पथिक एवं कु. मानसी हेड़ाऊ के द्वारा माँ सरस्वती की वंदना का मधुर गायन किये जाने के बाद स्वंय सेवकों एवं सेविकाओं के द्वारा अतिथियों का पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इसके उपरांत डॉ. मानेश्वर एवं डॉ. सिद्धार्थ भिमटे सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी के द्वारा अपने उद्बोधन के अंतर्गत पशुओं को होने वाली बिमारी एवं उपचार की विधि बतायी गई। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन शिविर संचालक कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में पंचायत सचिव कमलसिंह वल्के, श्रीमती अनीता मिश्रा सहित अनेक ग्रामवासी पंचायत कर्मचारी एवं स्वंय सेवक तथा स्वंय सेविकायें भारी संख्या में उपस्थित रहे। इससे पूर्व गत दिवस बौद्धिक कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के द्वारा महिलाओं के विकास से संबंधित जानकारियां दी गई एवं शासकीय योजनाओं से अवगत कराया गया।




आवश्यकता है
वारासिवनी कार्यालय में
केबल में कार्य हेतु
लड़कों की
आवश्यकता है
स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
पद्मेश सिटी केबल
बस स्टेण्ड, वारासिवनी

# जिला स्तरीय ओलंपियाड़ सम्मान समारोह में नरोड़ी की छात्रा माही परते और शिक्षक धन्नालाल बिसेन हुये सम्मानित


**पद्मेश न्यूज।वारासिवनी।** जिला कलेक्टर मृणाल मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिले के कक्षा २ से ८ तक के प्रथम स्थान प्राप्त ३२ छात्र छात्राओं को ट्रैक शूट ,बैग बॉटल कंपास शील्ड और प्रमाण पत्र देकर तथा उनके मार्गदर्शी शिक्षकों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर कलेक्टर के द्वारा सम्मानित किया गया और चयनित छात्र छात्राओं और शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। सम्मान समारोह में शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी से कक्षा ८ वीं की छात्रा माही परते को संस्कृत विषय में प्रथम आने पर तथा मार्गदर्शी शिक्षक धन्नालाल बिसेन को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर शाला प्रमुख सविता रिनायत, शिक्षक रूपसिंह उईके के द्वारा छात्रा माही परते और शिक्षक धन्नालाल बिसेन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।



## बालाघाट एक्सप्रेस
### संपादकीय

### सत्य एक व्रत की तरह है

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।




# उस शहर के हिस्से की बदनामी जो देश का सबसे स्वच्छ शहर था

यह आखिर क्या हो गया है? इन दिनों इंदौर को शर्म अब छोड़ता क्यों नहीं है ? सवाल मौजूँ है कि इस शहर को आखिर क्या हो गया है?

एक बड़ी चकित करने वाली ख़बर है कि मध्य प्रदेश के इंदौर से एक बड़ी प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। जहां प्रदेश के राज्यपाल ठहरे थे, उसी रेसीडेंसी कोठी के किचन में कॉकरोच और सड़ी-गली सामग्री पाई गई।

इस तरह मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर से बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। जहां राज्यपाल मंगुभाई पटेल की मेहमानवाजी बड़ी लापरवाही सामने आई है। रेसीडेंसी कोठी में राज्यपाल ठहरे हुए थे। उसी रेसीडेंसी की रसोई में गंदगी के साथ कॉकरोच और सड़ा हुआ खाना मिला। जिस पर राज्यपाल भड़के उठे और खाना खाने से साफ इनकार कर दिया। इस मामले को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा को तलब किया गया है।

दरअसल, राज्यपाल मंगलवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय यानी डीएविवि के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंदौर पहुंचे थे। वह रेसीडेंसी कोठी के रूम नंबर एक और दो में ठहरे हुए थे। जब सुबह निरीक्षण के लिए एडीसी नरेंद्र रावत (आइपीएस) और उनके साथ आए अधिकारी विपुल शाह जब किचन पहुंचे, तो गंदगी देखकर हैरान रह गए। रसोई में कॉकरोच और कीड़े घूम रहे थे। बर्तन गंदे पड़े हुए थे। इस मामले को लेकर अधिकारियों ने राज्यपाल को जानकारी दी। जिसके बाद उन्होंने भोजन करने से इनकार कर दिया।

इतना ही नहीं राज्यपाल मंगू भाई पटेल की सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को दाग और धब्बों वाली बेडशीट दी गई थी। उन्होंने साफ सुथरी बेडशीट मांगी तो कर्मचारी उचित जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद अधिकारियों ने किचन का निरीक्षण तो उसमें भी सड़ी-गली सामग्री के साथ कॉकरोच घूमते नजर आए। जिसके बाद अधिकारियों ने किचन इंचार्ज राकेश सिंह और अमित शर्मा को जमकर फटकार लगाई।

बता दें कि, हाउसकीपिंग की जिम्मेदारी रतन एंपोरियम सिक्योरिटी कंपनी के पास है। कंपनी के संचालक का कहना है कि उनका भुगतान जुलाई 2023 से लंबित है। हाल में ही उन्हें केवल चार रूपये मुहैया कराएं गए हैं। और यह महान किस्म की लापरवाही का जिम्मेदार आख़िर कौन? सवाल निरुत्तरीत है!!

# यह भी एक दौर है

**-एस प्रसन्नराजन ( संपादक, ओपन मैगजीन )**

ट्रंप का अमेरिका अराजकता की धुरी के रूप में उभर रहा है, जब स्वाभाविक सहयोगियों और रणनीतिक साझेदारों के बारे में पुरानी धारणाएं ध्वस्त हो रही हैं। शीतयुद्ध की तरह टैरिफ युद्ध का यह दौर भी बीत जाएगा।

ट्रंप की नीतियां एक तरह से दुनिया में एक बार फिर उभरते अमेरिकी साम्राज्यवाद को ही इंगित करती हैं। इससे पूरब के देशों में बुद्धिजीवियों का भड़कना भी स्वाभाविक है, लेकिन अमेरिकी दादागीरी का ऐसा विरोध कोई नया नहीं है। यह उतना ही पुराना है जितना कि खुद अमेरिका। स्वतंत्रता अमेरिका का आधार-मूल्य रहा है, लेकिन आज जो स्थितियां बन रही हैं, वे स्वतंत्रता में निहित विचार को परोक्ष श्रद्धांजलि ही हैं, जो राष्टीय हित की असंगत नैतिकता में डूबी दिख रही हैं। दरअसल, इतिहास गवाह है कि महाशक्ति अमेरिका का विकास (सैन्य शक्ति के प्रयोग से लेकर अनियमित बाजार तक फैला उसका आत्मविश्वास) वर्चस्व के बढ़ते मूल्य के समांतर ही चला है। यह %प्रबुद्ध% यूरोप नहीं था, बल्कि एक नई दुनिया थी, जिसने पहली बार सपने देखने के अधिकार को वैश्वीकृत किया और जो सबसे पसंदीदा और सबसे विवादित गंतव्य भी बना। और अब भी है।



याद रहे, जब यह सब हुआ, तो वह एक आदर्शवादी दौर था। उस दौर में अंतरराष्टीय सीमाओं को चुनौती देने की राष्टीय इच्छाशक्ति ही थी, जिसमें अमेरिका ने स्वतंत्रता की व्यवस्था को बहाल करने को अपना कर्तव्य मान लिया, भले ही उसका मतलब चुने हुए अराजक तत्वों को संरक्षण देना हो। अमेरिका के इस उभार ने उसके विरोध को न केवल कथित तीसरी दुनिया (दूसरे विश्वयुद्ध के बाद औपनिवेशिक गुलामी से मुक्त हुए देश) में, बल्कि व्यापक सामूहिक भावना में तब्दील कर दिया। वियतनाम युद्ध को कौन भूल सकता है? इस युद्ध के दौरान भौगोलिक बाधाओं और राष्टीय जिद के बावजूद अपना नैतिक दायित्व निभाते अमेरिकी तो खोये ही, इसके साथ ही सशस्त्र आदर्शवाद की आखिरी अभिव्यक्ति के रूप में अमेरिकावाद भी पूरी तरह नहीं, तो आंशिक रूप से लुप्त हो ही गया।

अमेरिका-विरोध को एक वैचारिक स्थिति के रूप में मान्यता तो शीतयुद्ध के समय में ही मिल गई थी। इसकी वजह यह थी कि उस वक्त भी एक पूंजीवादी विकल्प मौजूद था, जिसके पास स्वतंत्रता और प्रगति का अपना मॉडल था। यह वामपंथी रोमांस था, जिसे उस वक्त भी पृथ्वी के स्वर्ग बन जाने की संभावना दिखती थी, जिसका सोवियत संघ ने वादा भी किया था। सुरक्षित दूरी से देखने पर वहां एक ऐसी दुनिया का प्रवेश द्वार दिखता था, जहां कोई भ्रष्ट नहीं था।

इनमें से कौन-सा विकल्प सही था, यह समझने में दुनिया को थोड़ा समय लगा। अंग्रेजी लेखक टिमोथी गार्टन ऐश ने जिसे 1989 का %रिफोल्यूशन% (रिवॉल्यूशन और रिफॉर्म) कहा था, जिसकी परिणति पूर्वी यूरोप में स्वतंत्रता के उदय और सोवियत साम्राज्य के पतन के रूप में हुई, उसके चलते अमेरिका-विरोध या साम्राज्य-विरोध का अंत नहीं हुआ। इसे एक परिचित उदाहरण से समझ सकते हैं। बर्लिन की दीवार गिरने के बाद भी भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान दुनिया को शीतयुद्ध के समय के पुराने पड़ चुके चश्मे से देखने से खुद को नहीं रोक सका। अमेरिका विरोध के विचार से बाहर निकलकर हमारी विदेश नीति में सांस्कृतिक बदलाव लाने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी जैसे व्यक्ति की आवश्यकता पड़ी।

हम अब एक ऐसी दुनिया में रहते हैं, जहां खबरों की सुर्खियां लिखने वाले अमेरिकी टैरिफ का काल और ट्रंपकालीन साम्राज्यवाद जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, जो शीतयुद्ध के बाद की सत्ता संरचना में खलल की ओर इशारा करते हैं, जिसने वैश्विकता की अपरिवर्तनीयता और राष्टीय हित की सर्वोच्चता के बीच संतुलन बनाए रखा था।

ट्रंप का अमेरिका अराजकता की धुरी के रूप में उभर रहा है, तथा स्वाभाविक सहयोगियों और रणनीतिक साझेदारों के बारे में पुरानी धारणाएं


एक व्यक्ति की महानता के विचार के बोझ तले दबकर दम तोड़ रही हैं। इससे इस तर्क को ही बल मिलता है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका का सांस्कृतिक युद्ध के साथ-साथ आर्थिक युद्ध जीतना ऐतिहासिक रूप से अपरिहार्य था, क्योंकि वह जिस व्यवस्था के विरुद्ध खड़ा था, वह कृत्रिम थी।

यह निश्चित नहीं है कि अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए व्यापार को हथियार बनाने या वैश्वीकरण के असमान लाभों से अमेरिकी बाजार को %मुक्त% करने की ट्रंप की कोशिशें ट्रंपवाद के नाम पर कामयाब होंगी। दरअसल, %सौदा करो या बर्बाद हो जाओ% के सिद्धांत पर आधारित वैश्विक दृष्टिकोण ट्रंप के संपूर्ण साम्राज्य को (जो फिलहाल प्रगति पर है) सीमित कर देता है। दुनिया को धमकी दी जा रही है कि वह उसकी शर्तों को स्वीकार कर ले, अन्यथा उसे दंड भुगतना पड़ेगा।

इस सहज अधिनायकवाद की राजनीति को प्रेरित करने वाला यह विश्वास है कि पृथ्वी पर सबसे शक्तिशाली राजनेता की इच्छाएं ही राष्ट्र की नियति बन जाती हैं। यह राजनीति तथ्यों को मनगढ़ंत शिकायतों के साथ खारिज करती है (जब आंकड़े उसके अपने आंकड़ों से असंगत सत्य बताते हैं, तो आंकड़े देने वाले ही बर्खास्त कर दिए जाते हैं) और विशेषज्ञता से ऊपर अधीनता को तवज्जो देती है। ट्रंप के साम्राज्य में चुने हुए व्यक्ति ही महत्वपूर्ण हैं। उनके राज्य में शिकायत व प्रतिशोध और प्रभुत्व व असुविधाजनक लोगों के आकस्मिक निपटारे की विशेषताएं देखी जा सकती हैं।

राष्टपति उम्मीदवार के रूप में ट्रंप को राजनीतिक अभिजात्यवाद के विरुद्ध आक्रोश से प्रेरणा मिली, लेकिन अमेरिका प्रथम में विश्वास रखने वाले राष्टपति ट्रंप निष्पक्षता की अपनी तीव्र खोज में संयम को कमजोरी के रूप में देखते हैं। वह खुद से जो वादा करते हैं, वह अमेरिकी हितों को ध्यान में रखते हुए एकध्रुवीय विश्व का है, जो एक क्षणभंगुर साम्राज्य की आखिरी आह से ज्यादा कुछ नहीं है।

ट्रंप के साम्राज्यवादी शासन में व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर जोर नए अमेरिकी विरोध को एक वैचारिक आधार देने से इन्कार कर रहा है। शीतयुद्ध काल में दो सांस्कृतिक प्रणालियों के टकराव ने अमेरिकी-विरोध को एक स्थायी प्रत्युत्तर बना दिया था। शीतयुद्ध के विपरीत, व्यापार युद्ध पूरी तरह से एक व्यक्ति के अतिरंजित आत्म-मूल्यांकन पर निर्भर है। यह अंतरराष्टीय व्यवस्था के पुनर्गठन ऐसा दौर है, जो बीत जाएगा। ट्रंप की टैरिफ घोषणा के बाद उठी अमेरिका-विरोधी भावना की नई लहर ने यह साबित किया है कि भारत अमेरिका के बगैर भी महान हो सकता है। क्या यह अमेरिकी संस्कृति के पराभव की शुरुआत है?




## माया एंजेलो

जीवन एक गीत की तरह है। कभी यह मधुर होता है, कभी इसमें दर्द की स्वरलहरियां होती हैं। लेकिन यह गीत हमारा है, और इसे गाने का हक केवल हमें ही है।

# लचीलेपन का जादू हमें जिंदा रखता है

जीवन में कुछ भी आसान नहीं है, लेकिन इसमें एक अनमोल सुंदरता है। यह सुंदरता हमारे भीतर की ताकत, हमारे साहस और आत्म-अभिव्यक्ति में छिपी है। जीवन एक गीत की तरह है। कभी यह मधुर होता है, कभी इसमें दर्द की स्वरलहरियां होती हैं। लेकिन यह गीत हमारा है, और इसे गाने का हक केवल हमें ही है। मैंने अपने जीवन में बहुत कुछ देखा, गरीबी, भेदभाव, दुख, और अपमान। लेकिन मैंने यह भी सीखा कि इन सबके बीच, हमारी आत्मा में एक ऐसी शक्ति है, जो हमें ऊपर उठाती है। यह शक्ति है हमारा साहस। साहस का मतलब है डर के बावजूद आगे बढ़ते रहना, अपनी कहानी कहना, अपनी सच्चाई को व्यक्त करना, जो हमें आजाद करता है। वह कहानी चाहे दर्द से भरी हो, चाहे खुशी से, वह अनमोल है। उसे छिपाएं नहीं। उसे दुनिया के सामने लाएं। आत्म-अभिव्यक्ति हमारे भीतर की आग को जलाए रखती है। जब हम अपनी सच्चाई को कविता, गीत, नृत्य के जरिये व्यक्त करते हैं, तो हम न केवल खुद को आजाद करते हैं, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। हम सभी तारा हैं, और हमारा प्रकाश कोई नहीं बुझा सकता। चाहे दुनिया कितना भी नीचे धकेले, हमेशा उठने की कोशिश करें। जब लगे कि अब सब खत्म हो गया, अपनी ताकत को याद करें। वह ताकत आपके भीतर है, हमारे पूर्वजों की तरह, जो तूफानों से गुजरे, फिर भी खड़े रहे। हो सकता है कि आपके साथ होने वाली सभी घटनाओं पर आपका नियंत्रण न हो, लेकिन आप यह तय कर सकते हैं कि आप उनसे प्रभावित नहीं होंगे। जो चीजें आपको पसंद नहीं हैं, उन्हें बदलने की पूरी कोशिश करें। अगर आप बदलाव नहीं ला सकते, तो अपनी सोच बदलिए। हो सकता है, आपको कोई नया समाधान मिल जाए। साहस केवल बड़े-बड़े कामों में नहीं दिखता। यह छोटी-छोटी चीजों में भी होता है। जब आप सुबह उठकर अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाते हैं, जब आप अपनी सच्चाई को बयां करते हैं, जब आप किसी की मदद करते हैं, यह सब साहस है। अच्छी तरह से जीना एक कला है, जिसे विकसित किया जा सकता है, जीवन के प्रति प्रेम और छोटी-छोटी भेंटों से भरपूर आनंद लेने की क्षमता विकसित करके। हर दिन खुद से एक वादा करें, कि हम अपनी आवाज को दबने नहीं देंगे। अपने आप को व्यक्त करें। दुनिया को जरूरत है, हमारी कहानी, हमारे दृष्टिकोण, हमारे प्यार की, ये सब इस दुनिया को और खूबसूरत बनाते हैं। लचीलापन वह जादू है, जो हमें जिंदा रखता है। स्वयं से प्यार करें। अपने रंग, अपनी संस्कृति, अपनी खामियों, सब कुछ को अपनाएं। लोग भूल जाएंगे कि आपने क्या कहा, लोग भूल जाएंगे कि आपने क्या किया, लेकिन लोग यह कभी नहीं भूलेंगे कि आपने उन्हें कैसा महसूस कराया। तो जब हम खुद से प्यार करेंगे, तो दूसरों को भी प्यार दे सकते हैं। यह प्यार, यह साहस, यह लचीलापन, ये हमारे जीवन को खूबसूरत बनाते हैं। इनके साथ आप न केवल अपने लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी एक बेहतर दुनिया बना सकते हैं।

**सूत्र - लक्ष्य का पीछा करें**

हमारे जीवन की लय कभी एक समान नहीं होती है, हर पल कुछ न कुछ होगा, जो हमें प्रभावित करेगा और हमें अपने लक्ष्य से दूर ले जाएगा। इसलिए सबसे पहले स्वयं को समझें और जीवन की लय को मधुर बनाने का हरसंभव प्रयास करें। हमेशा अपने लक्ष्य का पीछा करें। अपने जीवन में लचीलापन लाएं और जीवन को सुंदर बनाएं।

## मुद्दा

# पर्यावरण: तभी शहरों को बचा सकेंगे

अगर हम शहरों की पारिस्थितिकीय बुनियाद में निवेश करने में विफल रहे, तो हम उनके भविष्य को खतरे में डाल देंगे।

इस देश में मानसून हमेशा ही कुछ उथल-पुथल लेकर आता है, लेकिन ये बदलाव नई सामान्य स्थिति बनते जा रहे हैं, जो बदलती जलवायु का संकेत है। यह ऊर्जा व जल प्रणाली पर भी दबाव डाल रहा है, क्योंकि हमारे शहर बिजली की बढ़ती खपत, पानी की मांग और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के कमजोर पड़ने जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। घटती हरियाली, गायब होते तालाब, बंद होते प्राकृतिक नाले और कमजोर कचरा प्रबंधन, ये सब मिलकर भारी बारिश के समय शहर में बाढ़ और लू के समय जल संकट को और अधिक बढ़ा देते हैं।

लेकिन ऐसे ब्लू और ग्रीन ढांचे, जिनमें प्राकृतिक या मानव निर्मित हरियाली वाले स्थान और जलाशय शामिल हैं, कई तरह से लाभ पहुंचाते हैं। %झीलों का शहर% उदयपुर इसका उपयुक्त उदाहरण है कि हरियाली (ग्रीन) और पानी (ब्लू) की एकीकृत अवसंरचना क्या असर दिखा सकती है। मानसून के समय रामसर वेटलैंड सिटी की मान्यता प्राप्त उदयपुर के तालाब और झीलें पेड़-पौधों और जीव जंतुओं से भर जाती हैं: बारिश के पानी को रोकती हैं, सतही जल की रफ्तार धीमा करती हैं, भूजल रिचार्ज करती हैं, आसपास के वातावरण को ठंडा रखती हैं और पास की बड़ी झीलों से आने वाले पानी को भी सोखती हैं। लेकिन ऐसे बुनियादी ढांचे को बरकरार रखने और जलवायु व जल चुनौतियों के प्रति लचीलेपन के लिए भारतीय शहरों को इन तीन प्रमुख उपायों के जरिये कार्रवाई करनी चाहिए। पहला उपाय, ग्रीन और ब्लू स्थानों को शहर की मास्टर योजनाओं में शामिल करना



चाहिए, जो आम तौर पर 20 साल के लिए बनती हैं। अवैध रूप से इनका भूमि-उपयोग बदलने के खिलाफ स्पष्ट कानूनी प्रावधान होने चाहिए। शहरी प्राधिकरणों को यह समझना होगा कि लंबे समय में ये प्राकृतिक संपत्तियां जल सुरक्षा और शहरी बाढ़ के साथ-साथ उच्च तापमान की समस्या घटाने के लिए बहुत जरूरी हैं। आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 में सभी भारतीय राज्यों में आर्द्रभूमि प्राधिकरण बनाने और संरक्षण के लिए चयनित आर्द्रभूमि को अधिसूचित करने का प्रावधान होने के बावजूद, केवल गोवा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान ने ही इस दिशा में प्रगति दिखाई है। इसी तरह नगर वन योजना को लागू करने में भी तेजी लानी चाहिए, जिसका उद्देश्य 2027 तक 1,000 शहरी वन विकसित करना है। दूसरा उपाय, शहरों को घरों से उपयोग के बाद निकलने वाले जल के प्रबंधन और पुनः उपयोग बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए। ऐसी योजनाएं शहरी जल स्रोतों, जैसे स्थानीय जलाशयों, तालाबों के साथ-साथ जमीन को सीवेज के प्रदूषण से बचा सकती हैं, जिससे पारिस्थितिक तंत्र प्रभावी ढंग से अपनी आवश्यक सेवाएं दे पाएंगे। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) का अध्ययन बताता है कि एक मजबूत योजना में जल संतुलन व गुणवत्ता आकलन, गैर-पेयजल कार्यों में पुन:उपयोग के विकल्प (जैसे कि लैंडस्कैप के विकास, निर्माण कार्य, सड़कों की सफाई, फायर स्टेशन, सार्वजनिक स्वच्छता सुविधाएं) चिन्हित करना, पुन: उपयोग के लिए व्यवहारिक लक्ष्य निर्धारण, उपचारित प्रयुक्त जल के आवंटन तंत्र को परिभाषित करना और कार्यान्वयन के लिए एक संस्थागत संरचना की रूपरेखा पेश करना शामिल होना चाहिए। तीसरा कदम, शहरों को ब्लू और ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण और रखरखाव के लिए स्थिर वित्तपोषण और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इंदौर और अहमदाबाद में इस्तेमाल म्युनिसिपल बॉन्ड्स और राष्टीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत सीवेज ट्रीटमेंट परियोजनाओं के निर्माण के लिए इस्तेमाल हाइब्रिड एन्युटी मॉडल दिखाते हैं कि क्या कुछ कर पाना संभव है। आम तौर पर वनीकरण के लिए उपयोग होने वाले नेशनल कंपेन्सेटरी अफॉरेस्टेशन मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी (सीएएमपीए) फंड को मौजूदा शहरी जंगलों और हरित गलियारों को बचाने के लिए भी इस्तेमाल करना चाहिए।

**-नितिन बस्सी**

## दूसरा पहलू

आज मंगल ग्रह पर रोबोटिक अन्वेषण चरम पर है। कभी मंगल की खोज के लिए कल्पना का सहारा लेना पड़ता था।

# जिसने मंगल ग्रह का इतिहास लिखा

आज के युग में, जब मंगल ग्रह पर रोबोटिक अन्वेषण चरम पर है और भविष्य में मानव मिशन की संभावना दिख रही है, यह सोचना भी मुश्किल लगता है कि कभी मंगल रहस्यमय और पहुंच से बाहर था। रॉकेट के आविष्कार के पहले, खगोलविदों को मंगल की खोज के लिए दूरबीनों से परे अपनी कल्पना का सहारा लेना पड़ता था। 19वीं सदी का उत्तरार्ध मंगल की कल्पना करने के लिए दिलचस्प समय था। तब खगोलविदों के पास इसकी पर्याप्त जानकारी नहीं थी कि वहां जीवन है या नहीं। बेहतर दूरबीनों और नई मुद्रण तकनीकों की मदद से खगोलविदों ने मंगल की सतह के पहले विस्तृत नक्शे बनाए, जिनमें महाद्वीप, समुद्र और ऐसी चीजें दिखाई गईं, जो जीवन की मौजूदगी का संकेत देती थीं। लेकिन मंगल की सतह को स्पष्ट रूप से जानना मुश्किल था, क्योंकि ये नक्शे अलग थे। इस दौरान, एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक व लेखक कैमिल फ्लैमरियॉन ने विज्ञान और कल्पना को जोड़कर पता लगाया कि दूसरे ग्रह पर जीवन कैसा हो सकता है। 1892 में, उन्होंने द प्लैनेट मार्स नामक किताब प्रकाशित की, जो आज भी मंगल के अवलोकन का सबसे महत्वपूर्ण इतिहास मानी जाती है। कई लोगों का मानना था कि मंगल, पृथ्वी की तरह ही एक जीवंत ग्रह है। पर फ्लैमरियन ने कहा कि मंगल भले ही पृथ्वी से मेल खाता हो, लेकिन यह अलग दुनिया है। उन्होंने स्वीकारा कि मंगल को ठीक से समझना मुश्किल है, क्योंकि %दूरी बहुत ज्यादा है और हमारे उपकरण उतने सटीक नहीं हैं।% नक्शों को शब्दश: सच नहीं माना जा सकता था, क्योंकि हर कोई मंगल को अलग ढंग से चित्रित करता था। इसलिए फ्लैमरियॉन ने अपनी किताब में मंगल पर जीवन की विशिष्ट प्रकृति के बारे में संशयवादी रुख अपनाया। हालांकि उन्होंने यह जरूर माना कि अगर मंगल ग्रह पर बुद्धिमान जीवन मौजूद है, तो वह पृथ्वी पर मानव जीवन से भी प्राचीन होगा। यह 'अज्ञात' ही था, जो उन्हें विशेष रूप से लुभावना लगता था। ग्रह की सतह का पता लगाए बिना या उसके निवासियों से संवाद किए बिना, मंगल ग्रह पर जीवन के बारे में अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी। फिर भी, फ्लैमरियॉन ने अपने उपन्यासों में अनुमान लगाया था। फ्लैमरियॉन की कल्पना के अनुसार, मंगल ग्रहवासी युद्ध, भूख और अन्य सांसारिक चिंताओं से मुक्त बौद्धिक जीवन जीते थे। आज, फ्लैमरियॉन का मंगल हमें याद दिलाता है कि मंगल ग्रह पर भविष्य की कल्पना करना, स्वयं को और अपनी सामाजिक आकांक्षाओं को समझने के साथ-साथ प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के बारे में भी है।

फ्लैमरियॉन की कल्पना के अनुसार, मंगल ग्रहवासी युद्ध, भूख और अन्य सांसारिक चिंताओं से मुक्त बौद्धिक जीवन जीते थे। खगोलविदों ने मंगल की सतह के पहले विस्तृत नक्शे बनाए, जिनमें महाद्वीप, समुद्र और ऐसी चीजें दिखाई गई, जो जीवन की मौजूदगी का संकेत देती थीं। पर मंगल की सतह को स्पष्ट रूप से जानना मुश्किल था।

**-मैथ्यू शिंडेल**

# बस एसोसिएशन बालाघाट ने स्कूली बसों के अवैध संचालन के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन

## स्कूली बसों में बारात आदि परिवहन करने पर कार्रवाई की मांग

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लांजी।

**जिले में लंबे समय से देखा जा रहा है कि क्षेत्र में संचालित अशासकीय, प्राईवेट स्कूल के संचालको के द्वारा अपने स्कूली वाहनों, बसो को शादी विवाह, पिकनिक, टूर सहित अन्य अवैध गतिविधियों में संचालित किया जाता है जबकि स्कूल बस केवल स्कूली बच्चो के लाने ले जाने के लिये ही आरक्षित है। स्कूली बसों को किसी भी प्रकार से शादी विवाह, टूर पिकनिक आदि का परमिट जारी नही किया जाता है। उसके बावजूद भी स्कूल संचालको के द्वारा अपनी स्कूली बसों को उक्त अवैध कार्यो में संचालित कर रहे है। जिस पर बस एसोसिएशन बालाघाट के द्वारा इस अवैध संचालन पर संज्ञान लेते हुये स्कूली बसों के शादी विवाह सहित अन्य कार्यो में संचालित करने पर रोक लगाने हेतु जिला कलेक्टर बालाघाट, पुलिस अधीक्षक बालाघाट, जिला परिवहन अधिकारी बालाघाट,जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट को एक ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है।**

### जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों को जारी किया पत्र

बालाघाट एसोसिऐशन के द्वारा स्कूली बस एवं वाहनो के अवैध परिवहन को लेकर प्राप्त के अनुसार यह ज्ञात हुआ है बालाघाट जिले मे अधिकांश निजी, अशासकीय स्कूलों के संचालको के द्वारा पुरे जिले में शादी विवाह के समय अपनी स्कूल की बसों के द्वारा बारातो का व्यवसाय कर रहे है। जिससे बस एसोसिऐशन के संचालको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अत- एसोसिऐशन द्वारा प्रस्तुत पत्र के संबध में समस्त अशासकीय विद्यालयों के संचालको एवं प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि स्कूल वाहनों का उपयोग, शादी विवाह के समय, बारातों में ना किया जाये, स्कूली बसो का उपयोग छात्र छात्राओं, विद्यालयों तक आवागमन मे ही किया जाये। उक्त निर्देशो का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करे।

### इनका कहना है

उक्त संदर्भ में बालाघाट बस एसोप्रसिएशन के अध्यक्ष मुकेश चौहान से चर्चा की गई तो आपने बताया कि शादी विवाह के समय निजी, अशासकीय स्कूलो के संचालको के द्वारा धडल्ले से स्कूली बस का उपयोग शादी विवाह में बारातो में किया जा रहा है जो कि पूर्ण रूप से अवैध है। स्कूल बसों को किसी भी प्रकार से शादी विवाह बारातो का परमिट जारी नही किया जाता है इनके द्वारा यह अवैध संचालन हो रहा था। जिसकी सूचनाऐं लगातार एसोसिऐशन के माध्यम से प्राप्त हो रही थी। जिस पर हमारे द्वारा एक पत्र ज्ञापन स्वरूप जिला कलेक्टर बालाघाट, पुलिस अधीक्षक बालाघाट, जिला परिवहन अधिकारी बालाघाट,ख्जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है। साथ ही इस विषय पर पुलिस अधीक्षक महोदय से चर्चा भी गई है जिन्हाने सभी थाना प्रभारियों को तत्काल निर्देशित किया गया है यदि स्कूली बसों का संचालन शादी विवाह बारातो में पाया जाता है तो तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाये। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा सभी स्कूलों को पत्र जारी कर दिया गया है। जिनका हम आभार व्यक्त करते है एसोसिएशन की ओर से। वही आपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी अपील की है कि जब भी स्कूली बसों पर बारात आदि परिवहन करने पर कार्यवाही होती है तो उन्हे संरक्षण ना देवे, आप लोगो के संरक्षण के चलते इन्हे बढावा मिलता है।

# लांजी के डॉ साकेत किरमें ने प्राप्त की पीएचडी की उपाधि

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी नगर के सामाजिक कार्यकर्ता हिम्मत किरमें एवं श्रीमती सुधा किरमें के पूत्र शहर के युवा वास्तुकार एवं शोधकर्ता डॉ. साकेत किरमें ने 16 फरवरी 2026 को सफलतापूर्वक पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उनके शोध का विषय था आवासीय ऊर्जा खपत का आकलन- अनुकूलन प्रवृत्तियाँ और डिज़ाइन रणनीतियाँ। यह शोध कार्य विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर के वास्तुकला एवं नियोजन विभाग में पूर्ण किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं शोध निर्देशक डॉ. विजय एस. कापसे के मार्गदर्शन में संपन्न किया। शोध के बाह्य परीक्षक के रूप में डॉ. जॉय सेन (आईआईटी खड?पुर) ने मूल्यांकन किया। अपने शोध में डॉ. साकेत किरमें ने भारत में बढ़ती आवासीय विद्युत खपत, शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा दक्ष भवन डिजाइन के व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए। अध्ययन में पाया गया कि उपयुक्त भवन उन्मुखीकरण, छत एवं दीवार सामग्री, खिड?ी-दीवार अनुपात तथा उन्नत इन्सुलेशन सामग्री (पीसीएम) के प्रयोग से ऊर्जा खपत में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। शोध के निष्कर्ष न केवल वास्तु डिजाइन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, बल्कि भारत में ऊर्जा संरक्षण नीतियों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में भी उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता एच.टी. किरमें एवं श्रीमती सुधा किरमें, पत्नी सुचिता किरमें,



भाई संकेत किरमें तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। मित्रों और सहकर्मियों ने भी उन्हें शुभकामनाएँ दीं। डॉ. साकेत किरमें की यह उपलब्धि लांजी क्षेत्र और शहर के लिए गर्व का विषय है।

# 6 वर्षीय माइशा नूर ने रखा पहला रोजा

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** रमजान के मुकद्दस महीने में जहाँ हर तरफ इबादत और बरकतों का दौर जारी है, वहीं पत्रकार सफीक खान



की भतीजी और सैयद शुऐब अली की 6 वर्षीय सुपुत्री माइशा नूर ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखकर एक मिसाल पेश की है। इतनी कम उम्र में और इस तपती गर्मी के बावजूद नन्ही माइशा के जज्बे और हौसले को देखकर हर कोई उनकी सराहना कर रहा है।

### बचपन से ही था इबादत का शौक

माइशा के पिता सैयद शुऐब अली ने बताया कि माइशा घर के बड़ों को रोजा रखते और नमाज पढ़ते देख काफी प्रभावित रहती थी। इस साल उसने खुद रोजा रखने की जिद की। परिवार ने उसकी कम उम्र को देखते हुए पहले थोड़ा संकोच किया, लेकिन उसके अटूट इरादे के आगे सबने सहमति दे दी।

### घर में मनाया गया जश्न

माइशा के पहले रोजे को लेकर पूरे घर में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। सहरी और इफ्तार- सुबह सहरी के वक्त माइशा को बड़े प्यार से जगाया गया और शाम को इफ्तार के समय उसके लिए पसंदीदा पकवान बनाए गए। जब इफ्तार का वक्त हुआ, तो परिवार के सदस्यों ने माइशा को फूलों के हार पहनाए और दुआएं दीं। सैयद शुऐब अली ने खुशी जाहिर करते हुए कहा- यह हमारे लिए बेहद गर्व का पल है। माइशा ने न सिर्फ रोजा रखा, बल्कि पूरे दिन धैर्य और अनुशासन का परिचय दिया। हम अल्लाह से दुआ करते हैं कि वह उसे नेक राह पर चलने की तौफीक अता फरमाए। पड़ोसी रिश्तेदारों ने भी नन्ही माइशा नूर को पहले रोजे की मुबारकबाद दी और उसके उज्जवल भविष्य के लिए दुआएं कीं।

# सरस्वती शिशु मंदिर, आवा चुरली में कक्षा 8वीं के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** सरस्वती शिशु मंदिर, आवा चुरली में बुधवार, 18 फरवरी 2026 को कक्षा अष्टम के भैया-बहनों के लिए एक भावुक और यादगार बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों ने अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त किया और विद्यालय के प्रति अपनी गहरी निष्ठा व संस्कारों का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में कक्षा 8वीं के छात्रों ने विद्यालय को एक सार्थक उपहार स्वरूप कुर्सियाँ और लोहे की खिड़कियाँ प्रदान कीं, जो उनकी कृतज्ञता और विद्यालय के प्रति योगदान की भावना को दर्शाता है। प्रधानाचार्य तेजेंद्र रामावत एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्रों को कम्पास बॉक्स और पेन उपहार स्वरूप प्रदान किए।



कक्षा 6वीं एवं 7वीं के छात्र-छात्राओं ने सभी स्टाफ सदस्यों तथा कक्षा 6 से 8 तक के भैया-बहनों को स्वल्पाहार वितरित कर कार्यक्रम को और भी यादगार बनाया। प्रधानाचार्य तेजेंद्र रामावत ने अपने उद्बोधन में कक्षा 8वीं के सभी छात्रों को शुभाशीष प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को संस्कारों, नैतिकता और मेहनत से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह में गीत-संगीत की मधुर प्रस्तुतियों के माध्यम से भावुक विदाई दी गई। छात्र-छात्राओं ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया और शिशु मंदिर के प्रति अपनी गहरी उधरता, संस्कृति तथा भावनात्मक लगाव का परिचय दिया। जाते समय उन्होंने विद्यालय के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया। अंत में प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ सदस्यों की ओर से सभी छात्रों को एक बार फिर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए बिदाई समारोह का समापन किया गया। यह समारोह न केवल छात्रों के लिए एक भावुक पल था, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए भी एक प्रेरणादायक अवसर साबित हुआ, जो सरस्वती शिशु मंदिर की संस्कार-आधारित शिक्षा और पारिवारिक माहौल को रेखांकित करता है। सरस्वती शिशु मंदिर परिवार सभी भैया-बहनों को उनके आने वाले जीवन में सफलता एवं खुशहाली की कामना की।

# लाड़सा ग्राम में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाड़सा में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती गुरुवार को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। यह आयोजन शिवाजी महाराज समिति, ग्राम लाड़सा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे हुआ। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने की। विशेष रूप से देवेंद्र खोंगल पूर्व जनपद अध्यक्ष, दिनेश लाड़े, राधेश्याम नखाते, श्रीमती गीता बाई कालबेले सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन परिचय, उनके आदर्शों, स्वराज्य स्थापना और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भजन-कीर्तन और श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिवाजी महाराज के रूप में आयुष कुथे, जीजा माता के रूप में शिमरन रावते, तथा अन्य भूमिकाओं में रीना नखाते, मनीषा नखाते, उर्मिला नखाते, मिरन बाई रावते, रूपा बाई मिसारे आदि ने भाग लिया। साथ ही श्रावण नखाते, लक्ष्मीकांत रावते, चत्रु नखाते, सुखराम नखाते, मनीराम नखाते आदि समिति के पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिवाजी महाराज समिति ने सभी ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाया। आयोजन के माध्यम से स्थानीय स्तर पर शिवाजी महाराज के पराक्रम और स्वाभिमान की भावना को जीवंत रखने का प्रयास किया गया।



# जीवनारा में आज से तीन दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** क्षेत्र के ग्राम जीवनारा में आध्यात्मिक उत्साह का माहौल छाया हुआ है। गायत्री प्रज्ञाटोली ग्राम जीवनारा के तत्वावधान में तीन दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन गांधी चौक ग्राम जीवनारा में 20 फरवरी से 22 फरवरी तक होने जा रहा है। यह महायज्ञ परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माता जी भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष (2026) के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। अखिल विश्व गायत्री परिवार की परंपरा के अनुरूप यह यज्ञ ग्रामीण स्तर पर आध्यात्मिक जागरण, पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक साधना का माध्यम बनेगा। आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रथम दिवस 20 फरवरी को सुबह 10-00 बजे से ग्रामीण स्तर पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गांव में भक्ति और उत्साह का प्रसार करेगी। द्वितीय दिवस 21 फरवरी को सुबह 7-00 से 10-00 बजे तक यज्ञ हवन सम्पन्न होगा, दोपहर 12-00 से 3-00 बजे तक आध्यात्मिक उद्बोधन तथा शाम को प्रकाश महोत्सव दीपयज्ञ होगा। तृतीय दिवस 22 फरवरी को सुबह 11-00 बजे से यज्ञ हवन, पूर्णाहुति उपरांत महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने आसपास के सभी गांवों के धर्मप्रेमी गणों,, भक्तजनों और गायत्री परिवार के परिजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में




इस महायज्ञ में शामिल होंकर आहुतियां दें और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें। यह महायज्ञ न केवल व्यक्तिगत शुद्धि और ऊर्जा संचार का अवसर है, बल्कि सामूहिक रूप से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम भी बनेगा।

## 20 फरवरी से प्रारंभ होंगी कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं

### 51 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

पद्मेश न्यूज। लांजी। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी 2026 से प्रारंभ की जा रही हैं। जिले में परीक्षा आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह परीक्षाएं जिले के 10 विकासखंडों के अंतर्गत 77 जन शिक्षा केंद्रों तथा 278 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। इनमें 264 शासकीय एवं 12 अशासकीय शालाएं सम्मिलित हैं। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक जीपी बर्मन ने बताया कि बोर्ड पैटर्न आधारित इस परीक्षा में कक्षा 5वीं के कुल 26,267 तथा कक्षा 8वीं के कुल 25,063 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया है। इस प्रकार दोनों कक्षाओं को मिलाकर कुल 51,330 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस परीक्षा में बालाघाट, लालबर्रा एवं लांजी के चार विद्यालयों में उर्दू तृतीय भाषा के विद्यार्थी भी सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त एनसीईआरटी पाठ्यक्रम संचालित संस्थाओं में बालाघाट में दो, वारासिवनी में एक तथा किरनापुर में एक विद्यालय शामिल है। सभी परीक्षा केंद्रों पर शासकीय विद्यालयों के केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। केंद्राध्यक्षों को परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री का वितरण जिला शिक्षा केंद्र, बालाघाट द्वारा किया जा चुका है। प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।


लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# बजट सत्र का चौथा दिन रहा सबसे हंगामेदार...विधानसभा की कार्यवाही 6 बार स्थगित

## अडाणी के नाम पर हंगामा : नेता प्रतिपक्ष ने कहा- सरकार और अडाणी के बीच समझौता, मंत्री विजयवर्गीय बोले- औकात में रहो

भोपाल। मप्र विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान जमकर हंगामा हुआ। एक दिन में विधानसभा की कार्यवाही 6 बार स्थगित हुई। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच तीखी बहस हुई। चर्चा के दौरान सिंघार ने सरकार और अडाणी के बीच समझौते का मुद्दा उठाया।

जब नेता प्रतिपक्ष अपना संबोधन दे रहे थे और यह कह रहे थे कि अडाणी को बिजली खरीदने के नाम पर अगले 25 साल में 1 लाख से सवा लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे, तब मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इसका सबूत दें। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उनके पास सबूत है और वे दिखा देंगे। इसी दौरान दोनों के बीच तनातनी बढ़ गई और बहस शुरू हो गई। बहस के दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष से औकात में रहने को कहा, जिसके बाद सदन में हंगामा और तेज हो गया।



### अडाणी का नाम लेने पर मंत्री ने जताई आपत्ति

चर्चा के दौरान सिंघार ने सरकार और अडाणी के बीच समझौते का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री विश्वास सारंग ने आपत्ति जताई और कहा कि जो व्यक्ति सदन में मौजूद नहीं है, उसका नाम नहीं लिया जाना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने भी इस परंपरा का पालन करने के निर्देश दिए। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष गलत जानकारी दे रहे हैं। इस पर उमंग सिंघार ने कहा कि वह हर बात प्रमाण के साथ करते हैं और जरूरत पड़ने पर प्रमाण दे सकते हैं। दोनों नेताओं के बीच बहस तेज होने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक भी खड़े हो गए। सदन में कुछ समय तक हंगामा होता रहा और कार्यवाही प्रभावित हुई।

### कांग्रेस विधायक बोले- नेता प्रतिपक्ष को मारने की कोशिश

सदन की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष को मारने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी नेता का अपमान किया गया है और उनकी औकात पर टिप्पणी की गई है। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि जब तक संसदीय कार्य मंत्री माफी नहीं मांगेंगे, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

## विधानसभा में थाली लेकर पहुंचा विपक्ष, कमलनाथ बोले- कर्ज में डूबा प्रदेश, बजट सिर्फ खयाली पुलाव

मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन आज सदन के भीतर और बाहर भारी गहमागहमी देखने को मिली। कांग्रेस विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अगुवाई में सरकार की नीतियों के खिलाफ एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी विधायक हाथों में खाली थाली लेकर विधानसभा परिसर पहुंचे और गांधी प्रतिमा के सामने जमकर नारेबाजी की। विपक्षी नेताओं ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश की जनता के लिए केवल एक खयाली पुलाव और झूठ का पुलिंदा है। उनका आरोप था कि बजट में किसी भी नई योजना की शुरुआत नहीं की गई है और न ही वर्तमान में चल रही योजनाओं के लिए राशि बढ़ाई गई है। कांग्रेस का मानना है कि प्रदेश में सरकार केवल घोषणाओं के सहारे चल रही है, जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है।




इसी दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी आज विधानसभा पहुंचे और उन्होंने मीडिया से चर्चा में प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर तीखे सवाल उठाए। कमलनाथ ने कहा कि मध्य प्रदेश पर पहले से ही पांच लाख करोड़ रुपये का भारी कर्ज है, लेकिन इसके बावजूद सरकार लगातार कर्ज लेना जारी रखे हुए है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि इस साल भी सरकार ने 70 हजार करोड़ रुपये का कर्ज लिया है, जिससे प्रदेश की जनता पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि बजट से समाज का हर वर्ग निराश है क्योंकि इसमें विकास की कोई ठोस योजना नजर नहीं आती। कांग्रेस विधायकों ने इस प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को स्वास्थ्य, शिक्षा और आरक्षण जैसे मुद्दों पर भी घेरा। विपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बदहाल है और कुपोषण की समस्या आज भी प्रदेश के माथे पर कलंक बनी हुई है। इसके साथ ही ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने के नाम पर केवल आश्वासन दिया जा रहा है और किसानों की कर्ज माफी जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सरकार ने चुप्पी साध ली है। विपक्षी नेताओं ने स्पष्ट किया कि विधानसभा परिसर में किया गया यह प्रदर्शन केवल एक विरोध नहीं है, बल्कि प्रदेश की जनता की आवाज है और उनके अधिकारों, सम्मान और भविष्य को सुरक्षित करने की एक बड़ी लड़ाई है।

## विधानसभा में गूंजा इंदौर में प्रदूषित पानी से हुई मौतों का मामला

### विपक्ष मंत्री के इस्तीफे पर अड़ा कहा- मुआवजा 4 लाख दें, नारेबाजी के बीच कार्यवाही स्थगित

मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज चौथे दिन जमकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इंदौर के भागीरथपुरा में प्रदूषित जल से हुई मौतों का मामला उठाते हुए कहा कि करीब 35 लोगों की लापरवाही के चलते मौत हो गई। सरकार ने कुछ अधिकारियों पर कार्रवाई कर खुद की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। जबकि इस अमानवीयता के लिए खुद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को इस्तीफा दे देना चाहिए था। इसके अलावा जो दो दो लाख रुपए मुआवजे में दिए गए है उस राशि को बढ़ाकर 4 लाख कर देना चाहिए। इस पर दोनों पक्षों के बीच नारेबाजी शुरु हो गई और आसंदी के समक्ष कांग्रेस सदस्य बैठ गए। मामले को भांपते हुए अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मामला न्यायालय में लंबित है, इसलिए, ऐसी चर्चा से न्यायालय की अवमानना की स्थिति बन सकती है। पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने सुझाव दिया कि सदन में बहस के बजाय संबंधित मंत्री से अलग बैठक कर चर्चा करना बेहतर होगा। पूर्व अध्यक्ष सीता शरण शर्मा ने भी कहा कि अदालत में मामला होने से सदन में चर्चा उचित नहीं। जवाब में डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि 21 से 29 दिसंबर के बीच डायरिया फैलने के बाद स्थिति गंभीर हुई और 22 मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए की राहत दी गई। इस पर सिंघार ने मृतकों की संख्या 35 बताते हुए सभी को मुआवजा देने और मंत्रियों की जिम्मेदारी तय करने की मांग की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की और एक आईएएस अधिकारी को निलंबित भी किया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के राहत कार्यों का भी उल्लेख किया गया। विवाद बढ़ने पर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने भी सरकार का पक्ष रखा, लेकिन इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्ष के विरोध के बीच सदन में जोरदार हंगामा जारी रहा। विधायक सचिन यादव, रजनीश सिंह, फूल सिंह बरैया, सहित तमाम सदस्य आसंदी के समक्ष बैठकर भजन करने लगे और बीच बीच में राम नाम सत्य है सरकार मस्त है के नारे लगाते रहे।

### एक दूसरे पर आरोप

विधानसभा में सत्ता और विपक्ष ने एक दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। विपक्ष का कहना था कि मंत्री इस्तीफा देकर संवेदना व्यक्त करें। इस पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि बाबा महाकाल में भी हादसा हुआ था उस समय क्या तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने इस्तीफा दिया था। तब आपकी संवेदना कहां चली गई थी। सत्ता पक्ष से प्रहलाद पटेल, नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित कई मंत्रियों ने यूनियन कार्बाइड का हवाला देते हुए कहा कि उस वक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए चर्चा नहीं हुई थी फिर आज इस विषय पर कांग्रेस क्यों जबरियां नौटंकी कर रही है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने माना दूषित पानी से हुई 22 मौतें

विधानसभा में डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने लिखित जवाब में स्वीकार किया कि इंदौर में 21 दिसंबर 2025 से उत्तर दिए जाने तक दूषित पानी के कारण कुल 22 मौतों की आधिकारिक पुष्टि हुई है। सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस अवधि में 459 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से 4 मरीज अभी भी उपचाराधीन हैं।

## मंत्री-सांसद और विधायक का नहीं छूट रहा हूटर मोह

### नियमों की सरेआम उड़ रहीं धज्जियां, कार्रवाई से कतरा रही पुलिस

भोपाल (ईएमएस)। राजधानी में आपको हूटर प्रेमी बहुत दिख जाएंगे, जो खुलआम अपने वाहनों में हूटर लगाकर कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से वीआईपी कल्चर खत्म करने को लेकर कई बार अलग-अलग मंचों से कह चुके हैं। इसके साथ ही इस कल्चर को खत्म करने के लिए कई नियमों में बदलाव भी किया गया। इसके बावजूद नेताओं और अधिकारियों का लाल बत्ती के साथ हूटर के लिए जो प्यार है, खत्म होने का नाम नहीं लेता है। मंत्री-विधायक और सांसदों के वाहन सांय-सांय की आवाज करते सड़कों पर दौड़ते नजर आ जाते हैं। हूटर नियम के बाद नहीं उतर रहे हैं।

करीब 8 साल पहले केंद्र सरकार की ओर से मंत्री अफसर समेत सभी जनप्रतिनिधियों के वाहनों पर हूटर लगाने के नियम को बंद कर दिया गया था। इसके बाद से गाड़ियों पर लगे हूटरों को उतारना शुरू भी कर दिया गया था। ज्यादातर गाड़ियों से हूटर और लाल बत्ती को प्रशासन द्वारा उतरवा भी दिया गया था, लेकिन मप्र में जनप्रतिनिधि हों या बड़े अधिकारी अब भी हूटर का उपयोग कर रहे हैं। केंद्र सरकार की मंशा ये थी की हूटर से काफी तेज आवाज निकलती है और ऐसे में सामान्य तौर पर उसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगाने की अनुमति नहीं केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 के तहत इस तरह का कोई भी प्रेशर हॉर्न किसी वाहन में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, लेकिन पहले वीआईपी लोगों को इसकी इजाजत थी। केन्द्र सरकार के आदेश के बाद वीआईपी लोगों के वाहनों पर भी हूटर लगाना बंद कर दिया गया था। हूटर लगाने की इजाजत सिर्फ आपातकालीन सेवा में इस्तेमाल होने वाले वाहन जैसे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस के वाहन शामिल हैं। इन वाहनों के अलावा अगर और कोई हूटर इस्तेमाल करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर कार्रवाई की जा सकती है।



### हूटर लगाकर फर्राटा भर रहे नेतागण

वर्तमान में विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ ही अन्य राजनीतिक दलों के पदाधिकारी बेखौफ होकर हूटर लगाकर अपना जलवा बिखेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यातायात पुलिस की चालानी कार्रवाई 2 पहिया वाहनों, सीट बेल्ट व वाहनों के दस्तावेज चेक करने तक ही सिमट कर रह गई है। अनाधिकृत रूप से हूटर लगाकर शहर और मुख्य मार्गों में दौड़ने वाले वाहनों के विरुद्ध अब तक यातायात पुलिस ने भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

### इन वाहनों में हूटर लगाने की छूट

अगर कोई इन नियमों के खिलाफ जाकर अपने वाहन पर हूटर लगाता है, तो उस पर 5000 रुपये तक का चालान किया जा सकता है। केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1989 के नियम 119(3) के तहत इन वाहनों को हूटर और साइरन के लिए छूट दी गई है, जिसमें एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, आपातकालीन सेवा में चलने वाली गाड़ी और परिवहन विभाग के अफसरों की गाड़ियां शामिल हैं।

### नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

इस मामले में पुलिस कमिश्नर संजय सिंह ने कहा कि यातायात पुलिस की ड्यूटी है कि ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करें। जरूरत पड़ी तो हूटर के खिलाफ अभियान भी चलाया जाएगा। हूटर के अलावा प्रेशर हॉर्न, ब्लैक फिल्म, फ्लैशर लाइट और मॉडिफाइड साइलेंसर लगाना केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1989 के खिलाफ है। ऐसा करने पर भी जुर्माना भरना पड़ सकता है। इसीलिए वाहन चलाते वक्त इन नियमों का ध्यान रखना काफी जरूरी है।

## 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

भोपाल । सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बढ़े हुए आरक्षण पर मध्य प्रदेश सरकार नियुक्तियां कर सकती है। हालांकि एक्ट सही या गलत इस पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इसके साथ ही अब इस मामले की सुनवाई मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ही करेगा। स्ट ने कहा कि सुनवाई के लिए हाईकोर्ट स्वतंत्र है।

सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण मामले में लेट लतीफी के लिए मध्य प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। वहीं एमपी हाईकोर्ट के सभी इंटीम ऑर्डर निष्प्रभावी हो गए हैं। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश सरकार ने ओबीसी में 27 फीसदी आरक्षण की याचिका हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कार्रवाई थी। सुप्रीम कोर्ट यह पहले कह चुकी थी कि राज्य के कानून की संवैधानिकता का अनुच्छेद 226 के तहत परीक्षण करने का सर्वप्रथम हाईकोर्ट को अधिकार है।

यह भी बता दें कि एमपी में ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत से ज्यादा है, लेकिन ओबीसी वर्ग 27 फीसदी आरक्षण के पेंच में उलझ गया है। मध्यप्रदेश में हो रही भर्ती परीक्षाओं में 87-13 का फॉर्मूला लागू है, इसके तहत 87 प्रतिशत रिजल्ट जारी हो रहे हैं, जबकि 13 प्रतिशत रिजल्ट होल्ड पर हैं। इन पदों को होल्ड करने के फैसले को ही चुनौती दी गई है। गौरतलब है कि साल 2019 में मध्य प्रदेश विधानसभा की ओर से पारित कानून के तहत ओबीसी आरक्षण को 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया था, लेकिन हाईकोर्ट के अंतरिम आदेशों के कारण यह लागू नहीं हो सका था।

## शिक्षकों के 1 लाख 15 हजार 678 पद खाली

भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में विधायकों के सवालों पर सरकार की ओर से विभागीय मंत्री जवाब दे रहे है। इसी कड़ी में विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रश्न पर शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि- एमपी में शिक्षकों के 1 लाख 15 हजार 678 पद खाली है। स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक के स्वीकृत 289005 पद। 174419 कार्यरत और 115678 पद रिक्त हैं। जो स्वीकृत पद के 40% हैं प्राथमिक विद्यालय में स्वीकृत 133576 पद में 55626। माध्यमिक विद्यालय में 110883 पद में 44546 तथा उच्च माध्यमिक के 44546 पद में से 15506 पद रिक्त हैं।

### 1968 स्कूलों में एक और 46417 विद्यालय में दो शिक्षक

उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 22973 परिसर में एक शाला एक परिसर के तहत उनमें 49477 शाला विलय कर दी गई। प्रदेश में 83514 विद्यालय में से 1968 स्कूलों में एक शिक्षक तथा 46417 विद्यालय में दो शिक्षक हैं तथा उनमें नामांकन क्रमशः 41965 तथा 1373270 हैं। एक शिक्षकीय में सबसे ज्यादा धार में 144 विद्यालय हैं।

### 5735 प्राथमिक विद्यालय जीर्ण शीर्ण

प्रताप ग्रेवाल द्वारा जीर्ण शीर्ण भवन तथा शौचालय की जानकारी मांगने पर बताया कि 5735 प्राथमिक विद्यालय जीर्ण शीर्ण है। 1725 विद्यालय में बालक शौचालय तथा 1784 में बालिका शौचालय भी नहीं है। उच्च माध्यमिक विद्यालय में 75 बालक शौचालय 43 बालिका शौचालय नहीं है। जीर्ण शीर्ण विद्यालय में सबसे ज्यादा झाबुवा में 618 तथा धार में 550 विद्यालय हैं।

### शिक्षकों की भर्ती हो रही है, आगे भी भर्ती करेंगे

मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 20 से कम विद्यार्थी वाले स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालय 11889 में 148817 छात्र है तथा 23873 अध्यापक है याने प्रत्येक विद्यालय में औसतन 13 विद्यार्थी तथा दो अध्यापक हैं।

## प्रतिमा बागरी को हाई कोर्ट से बड़ी राहत



भोपाल। मध्यप्रदेश की नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री और विधायक प्रतिमा बागरी को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। यह याचिका कांग्रेस नेता प्रदीप अहिरवार द्वारा दायर की गई थी।

हाई कोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता याचिका दायर करने के अधिकार को संतोषजनक ढंग से स्थापित नहीं कर सके। इस पर लंबी बहस के बाद याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी गई, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को स्वतंत्रता दी है कि वह उचित फोरम पर जाकर अपना आवेदन दे सकता है।

### याचिका में कहा था- बागरी को राजपूत माना जाता है

दरअसल याचिका में कहा गया था कि 27 अक्टूबर 2018 को एसडीओ, नागोद जिला सतना द्वारा प्रतिमा बागरी को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी किया गया था। याचिकाकर्ता का तर्क था कि महाकौशल, बुंदेलखंड और बघेलखंड अंचल के सतना, पन्ना, जबलपुर और सिवनी जिलों में बागरी समुदाय को राजपूत वर्ग में माना जाता है, जबकि निमाड़ और मालवा क्षेत्र के उज्जैन, इंदौर, रतलाम और मंदसौर जिलों में यह समुदाय अनुसूचित जाति श्रेणी में शामिल है। इसी आधार पर आरोप लगाया गया कि सतना जिले की निवासी होने के बावजूद प्रतिमा बागरी ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रैगांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और विजय हासिल की।

## मप्र में सड़कों पर बने जर्जर पुलों की अब होगी मरम्मत

### - 19.5 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार

भोपाल। मप्र रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपी-आरडीसी) अब प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, धार, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा आदि शहरों में अपनी सड़कों पर बने जर्जर पुलों की मरम्मत कराएगा। इसके लिए साढ़े 19 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई है। खराब पुलों का पूर्व में सर्वे कराया गया था। एमपी-आरडीसी के अधिकारियों का पूरा फोकस वर्षा के मौसम से पहले काम पूरा कराने पर है। जिन पुलों की मरम्मत होनी है उसमें भोपाल, धार और उज्जैन खंड के एक करोड़ 34 लाख रुपये और नर्मदापुर, छिंदवाड़ा और रीवा डिवीजन में 1.98 लाख रुपये की राशि पुलों की मरम्मत के लिए तय की गई है। धार और इंदौर खंड में राऊ-महू-मंडलेश्वर रोड पर नौ माइनर ब्रिज तथा थांदला-लिमडी रोड पर चार माइनर पुलों की मरम्मत दो करोड़ 48 लाख रुपये से की जाएगी। उज्जैन, इंदौर और धार खंड के नीमच-मनासा-रामपुरा रोड, ताल-गोगापुर रोड, देवास-निवाड़ी रोड, आष्टा-कनोट रोड, मंडलेश्वर-कसरावद रोड, बड़वाह-धमनोद रोड, थांदला-कुशलगढ़ रोड पर 12 पुलों की मरम्मत 2.30 करोड़ रुपये से की जाएगी। भोपाल खंड में बरेली-पिपरिया रोड के तीन पुल, विदिशा-अहमदपुर-गैरतगंज रोड, सुल्तानपुर रोड के दो पुल, भोजपुर-मकसूदनगढ़ रोड के दो पुल, भोपाल बैरसिया रोड के दो पुल के साथ ही ग्वालियर में भिंड-मिहोना-गोपालपुरा रोड, करैरा-भितरवार रोड, परोंद-फतेहगढ़-अशोकनगर रोड के दो पुलों की मरम्मत चार करोड़ 14 लाख रुपये से की जाएगी। छिंदवाड़ा खंड के सिवनी-बालाघाट रोड के तीन पुल, लालबर्रा-समनापुर रोड के एक पुल के साथ जबलपुर के 17 पुलों की मरम्मत का काम तीन करोड़ 27 लाख रुपये से होगी। नर्मदापुरम खंड के पिपरिया-मटकुली रोड के नौ पुल, नर्मदापुरम-तिमरनी रोड के सात पुल, खंडवा-ऐशपुर-हरदा रोड के 11 पुलों की मरम्मत का काम दो करोड़ 85 लाख रुपये से होगी।

## कर्मचारियों के मामले कोर्ट के बाहर हों खत्म!

### -सुप्रीम कोर्ट जज का आयडिया करेगा केस खत्म

भोपाल। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी की सलाह पर अदालतों में पेंडिंग 40 प्रतिशत से ज्यादा मामले खत्म किया जा सकते हैं। जस्टिस जेके माहेश्वरी का कहना है कि मुकदमेबाजी की बजाय कम से कम सरकार के अधिकारियों को मेडिएशन आर्बिट्रेशन जैसे तरीकों का इस्तेमाल करना चाहिए। केवल सरकारी मुकदमे यदि कम हो जाते हैं तो अदालतों का बहुत हद तक बोझ कम हो जाएगा। मप्र में अभी भी 4 लाख 80000 हजार से ज्यादा मामले हाईकोर्ट में लंबित हैं।

मप्र हाईकोर्ट की वेबसाइट में हाईकोर्ट में पेंडिंग मामलों की रिपोर्ट के आधार पर दिसंबर 2025 तक 4 लाख 80 हजार 631 मामले पेंडिंग हैं। इनमें से 284194 सिविल के मामले और 196437 क्रिमिनल मामले हैं। अदालत में जजों की संख्या कम है और मामलों की संख्या ज्यादा। इसका असर आम आदमी को मिलने वाले न्याय पर होता है। सामान्य तौर पर हाईकोर्ट में याचिका करने वाला फरियादी निचली अदालत में कई साल तक मामलों की सुनवाई करवा चुका होता है, उसके बाद जब वह हाईकोर्ट पहुंचता है तो वहां भी उसे लंबा इंतजार करना पड़ता है। ऐसी हालत में लोगों का न्यायपालिका पर भरोसा कम होता है।

### सुप्रीम कोर्ट के जज की सलाह

अदालतों में तारीख पर तारीख से जितना आम आदमी परेशान है, उतना ही कोर्ट में काम करने वाले जज भी परेशान हैं। लगातार कोशिश के बाद भी अदालत में मामलों की संख्या कम नहीं हो पा रही है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस जे के माहेश्वरी का कहना है कि कम से कम सरकार को अपनी तरफ से लिटिगेशन में कमी करनी चाहिए। ज्यादातर सरकारी मामले मेडिएशन आर्बिट्रेशन और कॉन्सिलिएशन से खत्म किये जा सकते हैं। यदि सरकार इस मामले में सख्त हो जाए तो अदालत में आम आदमी से जुड़े मामलों में तेजी से सुनवाई की जा सकती है और अदालतों का बोझ कम किया जा सकता है।

### सबसे ज्यादा पेंडेंसी सर्विस मेटर की

हाई कोर्ट में सबसे ज्यादा पेंडेंसी सर्विस मेटर की है। दरअसल सरकारी नौकरी करने वाले लोगों को उनकी सेवा शर्त ग्रैजुएटी, पेंशन, प्रमोशन, ट्रांसफर जैसे मामलों में विभाग से न्याय नहीं मिलता तो वे तुरंत हाईकोर्ट में याचिका लगाने पहुंच जाते हैं। ऐसी स्थिति में हाईकोर्ट में मामलों की संख्या बढ़ती चली जाती है। सिविल के जो 2 लाख 80 हजार मामले पेंडिंग हैं, उनमें ज्यादातर मामले सर्विस मैटर के हैं। आम आदमी यदि विवाद में फंसता है तो वह कोर्ट में याचिका दायर करता है। इसमें एक पक्ष होता है और एक विपक्ष होता है। वकील इन दोनों की पैरवी अदालत के सामने करते हैं और सबूत के आधार पर मामले का फैसला सुनाया जाता है। यह सामान्य मुकदमेबाजी है जो सदियों से चली आ रही है। लेकिन लगातार बढ़ते मुकदमों की संख्या, जजों की कमी और कोर्ट की प्रक्रिया में मुकदमेबाजी कई साल तक चलती है। इसलिए लोग मुकदमेबाजी से डरते हैं और लोगों को सही न्याय नहीं मिल पाता।

### 40 प्रतिशत तक कम हो सकते हैं मुकदमे

एडवोकेट हरीश अग्निहोत्री ने बताया कि मेडिएटर और आर्बिट्रेटर जो फैसला देता है, वह दोनों पार्टियों के लिए मान्य होता है, हालांकि इसे कोर्ट में क्लेम किया जा सकता है। हरीश अग्निहोत्री का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस जे के माहेश्वरी ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के अधिकारियों को यह सलाह दी है कि ज्यादातर मामलों में यह लोग ही पक्षकार हैं और यदि राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारी मेडिएशन आर्बिट्रेशन का सहारा लें तो कम से कम अदालतों के 40 प्रतिशत तक केस खत्म हो सकते हैं। एडवोकेट दीपक रघुवंशी ने बताया कि दुनिया के कई देश ऐसे हैं जहां आर्बिट्रेशन और मेडिएशन बहुत अच्छे तरीके से काम कर रहा है और ज्यादातर मुकदमे वकीलों के चेंबर में ही खत्म हो जाते हैं। भारत में भी कोशिश बड़े पैमाने पर की जा रही है लेकिन लोगों में थोड़ा सा अभी चलन कम है।



# अजेय रहते हुए सुपर-8 में पहुंचा जिम्बाब्वे, श्रीलंका को छह विकेट से दी करारी शिकस्त

कोलंबो। ब्रायन बेनेट की तूफानी अर्धशतकीय पारी की मदद से जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को छह विकेट से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ सिकंदर रजा की अगुवाई वाली टीम ने टी20 विश्व कप 2026 में ग्रुप स्टेज का अजेय रहते हुए समापन किया और सुपर-8 में शानदार एंट्री की। गुरुवार को कोलंबो में खेले गए 38वें मुकाबले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे ने तीन गेंदों के शेष रहते 182 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### ग्रुप-बी की टेबल टॉपर बनी जिम्बाब्वे

इस जीत के साथ जिम्बाब्वे की टीम ने ग्रुप बी की टेबल टॉपर भी बन गई। लीग चरण में खेले चार मुकाबलों में उसने तीन मैचों में शानदार जीत दर्ज की। वहीं, एक मैच बेनतीजा रहा। टीम सात अंक और + 1.506 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। इस हार के साथ मेजबान श्रीलंका दूसरे स्थान पर खिसक गई। उसके खाते में छह अंक और +1.741 का नेट रन रेट है। ग्रुप बी से सुपर-8 के लिए जिम्बाब्वे और श्रीलंका की टीमें पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं। वहीं, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ओमान का सफर ग्रुप स्टेज में ही समाप्त हो गया है। इस ग्रुप का आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और ओमान के बीच खेला जाना है।



### ग्रुप-बी की अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिम्बाब्वे | 4 | 3 | 0 | 0 | 1 | 7 | 1.506 |
| श्रीलंका | 4 | 3 | 1 | 0 | 0 | 6 | 1.741 |
| आयरलैंड | 4 | 1 | 2 | 0 | 1 | 3 | 0.150 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0.414 |
| ओमान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | -4.546 |

### जिम्बाब्वे ने किया एक और उलटफेर

जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को हराकर टी20 विश्व कप 2026 में एक बार फिर बड़ा उलटफेर कर दिया। इससे पहले टीम ने ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया था। जिम्बाब्वे की टीम सुपर-8 में भारत, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के साथ ग्रुप-1 में है, जबकि श्रीलंकाई टीम न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप-2 में है।

### जिम्बाब्वे की पारी

जवाब में जिम्बाब्वे ने 19.3 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम को ब्रायन बेनेट और तदिवानाशे मारुमानी की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों के बीच 8.3 ओवरों में 69 रन की साझेदारी हुई।

मारुमानी 26 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 34 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद बेनेट ने रयान बर्ल के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन जुटाते हुए टीम को 98 के स्कोर तक पहुंचाया।

बर्ल 12 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 23 रन की पारी खेलकर पवेलियन लौटे।

यहां से बेनेट ने कप्तान सिकंदर रजा के साथ 40 गेंदों में 69 रन जुटाते हुए टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया।

## हरमनप्रीत सबसे अधिक अंतराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला क्रिकेटर बनीं

### न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स का रिकार्ड टूटा

कैनबरा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां दूसरे टी20 क्रिकेट मैच के लिए मैदान में उतरते ही एक रिकार्ड बना दिया है। अब हरमनप्रीत महिला क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यहां मैदान पर उतरने के साथ ही अपना 356 वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला और वह न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बेट्स से आगे निकल गयी हैं।। बेट्स ने 355 मैच खेले हैं। वहीं सबसे अधिक मैच खेलने के मामले में तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की एलिसे पेरी हैं। पेरी के नाम पर 349 मैच हैं। वहीं भारतीय टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने 333 मैच खेले हैं, जबकि शार्लोट एडवर्ड्स ने इंग्लैंड के लिए 309 मैच खेले हैं। महिला क्रिकेट में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ियों में न्यूजीलैंड सोफी डिवाइन के नाम 305, इंग्लैंड की हीथर नाइट के नाम 303 और डैनी व्याट-हॉज के नाम 302 मैच हैं। हरमनप्रीत ने अपने क्रिकेट करियर में अब तक छह टेस्ट, 161 एकदिवसीय और 189 टी20 मैच खेले हैं। छह टेस्ट मैचों में उनके नाम 200 रन जबकि एकदिवसीय में 4,409 और टी20 मैचों में 3,784 रन हैं। हरमनप्रीत ने सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनने पर खुशी जताते हुए कहा कि उनका लक्ष्य के लिए आगे भी अच्छा प्रदर्शन करना रहेगा।

## आईसीसी ने पथिराना की जगह मदुशंका को शामिल करने के श्रीलंकाई प्रस्ताव को मंजूर किया

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तकनीकी समिति ने चोटिल तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना की जगह दिलशान मदुशंका को शामिल करने की श्रीलंकाई बोर्ड की अपील मंजूर कर ली है। पथिराना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए मैच में बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के बाद टीम से बाहर हो गये थे। ऐसे में उनकी जगह पर विकल्प के तौर पर दिलशान मदुशंका को शामिल किया गया। पथिराना कैंडी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए मैच में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अपने ओवर की केवल चार गेंदें ही फेंक पाये थे। इसके बाद उन्हें दर्द बढ़ने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इसके बाद उनका बचा हुआ ओवर दासुन शनाका ने पूरा किया। गौरतलब है क आईसीसी टूर्नामेंट में किसी खिलाड़ी की जगह दूसरे को शामिल करने से पहले तकनीकी समिति की सहमति जरुरी है।

## जम्मू कश्मीर के आकिब ने रणजी में धमाकेदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया के लिए दावेदारी पेश की

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय टीम में जगह के लिए दावेदारी पेश की है। आकिब ने बंगाल के खिलाफ सेमीफाइनल में पहली पारी में पांच जबकि दूसरी पारी में 4 विकेट लिए। उन्होंने इस घरेलू सत्र में अब तक 9 मैचों में रिकार्ड 55 विकेट लिए हैं। ये पूरे देश के लाल-गेंद क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट हैं। ये लगातार दूसरा रणजी सत्र है जब आकिब ने 40 से ज्यादा विकेट लेकर अपनी गेंदबाजी को साबित किया है।

यहां तक कि बंगाल के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी उनसे पिछड़ गये। जिस प्रकार से उन्होंने प्रदर्शन किया है। उससे अब चयन समिति पर तंज कसा जाने लगा है कि शमी की वापसी नहीं करना चाहते तो नबी को ही नये गेंदबाज के तौर पर टीम में अवसर दे दें। शमी की घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बाद भी राष्ट्रीय टीम में वापसी नहीं होती देखते हुए प्रशंसकों ने ये बात कही है। रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जहां शमी ने 8 विकेट लिए, वहीं नबी ने कुल 9 विकेट लेने के साथ ही नौवें नंबर पर 42 रन बनाकर साबित किया है कि वह जरुरत पड़ने पर रन भी बना सकते हैं। आकिब ने इस सत्र में अब तक कुल 55 विकेट लिए हैं। उनका गेंदबाजी औसत 12.72 रहा है। उन्होंने सत्र में छह बार पांच विकेट लिए हैं। आकिब नबी ने इस सीजन में जम्मू-कश्मीर के ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर परवेज रसूल का एक सत्र में सबसे ज्यादा विकेट का रिकार्ड तोड़ा है। ; दलीप ट्रॉफी में उन्होंने 4 गेंदों में 4 विकेट लेकर लिए हैं। उनकी स्विंग को खेलना बल्लेबाजों के लिए कठिन रहा है। इसी कारण उन्हें आईपीएल नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा था। वहीं अब देखना है कि चयनकर्ता कब इस गेंदबाज को टीम इंडिया में जगह देते हैं।

## होप और जोसेफ के अच्छे प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रनों से हराया

कोलकाता। कप्तान शाई होप और तेज गेंदबाज शामार जोसेफ के अच्छे प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को यहां टी20 विश्व कप क्रिकेट के अपने अंतिम लीग मुकाबले में इटली को 42 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप सी में नंबर एक पर बनी हुई है। वेस्टइंडीज ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए होप के 46 75 रनों की सहायता से 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रन बनाये। आज के खेल का आकर्षण होप की पारी रही। होप ने तेजी से खेलते हुए 28 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया पर अन्य बल्लेबाजों का उन्हें साथ नहीं मिला, इस कारण टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम 18 ओवर में 123 रन ही बना पायी। वेस्टइंडीज



की ओर से शामार जोसेफ ने 30 रन देकर चार विकेट लिए। इसके इसके अलावा चार कैच भी पकड़े। वहीं इस मैच के साथ ही इटली का अभियान इस टूर्नामेंट में समाप्त हो गया है। इस मैच में बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसन नहीं था। रोस्टन चेज 25 गेंद पर 24, शेरफेन रदरफोर्ड 15 गेंद पर नाबाद 24 रन और मैथ्यू फोर्डे आठ गेंद पर नाबाद 16 रन ही बना पाये। इटली के गेंदबाजों ने इंडीज बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। बेन मनेंटी और और कृशान कालुगामगे ने दो-दो विकेट लेकर बल्लेबाजों पर अंकुश लगाये रखा। केव ग्रांट स्टीवर्ट के ही एक ओवर में 19 रन बने। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह पावर प्ले में तीन विकेट पर 37 रन ही बना पायी। एंथनी मोस्का ने 19 रन बनाये। वहीं उनके भाई जस्टिन मोस्का 02 रन ही बना पाये। सैयद नकवी भी 6 रन ही बना पाये। जेजे स्मट्स ने 27 गेंद में 24 रन जबकि कप्तान हैरी मैनेंटी ने 8 रन बनाये। इटली की आधी टीम 78 रनों पर ही आउट हो गयी। इसके बाद बेन मैनेंटी ने इटली को 100 रनों तक पहुंचाया। वहीं ग्रांट स्टीवर्ट 12 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये।

## सुपर-8 मुकाबलों के लिए करने होंगे सुधार = सूर्यकुमार

अहमदाबाद । भारतीय क्रिकेट टीम को नीदरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप क्रिकेट के अपने अंतिम मुकाबले में 17 रनों से जीत मिली पर कप्तान सूर्यकुमार यादव इससे संतुष्ट नहीं हैं। सूर्यकुमार का कहना है कि सुपर-8 से पहले सब कुछ सही है ये नहीं कहा जा सकता। टीम को अभी कुछ सुधार भी करने हैं। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 193 रन बनाए। वहीं इसके बाद एसोसिएट डच टीम ने भी सात विकेट पर 176 रन बनाये। इसी को देखते हुए कप्तान ने कहा कि जीत में भी सीख मिलती है, हमें और कसी गेंदबाजी करनी चाहिये थी। उन्होंने कहा कि पूरी तरह गेंदबाजों को भी दोष नहीं दिया जा सकता है क्योंकि ओसा काफी अधिक थी। जिससे भी गेंदबाजों को परेशानी हुई। उन्होंने सुपर आठ को लेकर कहा, 'शुरुआत थोड़ी धीमी हो सकती है पर सभी बल्लेबाजों के लिए यह समझना बहुत जरूरी है कि उनकी जिम्मेदारी क्या है और बीच के ओवरों में विकेट कैसा बर्ताव कर सकता है। इसके बाद हमारे पास ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल या वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ी हैं, जो मैच को अच्छी तरह समाप्त कर सकते हैं।' सुपर-8 को लेकर पूछे एक सवाल पर उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं कह सकते कि सब कुछ पूरी तरह से सही था। जीत में भी कई प्रकार की सीख मिलती है और हमने कुछ चीजें सीखी हैं। अब हम आगे के मैचों को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।'

वहीं कप्तान ने मैच में 31 गेंदों पर 66 रन बनाने वाले शिवम की जमकर प्रशंसा की है। अपनी पारी में इस बल्लेबाज ने 6 छक्कों और 4 चौकों के साथ 66 रन बनाए। सूर्या ने कहा कि शिवम ने जिस तरह मिडिल ओवर्स में बल्लेबाजी की, उससे सभी पर से दबाव हट गया था। टीम के पास अंतिम ग्यारह के लिए कई विकल्प हैं जिनको लेकर भी कप्तान ने खुशी जतायी और कहा कि बीच के ओवरों के लिए उनके पास गेंदबाजी के लिए अभिषेक शर्मा, हार्दिक पंड्या और शिवम जैसे खिलाड़ी हैं। नीदरलैं के खिलाफ सूर्या ने 28 गेंदों में 34 रन बनाए और अपनी इस पारी से वह संतुष्ट दिखे। कप्तान के अनुसार टीम के साथ सकारात्मक बात ये है कि सभी लोग बल्लेबाजी में अपना योगदान दे रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी20 में भारतीय टीम को हराया

कैनबरा । मेजबान ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये दूसरे टी20 मैच में भारतीय टीम को 19 रनों से हराकर तीन मैच की सीरीज में 1-1 से वापसी की है। ऑस्ट्रेलिय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्जिया वोल के अर्धशतक 88 रनों और बेथ मूनी के 46 रनों की सहायता से 5 विकेट पर 163 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नौ विकेट पर 144 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय बल्लेबाजी ढ़ह गयी। कप्तान हरमनप्रीत कौर 36, स्मृति मंधाना 31 और शेफाली वर्मा 29 के अलावा अन्य बल्लेबाज असफल रहीं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एश्ले गार्डनर ने 22 रन देकर तीन विकेट जबकि किम गार्थ, अनाबेल सदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनू ने दो-दो विकेट लिए। । भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही थी और उसने

नौवें ओवर में एक विकेट पर 65 रन बना लिए थे पर इसके बाद टीम ने अंत में सात रन के अंदर ही छह विकेट खो दिये। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने



पावरप्ले में ही 54 रन बना लिए थे पर इसके बाद शेफाली के आउट होने से बल्लेबाजी ढ़हनी शुरु हो गयी। जेमिमा रोड्रिग्स भी 4 रन ही बना पायी। मंधाना के रूप में तीसरा विकेट गिरा। भारतीय टीम ने तीन विकेट पर 71 रन बना लिए थे। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत और ऋचा घोष 19 ने चौथे विकेट के लिए 55 रन बनाये। बाद में तेजी से रन बनाने के प्रयास में विकेट एक के बाद एक गिरते गये। हरमनप्रीत को 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर गार्थ ने पेवेलियन भेजा। इसके बाद ऋचा भी गार्डनर की गेंद पर स्टंप आउट हो गईं। 18वें ओवर में गार्डनर ने दीप्ति शर्मा को सदरलैंड के हाथों कैच कराया। इसके बाद भारतीय पारी सिमट गयी।

## अभिषेक पर भड़के प्रशंसक, बोले इससे तो अधिक रन सैमसन बना रहे थे

अहमदाबाद। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का खराब दौर समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। अभिषेक टी20 विश्वकप में अपने तीसरे मैच में भी खाता नहीं खो पाये। इससे प्रशंसक उनपर भड़क गये हैं। प्रशंसकों का कहना है कि संजू सैमसन के भी उनसे अधिक रन हैं। सैमसन को अपनी खराब फार्म के कारण ही अभिषेक की वापसी के बाद बाहर किया किया गया है पर जिस प्रकार से अभिषेक रन बनाने में विफल हुए हैं। उससे ये बदलाव कारगर साबित नहीं हुआ है। प्रशंसकों को उम्मीद थी कि अभिषेक आक्रामक अंदाज में खेलेंगे पर जब तीसरे मुकाबले में भी ऐसा नहीं हुआ तो उनके सब्र का बांध टूट गया। जिस तूफानी बल्लेबाजी की उम्मीद प्रशंसकों को थी। वह अब भी नहीं दिखी। इसके बाद सोशल मीडिया पर अभिषेक की जमकर खिंचाई हुई। प्रशंसकों ने तंज कसा कि इससे तो अधिक रन सैमसन के हैं। वहीं कुछ प्रशंसकों का मानना है कि सुपर-8 के लिए सैमसन को टीम में शामिल किया जाना चाहिये।

## टी20 विश्वकप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला 22 फरवरी को

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम को अब सुपर आठ में 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से अपना पहला मैच खेलना है। इसके बाद भारतीय टीम 26 फरवरी को जिम्बाब्वे जबकि एक मार्च को वेस्टइंदीज के खिलाफ खेलेगी। टी20 विश्व कप में भारत के अलावा श्रीलंका, जिम्बाब्वे, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड ने अगले दौर के लिए क्वालीफाई किया है। सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर चुकी इन 8 टीमों को 2 ग्रुप में रखा गया है। सुपर-8 स्टेज का पहला मैच 21 फरवरी को खेला जाएगा, वहीं आखिरी मुकाबला 1 मार्च को होगा। इसके बाद दो सेमीफाइनल 4 और 5 मार्च को खेले जाएंगे, वहीं फाइनल 8 मार्च को होगा।

### टी20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले

21 फरवरी, शनिवार; न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान; शाम 7:00 बजे; प्रेमदासा, कोलंबो

22 फरवरी, रविवार; श्रीलंका बनाम इंग्लैंड; दोपहर 3:00 बजे; कैंडी

22 फरवरी, रविवार; भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका; शाम 7:00 बजे अहमदाबाद

23 फरवरी, सोमवार; वेस्टइंडीज बनाम जिम्बाब्वे; शाम 7:00 बजे मुंबई

24 फरवरी, मंगलवार; इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान; शाम 7:00 बजे कैंडी

25 फरवरी, बुधवार; श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड; शाम 7:00 बजे प्रेमदासा, कोलंबो

26 फरवरी, गुरुवार; दक्षिण बनाम वेस्टइंडीज; दोपहर 3:00 बजे अहमदाबाद

26 फरवरी, गुरुवार; भारत बनाम जिम्बाब्वे; शाम 7:00 बजे चेन्नई

27 फरवरी, शुक्रवार; इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड; शाम 7:00 बजे प्रेमदासा, कोलंबो

28 फरवरी, शनिवार; श्रीलंका बनाम पाकिस्तान; शाम 7:00 बजे कैंडी

1 मार्च, रविवार;दक्षिणअफ्रीका बनाम जिम्बाब्वे; दोपहर 3:00 बजे दिल्ली

1 मार्च, रविवार; भारत बनाम वेस्टइंडीज; शाम 7:00 बजे कोलकाता

## मिशेल मार्श की गलती की सजा तो नहीं भुगत रही ऑस्ट्रेलियाई टीम

नई दिल्ली । 2021 की विजेता ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का प्रदर्शन इस बार बेहद खराब रहा और टीम सुपर आठ तक भी नहीं पहुंच पायी। ऑस्ट्रेलियाई टीम के नाम सबसे अधिक 10 बार आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। उसने 6 एकदिवसीय विश्वकप के लिए 2 बार चैंपियंस ट्रॉफी, 1 बार टी20 वर्ल्ड कप और 1 बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप ट्रॉफी भी जीती है। इसके बाद भी उसकी खराब हालात के पीछे दो कारण हो सकते हैं। पहला ये कि पैट कमिंस, जोश हेजलववुड सहित कई स्टार खिलाड़ी चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। वहीं दूसरे ये कि टीम को ट्रॉफी का अपमान भारी पड़ गया। साल 2023 एकदिवसीय विश्वकप खिताब जीतने के बाद उसके बल्लेबाज मिशेल मार्श ने आईसीसी ट्रॉफी पर पैर रखकर उसका अपमान किया था और माना जा रहा है कि उसके कारण ही टीम उसके बाद से ही अब तक कोई ट्रॉफी नहीं जीती है।



तब कमिंस की कप्तानी में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय टीम को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने खिताब जीता था। इसके बाद से ही वह चार बार 2024 में टी20 विश्वकप, 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी, 2025 में ही डब्ल्यूटीसी फाइनल और अब 2026 में एक बार फिर टी20 विश्वकप से बाहर हो गयी है। यहां तक की जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम भी उससे हराने में सफल रही हे।

2023 एकदिवसीय विश्वकप कप खिताब जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी घमंड में भर गये थे। जीत की खुशी में मार्श इतने जुनूनी हो गये कि वह ट्रॉफी का सम्मान भी नहीं रख पाये। मार्श की एक तस्वीर भी उस समय सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थी, जिसमें उनके एक हाथ में बीयर की बोतल दिखाई दे रही थी, वहीं दोनों पैर ट्रॉफी के ऊपर रखे हुए थे। कई प्रशंसकों का मानना है कि उस समय उन्होंने ट्रॉफी का जो अपमान किया था उब उसकी की सजा ऑस्ट्रेलियाई टीम भुगत रही है।

## बांग्लादेश के नये खेलमंत्री अमीनुल बोले, भारत और बीसीसीआई से बेहतर संबंध चाहते हैं

ढाका। बांग्लादेश सरकार के नये खेल मंत्री अमीनुल हक ने कहा है कि वह भारत के साथ ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से भी बेहतर बनाना चाहता है। खेल मंत्री की शपथ लेने के बाद हक ने कहा कि वह बीसीसीआई से संबंधों को फिर से पहले की तरह बनाना चाहते हैं। साथ ही कहा कि हाल में कुछ मामलों को लेकर दोनो ही देशों के बीच दूरियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, शपथ लेने के बाद मैंने भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मुकाकात कर उनसे टी20 विश्व कप में भाग नहीं लेने के बाद के हालातों पर भी बात की जो सकारात्मक रही। मैंने उनसे कहा कि हम इस मामले को बातचीत से हल करना चाहते हैं। हम सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं।

हक ने कहा, खेल के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। कुछ बाधाओं के कारण, हम टी20 विश्व कप नहीं खेल सके। बातचीत के दौरान इस प्रकार के मामलों को हाल किया जाता तो आज हमारी टीम भी विश्वकप में खेल रही होती।

गौरतलब है कि बांग्लादेश की पिछली सरकार ने सुरक्षा कारणों से भारत में टीम भेजने से इंकार करते हुए कहा था कि उनके मैच श्रीलंका में रखे जाएं पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड (आईसीसी) ने ये प्रस्ताव ठुकरा दिया था। जिसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपनी सरकार से बात करने के बाद खेल से बाहर होने का फैसला किया था।

## टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार तीन बार शून्य पर आउट होने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने अभिषेक

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ हुए आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के अंतिम लीग मुकाबले में भी रन बनाने में असफल रहे और शून्य पर ही आउट हो गये। अभिषेक इससे पहले अमेरिका और पाकिस्तान के खिलाफ भी खाता नहीं खोल पाये थे। इस प्रकार टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट होकर अभिषेक ने ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर के एक अनचाहे रिकार्ड की भी बराबरी कर ली है। सुंदर भी अभिषेक से पहले लगातार तीन पारियों में खाता नहीं खो पाये थे। ऐसे में अब अभिषेक लगातार तीन पारियों में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। नीदरलैंड के खिलाफ उम्मीद थी कि अभिषेक बड़ी पारी खेलकर सुपर-8 के पहले लय हासिल करेंगे पर वह असफल रहे। वह तीन गेंदों पर एक भी रन नहीं बना पाये।



गौरतलब है कि टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे अधिक बार शून्य पर आउट होने का रिकॉर्ड श्रीलंकाई कप्तान दासुन शनाका के नाम है। शनाका 16 बार शून्य पर आउट हुए हैं। भारतीय टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय टी20 में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने का रिकॉर्ड पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम है। रोहित अपने करियर में 12 बार शून्य पर आउट हुए हैं। वहीं सबसे अधिक बार सर्वाधिक बार शून्य पर आउट होने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज संजू सैमसन हैं। वह 7 बार शून्य पर आउट हुए हैं।

# मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स कमिश्नर कांफ्रेंस के एजेंडा बिंदुओ की समीक्षा की



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने 19 फरवरी को वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर्स कमिश्नर कांफ्रेस के एजेंडाबिंदुओ की समीक्षा की, इसमें रोजगार, उद्योग एवं निवेश, लोक सेवा प्रबंधन, सुशासन, कानून व्यवस्था, ग्रमीण विकास, शिक्षा एवं अन्य विभागों के विषय शामिल थे। इस वीडियों कांफ्रेंस में कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्य सचिव श्री जैन ने वीडियों कांफ्रेंस में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की हर घर नल से जल पहुंचाने की योजनाओं का शेष कार्य मार्च माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिये। ग्रामीण विकास की समीक्षा के दौरान आजीविका मिशन की लखपति दीदियों को ऋण स्वीकृत करने एवं रोजगार मूलक गतिविधियों से जुडने में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। इसी प्रकार शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान बच्चों के नामांकन में एवं उद्योग एवं निवेश की समीक्षा में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। इसके लिए बालाघाट जिले की सराहना की गई। नक्सल क्षेत्र के युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार दिलाने एवं उनका प्लेसमेंट कराने में उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना की सराहना की गई।

मुख्य सचिव श्री जैन ने 01 अप्रैल से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ करने के लिए सभी तैयारियॉ करने के निर्देश दिये। इस दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल के पूर्व सभी शालाओं में निःशुल्क वितरण के लिए पाठ्य पुस्तके उपलब्ध हो जाएगी और अप्रैल में छात्रावास भी खुल जाएंगे। मुख्य सचिव श्री जैन ने 06 वर्ष तक की आयु के बच्चों के मानसिक विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग को समन्वित रूप से प्रयास करने और 03 से 06 वर्ष की आयु के सभी बच्चों का आंगनवाडी में प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च के पूर्व सभी शालाओं में बालिका शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एमएसएमई सेक्टर विकसित करने कहा गया।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि प्रदेश से नक्सलवाद अब खत्म हो गया है अतः नक्सल प्रभावित रहे ग्रामों में विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए और ऐसे ग्रामों में शासन की सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। नक्सल प्रभावित ग्रामों में सिंचाई, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गए। वीडियों कांफ्रेंस में एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत चयनित फसल को जीआई टैग दिलाने एवं उसकी मार्केटिंग व ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देने कहा गया। वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है अतः कृषि के क्षेत्र में नवाचार एवं अन्य गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गए। पीएम गति शक्ति योजना के अंतर्गत किसानों को सोलर पंप लगाने के लिए प्रोत्साहित करने और इस पर तत्परता से काम करने कहा गया। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान संवेदनशील बस्तियों में सुरक्षा बलों एवं फायर ब्रिगेड के मूवमेंट के लिए सडको व गलियों में अतिक्रमण हटाने कहा गया। वीडियों कांफ्रेंस में संकल्प से समाधान अभियान, जनगणना कार्य, सडक सुरक्षा की भी समीक्षा की गई।

# पंवार समाज परसवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष बने उमेश भिकाजी बिसेन

### लिंगा में आयोजित सामाजिक बैठक में सर्वसम्मति से हुआ चयन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। परसवाड़ा क्षेत्र के लिंगा में पंवार समाज की एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक आयोजित की गई। बैठक समाज के जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के मुख्य आतिथ्य एवं लिंगा सर्किल कमेटी अध्यक्ष टामेश्वर पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में परसवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सर्वसम्मति से झिरिया निवासी उमेश भिकाजी बिसेन को पंवार समाज परसवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति के उपरांत उन्हें समाज की ओर से दायित्व पत्र भी सौंपा गया। इसके साथ ही जिला संगठन में भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। लोकेश रहांगड़ाले को जिला उपाध्यक्ष, चन्द्रशेखर कटरे को जिला संयुक्त सचिव, योगेश शरणागत को जिला संयुक्त सचिव तथा डामेश पटले को जिला संयुक्त सचिव बनाया गया। बैठक में पंवार समाज जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन, लिंगा सर्किल कमेटी अध्यक्ष एवं जिला संरक्षक टामेश्वर पटेल, जिला महासचिव डॉ. राजेंद्र एल. कटरे, शिवदयाल एड़े, लोकेश रहांगड़ाले, उमेश बिसेन, डामेश पटले, मुलाम एड़े, योगेश शरणागत, मिनेश एड़े, चैनलाल क्षीरसागर, कोमल पारधी, महेश ठाकरे, धोंडूलाल टेम्भरे, जगन्नाथ भगत सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे।

# 23 को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी संत गाडगे बाबा की जयंती

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी धोबी रजक समाज द्वारा संत गाडगे बाबा की 150 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी।जिसके तहत जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।इसी कड़ी में 23 फरवरी दिन सोमवार को आयोजित संत गाडगे बाबा की जयंती पर समस्त रजक धोबी समाज द्वारा नगर के वार्ड नं 6 देवी तालाब परिसर स्थित संत शिरोमणि गाडगे महाराज चौक, तो वही जिला धोबी रजक समाज बालाघाट द्वारा बूढ़ी स्थित समाज के सांस्कृतिक भवन में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। जहां सामाजिक बंधु सामूहिक रूप से संत गाडगे बाबा की पूजा अर्चना कर मंचीय कार्यक्रम की शुरुवात करेंगे। जहां महान संत की जीवनी पर प्रकाश डालकर संत गाडगे बाबा की जीवनी से प्रेरणा लेकर उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाएगा। तो वहीं देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर मुख्य समारोह का समापन



किया जाएगा।

### गाडगे महाराज ने की थी स्वच्छता अभियान की शुरुवात

आपको बताए कि संत श्री गाड़गे महाराज का जन्म अमरावती जिले के दयांपुर तहसील के शेणगांव नाम के छोटे से गांव में 23 फरवरी 1876 दिन बुधवार महाशिवरात्री के दिन एक धोबी परिवार मे हुआ था। संत गाड़गे बाबा ने अपने जीवन काल में स्वच्छता अभियान चलाकर मानव को जीवन में निरोगी काया रखने का संदेश देकर समाज को जागृत किया, आखिरकार अस्पृश्ता, अज्ञानता, अंधविश्वास में नहीं पड़ने की सीख देकर और समाज को साफ सुथरा रहने की चेतना दी थी। जिनकी जयंती 23 फरवरी सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी।जिसकी तमाम तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जयंती के इस विशेष अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सामाजिक बन्धुओ से पहुंचने की अपील बालाघाट जिला धोबी (रजक) समाज अध्यक्ष अशोक कुमार रजक,संरक्षक हरिचंद्र कनोजिया, केशवराव भंडुरिया, दिलीप बंसारे, सुरेश श्रीवास्त्री, किसन अंगूठलेवार, उपाध्यक्ष भरत कनोजिया, सचिव मुकेश मालवी, सह सचिव इसुदयाल ब?पात्रे, कोषाध्यक्ष जीवनलाल बड़गैया, सदस्य संतोष मालवी, प्रीतम लाल कनोजिया, भवनलाल जांगड़े, गणेश दूध मोगरे, मदनलाल मालाधरी और भरत बांसरे सहित अन्य पदाधिकारी सदस्यों द्वारा की गई है।

# दो स्थानों पर सेंटरिंग कार्य कर रहे दो व्यक्ति घायल

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी नगर सहित क्षेत्र के दो स्थानों पर सेंटरिंग का कार्य कर रहे दो व्यक्ति के साथ दुर्घटना हो गई। घटना में विकेंद्र हीरकने और करण नारबोदे दोनों गंभीर घायल हो गए जिनका सिविल अस्पताल में उपचार करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर ११ निजी स्कूल के भवन निर्माण में स्लैप डाला हुआ था। जहां पर सेंटरिंग खोलने के दौरान अचानक एक सेंटरिंग पटिया सेंटरिंग खोल रहे विकेंद्र पिता फूलचंद हिरकने ४२ वर्ष पिपरिया निवासी के सिर पर गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तो वहीं वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोस्ते के पंचायत परिसर में निर्माणधीन भवन में सेंटरिंग लगाने का कार्य चल रहा था। जहां करण मेहतराम नारबोदे उम्र १८ वर्ष महाराजपुर निवासी के द्वारा सेंटरिंग को कटर मशीन से काटने का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान अचानक कटर मशीन रिवर्स हो गई जिससे कटर मशीन करण नारबोदे के घुटने पर आ गई जिससे उसके पैर में एक बड़ा कट लग गया। यह दुर्घटना के बाद दोनों को मजदूरों के द्वारा सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा दोनों की जांच करने के उपरांत आवश्यक उपचार कर छुट्टी दे दी गई।

# 19 मार्च को होगा वारासिवनी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। जनपद पंचायत वारासिवनी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना / निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन दिनांक 19 मार्च 2026, गुरुवार को सिविल क्लब ग्राउंड (दशहरा मैदान) वारासिवनी में किया जा रहा है। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने के इच्छुक जोड़ों से आवेदन 23 फरवरी 2026 (सोमवार) से 05 मार्च 2026 (गुरुवार) शाम 5ः00 बजे तक कार्यालय जनपद पंचायत वारासिवनी में स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक शर्तें

आवेदन वर एवं वधु को स्वयं उपस्थित होकर समस्त दस्तावेजों एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित जनपद पंचायत वारासिवनी कार्यालय में जमा करना होगा। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदक का समग्र ई-केवाईसी अनिवार्य है। समग्र आईडी में वर/वधु की वैवाहिक स्थिति अविवाहित/तलाकशुदा दर्ज होना आवश्यक है। वर की आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं वधु की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होना अनिवार्य है। वधु का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। आवश्यक दस्तावेजों में समग्र आईडी की नवीन प्रति, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आयु प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, तीन पासपोर्ट साइज फोटो, वधु के स्वयं के बैंक खाते की पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र शामिल हैं। कन्या के अभिभावक या पालक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले होना चाहिए तथा बीपीएल पोर्टल पर इसका सत्यापन अनिवार्य है।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार सामूहिक विवाह मं अधिकतम 200 जोड़ों की सीमा निर्धारित है। किंतु इस तिथि 19 मार्च 2026 को अन्य जनपद (जनपद पंचायत बालाघाट) में भी सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित होने के कारण जनपद पंचायत वारासिवनी में अधिकतम 100 जोड़ों का ही पंजीयन किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र जोड़े अंतिम तिथि से पूर्व कार्यालय जनपद पंचायत वारासिवनी में आवेदन प्रस्तुत कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कन्या का विवाह/निकाह कराने पर 49 हजार रुपये की राशि सीधे नववधु के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है और 06 हजार रुपये की राशि सामूहिक विवाह कार्यक्रम को आयोजित करने वाले संबंधित निकाय या संस्थाक को दिया जाता है। इस प्रकार इस योजना में विवाह कराने पर पात्र जोड़ों को कुल 55 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है।

# वैदिक मंत्रोच्चारों के साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कर भंडारे मे महाप्रसादी का किया वितरण

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। तहसील मुख्यालय ग्राम किरनापुर मे नव निर्मित किरणेश्वर शिव मंदिर धाम में परमपूज्य श्री 1008 श्री किरनाई माता जी की असीम अनुकम्पा से भगवान श्री भोलेनाथ, संकटमोचन श्री हनुमान जी महाराज एवं श्री शनि देव जी के साथ नवग्रह प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारों के साथ की गई। इस कड़ी मे 14 फरवरी को श्री गणेश पूजन पंचांग पीठ पीठ पूजन एवं जलाधिवास कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा ग्राम मे भव्य कलश शोभायात्रा निकालकर समस्त ग्रामवासियों को आमंत्रित किया गया था।तथा 15 फरवरी को पीठ पूजन एवं विविध अधिवास, अग्नि स्थापना,16 फरवरी को घृताधिवास, बिल्वपत्राधिवास, धूपधिवास एवं निरंतर पूजन पाठ,17 फरवरी को सहस्त्रधारा स्नान, भव्य नगर भ्रमण एवं शयनाधिवास एवं 18 फरवरी को इन समस्त कार्यक्रमों के अनुष्ठान आचार्य श्री महेश प्रसाद मिश्रा उत्तरप्रदेश, मनीष प्रसाद मिश्रा, एवं राजेन्द्र प्रसाद तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारों के साथ सम्पन्न कराए।सम्पन्न कराए गए। तत्पश्चात् पूर्णाहुति देकर भंडारा आयोजित कर महाप्रसादी वितरण किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने उपस्थित होकर महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्यलाभ प्राप्त किया। इस दौरान हर हर महादेव,ओम नमः शिवाय के जयघोष लगते रहे।



इन समस्त कार्यक्रमों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने मे समिति अध्यक्ष अशोक जांगड़े, उपाध्यक्ष संतोष सिल्हारे, सचिव राहुल सारंगपुरे, कोषाध्यक्ष बी आर राउत, संरक्षक गौरी राकेश उपवंशी, सदस्य अमित असाटी, रतनलाल गट्टानी, मंगल रहेकवार, राजेन्द्र श्रीवास्तव, डी.डी.मेश्राम, डीकाराम खुश्यालराम बहेकार, संजू पांचे, गोपी अग्रवाल, सुमित रहेकवार, अजय मर्सकोले, लाला सोनी, राजेश सिल्हारे, बेनी अग्रवाल, अंकुश पचभैया, नरेन्द्र अग्रवाल, मोनू तारन, राजेन्द्र बर्वे, उमेश राकड़े, राकेश यादव, पराग मोदी, आशीष सोनी, डी.डी. मेश्राम, कंचन लिल्हारे, बलिराम बर्वे, नन्दु पांचे, दीपक माने, पवन अग्रवाल, नन्दु राखड़े, मेघवेन्द्र शुक्ला, खुमेश नेवारे, नरेन्द्र मेश्राम, आशिष मेश्राम, विजय मानदाता, विष्णु ट्रेडर्स, शिवचरण अग्रवाल, थानसिंह बोपचे, अरूण पाराशर, लखन यादव, सिम्पी ताजर, अतुल अर्जुनवार, अंकित सारडा, एम.आर. बागड़े, गणपत भैया, नितीन मिश्रा, रोजश किसान, गुल्लु पटेल, अखिलेश राणा, पप्पू नेवारे, सहकारी मर्या. संस्था के समस्त कर्मचारी एवं समस्त ग्रामवासीयो का सराहनीय सहयोग रहा।

# जनगणना-2027 के लिए चार्ज अधिकारियों के 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। आगामी दिनों में होने वाली जनगणना-2027 के लिए बालाघाट जिले में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इसी कड़ी में 19 फरवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 205 में चार्ज अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदाय किया गया, जिसमें बालाघाट जिले के प्रभारी जनगणना अधिकारी रोहित पाण्डे एवं श्री सोनी द्वारा जनगणना के सभी पहलुओं के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से बताया गया। इस दौरान सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नगर पालिकाओं के सीएमओ उपस्थित थे।




प्रशिक्षण में बताया गया कि बालाघाट जिले में कुल 12 तहसीलें, 06 नगरीय क्षेत्र एवं 1397 ग्राम शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की जनगणना के लिए संबंधित तहसीलदारों को और नगरीय क्षेत्रों के लिए संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को चार्ज अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक ग्राम और प्रत्येक नगरीय वार्ड में कम से कम एक प्रगणक की नियुक्ति की जाएगी। जनगणना का कार्य 01 मई से 30 मई तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी दर्ज करेंगे। प्रगणकों के कार्य पर निगरानी रखने के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किये जा रहे हैं। जनगणना के दौरान घर का प्रकार, उपलब्ध सुविधाएँ (जैसे बिजली, पानी आदि), परिवार के सदस्यों की संख्या, प्रत्येक सदस्य की आयु, लिंग, शिक्षा, व्यवसाय, भाषा, धर्म, सामाजिक समूह/जाति आदि से संबंधित कुल 33 प्रकार की जानकारी संकलित की जाएगी। यह कार्य सावधानी पूर्वक करना है। प्रशिक्षण में बताया गया कि नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए Self Enumeration (SE) पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना की व्यवस्था की गई है। यह पोर्टल 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सक्रिय रहेगा। इस अवधि में नागरिक स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। अधिक से अधिक लोगों द्वारा ऑनलाइन स्व-गणना किए जाने से प्रगणकों के कार्य में सुविधा होगी और जनगणना प्रक्रिया सुगम बनेगी। आमजन को स्व-गणना के लिए प्रोत्साहित करें।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना-2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। इसमें प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जायेगा तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में की जायेगी। जिसकी संदर्भ तिथि 01 मार्च 2027 को रात्रि 00ः00 बजे निर्धारित की गई है।

# रामपायली में श्याम कीर्तन का भव्य आयोजन २२ फरवरी को

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी/रामपायली। स्थानीय महिला मंडल रामपायली के द्वारा नगर में आगामी २२ फरवरी की संध्या शाम ७.३० बजे से श्री श्याम कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया है। जिसमें नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालु जनों श्रोता जनों से अधिक से अधिक संख्या पहुंचने की अपील की गई है। महिला मंडल सदस्य श्रीमती गीता अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम कीर्तन का आयोजन महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित किया गया है । जिसमें भजन प्रवाहक गर्व अग्रवाल गोंदिया और भजन प्रवाहिका सोनाली नागेश्वर बालाघाट के मधूर कंठो से श्याम कीर्तन का भव्य रूप में आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम श्री राम मंदिर प्रांगण गांधी चौक में किया जाना निश्चित है।



# जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की 20 फरवरी को बैठक

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में पर्यटन संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से जिले में उपलब्ध प्राकृति संसाधनों के आधार पर पर्यटन की संभावनाओं को विकसित किया जाकर पर्यटन के क्षेत्र में बहुउद्देश्यीय कार्य कराये जा रहे है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में 20 फरवरी को परिषद की बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी।

# चौपाल लगाकर किरनापुर पुलिस गांव गांव चला रही जागरूकता अभियान

पद्मेश न्यूज। किरनापुर। पुलिस थाना किरनापुर द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय से मिले निर्देशों का पालन करते हुए गांव गांव चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी मे क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा में ग्राम पंचायत सरपंच भजन बिसेन की अध्यक्षता एवं ग्राम पंचायत जामडी सरपंच गुनीराम बोहरे,उपनिरीक्षक दामेंद्र तुरकर, रमेश बिसेन, उमेश मिश्रा, राघवेंद्र टेकाम अरविंद जाटव सहित विभागीय अमले के अन्य कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सदस्यो की प्रमुख उपस्थिति में ग्राम चौपाल लगाकर स्कूली बच्चों, ग्रामीण नागरिकों को जागरूक किया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक दामेंद्र तुरकर ने बताया कि सभी को साइबर अपराध से सतर्क रहना चाहिए। किसी भी अंजान व्यक्ति एवं मोबाइल पर ओटीपी ना दे। अननोन लिंक को ओपन ना करें, मोबाइल पर यदि कोई दबाव भी देता हो कि के वाय सी नही होने पर आपका खाता ब्लॉक हो जाएगा। तो उसके बहकावे मे ना आए सतर्क रहे। वही दुपहिया वाहन चालक घर से निकलते समय सफर के दौरान हेलमेट अवश्य पहन कर निकले जीवन अनमोल हैं इसे व्यर्थ ना गंवाए। नशे से दूर रहे, किसी भी प्रकार का नशा शराब, सिगरेट, अफ़ीम गांजा,चरस का सेवन नहीं करें। अपरिचित एवं अंजान व्यक्तियो के साथ साथ बाहर से आकर रहने वाले किरायदारों की पूरी जानकारी पुलिस को दे। सभी सतर्क रहें, जागरूक रहें, सजग रहें और सुरक्षित रहें। तथा एक अच्छे भारतीय नागरिक होने के कर्तव्य निभाए। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत ग्राम चौपाल कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे ग्रामीण नागरिकों की मौजूदगी रही।




# जिले के लिए 250 वरिष्ठ नागरिक रामेश्वर-मदुरई तीर्थ दर्शन के लिए रवाना

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 19 फरवरी को जबलपुर से नैनपुर-बालाघाट होते हुए विशेष ट्रेन रामेश्वरम-मदुरई तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुई है। इसमें बालाघाट जिले के 250 वरिष्ठ नागरिकों को रामेश्वर-मदुरई तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया गया है। बालाघाट रेलवे स्टेशन से यह ट्रेन 19 फरवरी को शाम 07 बजकर 07 मिनट पर रामेश्वरम-मदुरई के लिए रवाना हुई है। तीर्थ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का कलेक्ट्रेट कार्यालय में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक द्वारा हार पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया और उन्हें तीर्थ यात्रा के लिए शुभकामना दी गई।

बालाघाट रेलवे स्टेशन पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, जोनल रेल सलाहकार समिति के सदस्य मोनिल जैन, पिछडा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, नगर पालिका के पार्षद, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक की उपस्थिति में तीर्थ यात्रियों को रामेश्वरम यात्रा के लिए रवाना किया गया।

### एनपी बनवाले का रामेश्वरम तीर्थ यात्रा का सपना हुआ साकार

भटेरा चौकी, वार्ड नंबर 2 निवासी 75 वर्षीय एन.पी. बनवाले के लिए राज्य सरकार की तीर्थ दर्शन योजना एक नई उम्मीद बनकर आई है। योजना के अंतर्गत उनका चयन होने पर परिवार में खुशी का माहौल है। राज्य सरकार द्वारा संचालित तीर्थ दर्शन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद नागरिकों को देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराने का अवसर प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से चयनित हितग्राहियों को निःशुल्क यात्रा, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

एन.पी. बनवाले ने बताया कि लंबे समय से वे रामेश्वरम तीर्थ दर्शन यात्रा पर जाने की इच्छा रखते थे, उन्होंने पहले भी इस योजना का लाभ लेना चाहा लेकिन किन्हीं कारणों से उनका चयन नहीं हो पाया था लेकिन इस बार उनका चयन हो गया है। उनका रामेश्वरम जाने का सपना साकार होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से न केवल उन्हें बल्कि उनके जैसे कई जरूरतमंद लोगों को आध्यात्मिक यात्रा का अवसर मिल रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी इसे सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुंचनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के वरिष्ठ नागरिक जिनमें 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के व्यक्ति शामिल हो (महिलाओ को 02 वर्ष की छूट) तथा जो आयकर दाता नही हो को प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न तीर्थ स्थानों में से एक या युग्म तीर्थों की यात्रा सुलभ कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना लागू की गई है। तीर्थ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के भोजन, नास्ता एवं रहने आदि की व्यवस्था शासन द्वारा उपलब्ध करायी जाती है।

# भारत रिजर्व 36वीं बटालियन कनकी का जवान गिरफ्तार!!

## अपराध: बालाघाट समेत भिंड के कई युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने का सब्जबाज दिखाकर लुटा

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**नौकरी लगवाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने 36 बटालियन के एक जवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी मूलतः ग्वालियर संभाग के भिंड जिले का निवासी बताया जा रहा है और 36 बटालियन में ट्रेडमैन पद पर पदस्थ है। आरोपी ने सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाकर बालाघाट सहित भिंड जिले के कई युवाओं और उनके परिजनों से रकम ली। प्रारंभिक जांच में लाखों रुपये से अधिक की राशि वसूले जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अपने पद और पहचान का प्रभाव दिखाकर लोगों का विश्वास जीता और नियुक्ति प्रक्रिया में सहायता का आश्वासन दिया। जब लंबे समय तक नौकरी नहीं लगी और टालमटोल शुरू हुई, तब पीड़ितों को ठगी का संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है। मामले में अन्य पीड़ितों और संभावित सहयोगियों की भी जांच की जा रही है।**



बीते कुछ वर्षों में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पूर्व में भी ग्वालियर क्षेत्र के एक युवक द्वारा वन विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रुपये लेने और यहां तक कि बीट दिखाकर वर्दी तक देने का मामला उजागर हो चुका है। अब उसी तरह का एक और प्रकरण कोतवाली थाने में दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर संभाग के भिंड जिले के निवासी सुरेंद्र दिवाकर पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि वह 36 बटालियन में ट्रेडमैन के पद पर पदस्थ है। उस पर अपने परिचितों सहित बालाघाट जिले के चार से अधिक युवकों से लगभग लाखों रुपये से अधिक की राशि लेने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार सुरेंद्र दिवाकर लंबे समय से सरकारी नौकरी लगवाने का भरोसा देकर रकम लेता था। जब काफी समय बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगी और न ही रकम वापस की गई, तब पीड़ितों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने भिंड से आरोपी को गिरफ्तार कर बालाघाट लाया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में अभी आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान और भी लोगों से रकम लेने की जानकारी सामने आ सकती है। आशंका जताई जा रही है कि ठगी की कुल राशि 30 लाख रुपये से अधिक हो सकती है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और अन्य संभावित पीड़ितों की जानकारी भी एकत्र की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति के साथ भी इस प्रकार की ठगी हुई है तो वे आगे आकर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि कार्रवाई की जा सके।

## आरोप: बिना ऑनलाईन टेंडर निकाले निजी ट्रेक्टर में डीजल भरा गया!!

# डीजल घोटाले के छींटे नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन पर भी!!

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**नगर पालिका बालाघाट के उपाध्यक्ष पर निजी लाभ के लिए पद के अधिकारों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए की गई शिकायत के बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बिना ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया अपनाए निजी ट्रैक्टर वाहन में डीजल डलवाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक द्वारा तीन दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश नगर पालिका बालाघाट को जारी किए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि शासकीय कार्यों के नाम पर निजी संसाधनों का उपयोग कर वित्तीय अनियमितता की गई है।**

बालाघाट नगर पालिका में डीजल खर्च से जुड़ा मामला पहले से ही सुर्खियों में बना हुआ है। नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर पर अनियमितताओं के आरोप लग चुके हैं और उनके विरुद्ध उन्हीं की पार्टी के पार्षदों व पार्षद प्रतिनिधियों द्वारा न्यायालय में याचिका दायर की गई है। इस प्रकरण की जांच अभी लंबित है और मामला पूरी तरह शांत भी नहीं हुआ था कि अब उपाध्यक्ष पर भी डीजल में अनियमितता के आरोप सामने आ गए हैं। सूत्रों के




अनुसार नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन के विरुद्ध उन्हीं की पार्टी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ भाजपाई तथा वर्तमान भाजपा पार्षद द्वारा संयुक्त संचालक कार्यालय, जबलपुर संभाग में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उपाध्यक्ष ने अपने पद के अधिकारों का दुरुपयोग किया तथा बिना ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया अपनाए अपने निजी ट्रैक्टर वाहन में डीजल डलवाया। बताया जा रहा है कि 17 फरवरी को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय से मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी.डी कतरोलिया को पत्र जारी किया गया है। पत्र में शिकायत के संदर्भ में तीन दिनों के भीतर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अभी नगर पालिका अध्यक्ष पर लगे डीजल प्रकरण की चर्चा ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि उपाध्यक्ष पर भी इसी तरह की अनियमितता का मामला सामने आने से नगर पालिका और शहर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। दिनभर इस मुद्दे को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। जब हमारे द्वारा इस पूरे मामले को लेकर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी.डी कतरोलिया से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया , वहीं नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन भी इस मामले में अभी खुलकर सामने नहीं आए हैं।

# पति की बेरहमी- चरित्र शक पर मारपीट, दाहिना पैर तोड़ा

### किरनापुर के थाने के ग्राम मर्री की घटना

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मर्री में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को लकड़ी से बेरहमी पूर्वक मार कर उसका दाहिना पैर ही तोड़ दिया। पति द्वारा की गई मारपीट में घायल महिला ललिता पति मनीष राउत 30 वर्ष का इलाज गोंदिया के अस्पताल में किया गया। किरनापुर पुलिस ने इस मामले में इस महिला के पति मनीष पिता कुंजीलाल राउत 32 वर्ष ग्राम मर्री निवासी के विरुद्ध मामला कायम कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ललिता का मायका पुरगाव जिला गोंदिया का है। 2016 में मनीष राउत ने ललिता से प्रेम विवाह किया था। जिनके दो बच्चे हैं। ललिता ग्राम मर्री में अपने पति दो बच्चे और सास ससुर के साथ में ही रहती थी। बताया गया है कि ललिता का पति मनीष ट्रक ड्राइवर है और वह शराब पीने का आदि है और वह हमेशा ललिता से झगड़ा विवाद करते रहता था और उसके चरित्र पर शक कर मारते पीटते रहता था। 3 फरवरी की शाम 4=30 बजे जब ललिता अपने घर में थी सास खेत गई थी और ससुर घर में ही थे। तभी ललिता का पति मनीष शराब पीकर घर आया और और उसने ललिता के चरित्र पर शक कर उसे बेरहमी से मारपीट किया। सर दीवाल में पटक दिया और लकड़ी से मारपीट कर उसका दाहिना पैर तोड़ दिया। जिसके बाद मनीष ने ललिता की मां को फोन करके बताएं कि मैं आपकी लड़की का पैर तोड़ दिया हूं और अपने गांव लेकर नहीं गए तो दूसरा पैर तोड़ देने की धमकी दिया। 7 फरवरी की रात 12=30 बजे ग्राम पुरगांव से ललिता की मां और अन्य लोग आए और उन्होंने ललिता को पुरगांव ले गए। दूसरे दिन रिपोर्ट करने के लिए गोंदिया पुलिस थाना पहुंचे। गोंदिया पुलिस ने घायल ललिता को गोंदिया के के टी अस्पताल में भर्ती किया। गोंदिया पुलिस ने ललिता का बयान लेकर उसके पति मनीष राउत के विरुद्ध इस मामले में धारा 118(2),352,351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस डायरी पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट को भेजी गई थी। किरनापुर पुलिस ने मनीष राउत के विरुद्ध इस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

## बैहर रोड पर भीषण सड़क हादसा : पिकअप और यात्री बस की आपस में भिड़ंत

# बस और पिकअप चालक सहित आधा दर्जन से अधिक घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बैहर मार्ग पर स्थित लोगुर घाटी और चिखलाझोड़ी के बीच बुधवार दोपहर लगभग 4:30 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गया। तेज रफ्तार यात्री बस और पिकअप वाहन के बीच हुई आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत में दोनों वाहनों के चालक सहित आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए और चालक उसमें बुरी तरह फंस गया था। दुर्घटना में चार घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया जिनमे पिकअप चालक राखीलाल पिता लक्ष्मण ब्रम्हे 58 वर्ष निवासी परसवाड़ा और बस चालक केवेंद्र पिता शिवबालक अंगारे 26 वर्ष ग्राम जगला मंडई थाना बिरसा निवासी को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया अन्य दो घायल हमालआकाश पिता गोपाल सिंह टेकाम 18 वर्ष ग्राम डोरा,सुखलाल पिता कोहलू सिंह मर्सकोले 25 वर्ष ग्राम खुड्डीपुर डोरा निवासी का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 फरवरी को दोपहर 4=30बजे पिकअप चालक राखीलाल ब्रम्हे ग्राम दीनाटोला से चार कट्टी चना लोड कर बालाघाट की ओर आ रहे थे। उनके साथ पिकअप में दो हमाल आकाश टेकाम,सुखलाल मर्सकोले सवार थे।जब पिकअप चिखलाझोड़ी से लोगुर की ओर आ रही थी। उसी दौरान बालाघाट की ओर से तेज गति से आ रही यात्री बस ने पिकअप को अपनी चपेट में ले लिया। बस और पिकअप की जबरदस्त भिढ़ंत में पिकअप के पर खर्च उड़ गए जिसमे पिकअप चालक राखी लाल ब्रम्हे पिकअप में बुरी तरह फंस गया। मौके पर मची अफरा-तफरीमच गई। आसपास के मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकले बाहर निकाले।इस दुर्घटना में बस चालक केवेंद्र अंगारे भी गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में सवार कुछ यात्रियों को भी मामूली चोटें आई।हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर भीड़ एकत्र हो गई और सभी घायलों को निजी वाहनों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया।जिनमे गम्भीर रूप से घायल बस चालक केवेंद्र अंगारे,पिकअप चालक राखीलाल ब्रम्हे जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है अन्य दो घायल आकाश टेकाम,सुखलाल मर्सकोले का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया जा रहा है। इस सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही रूपझर पुलिस थाने से सहायक उप निरीक्षक जे डी पटले भी जिला अस्पताल पहुंच चुके थे जिन्होंने मौके की प्रारंभिक कार्रवाई की।जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे ने मोके की कार्यवाही करते हुए घायल आकाश टेकाम के बयान दर्ज कर लिए हैं। इस दुर्घटना की आगे जांच सहायक उप निरीक्षक श्री पटले द्वारा की जा रही है।बालाघाट-बैहर मार्ग, विशेषकर लोगुर घाटी और चिखलाझोड़ी क्षेत्र, घुमावदार मोड़ों और ढलानों के कारण पहले भी दुर्घटनाओं के लिए चर्चित रहा है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464




संयुक्त क्रांति पार्टी
आवश्यकता है
• एमबीए-पालीटिक्स+मानव संसाधन-1 पद
• एमबीए-मार्केटिंग, आर्गनाइजेशन एवं मानव संसाधन-6 पद
• स्टेनो शार्टहेंड टाइपिस्ट हिन्दी+इंग्लिश-1 पद
• ड्राइवर एक्सपर्ट-2 पद
• कुक एक्सपर्ट-1 पद ( नेपाली 'गोरखा' को प्राथमिकता )
-साक्षात्कार- दिनांक 27/02/2026
सम्पर्क- किशोर समरीते, राष्ट्रीय अध्यक्ष, संयुक्त क्रांति पार्टी
स्थान-वार्ड नंबर 3 लांजी, तहसील लांजी, जिला बालाघाट
मोबाइल नंबर-9424664203
निवेदक-संयुक्त क्रांति पार्टी




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट